बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 14 मई 2024
वर्ष 34, अंक 107, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारी बर्फबारी बन सकती है भूकंप का कारण 16

वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख 15

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी का निधन

पटना, एजेंसी



- छह माह से कैंसर से थे पीड़ित, 13 साल बिहार के रहे डिप्टी सीएम

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार रात निधन हो गया। भाजपा की बिहार इकाई ने यह जानकारी दी। सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे। भाजपा की बिहार इकाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी के निधन से भाजपा परिवार अत्यंत दुखी है।

मोदी ने खुद 3 अप्रैल को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर बताया था कि वह पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहे हैं। मोदी के सचिव शैलेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि मोदी का पटना में गंगा तट पर अंतिम संस्कार होगा। 5 जनवरी 1952 को पटना में जन्मे सुशील कुमार मोदी साढ़े तीन दशक से बिहार की राजनीति पर छाए रहे। वे करीब 13 वर्षों तक बिहार के उपमुख्यमंत्री भी रहे।

## 10वीं में 93.60 और 12वीं में 87.98 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण, सर्वोच्च स्थान पाने वाले मेधावियों को मिलेगा मेरिट प्रमाण पत्र

# सीबीएसई के नतीजे घोषित : शिखर पर फिर छात्राएं

- दोनों ही कक्षाओं में त्रिवेंद्रम रीजन का सबसे अच्छा प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सीबीएसई की ओर से सोमवार घोषित किए गए नतीजों के अनुसार 10वीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्राएं जबकि 12वीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि 12वीं की परीक्षा में 85.12 प्रतिशत और 10वीं की परीक्षा में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं।

बोर्ड ने पहले 12वीं के नतीजे घोषित किए और उसके करीब एक घंटे बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिए। इस बार सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में जहां 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 10वीं की परीक्षा में 93.60 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस बार सीबीएसई सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसे छात्रों को उनका सीबीएसई मेरिट सर्टिफिकेट उनके डिजिलॉकर अकाउंट में मिल जाएगा।

इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में कुल 22,38,827 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए हैं। सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 93.60 रहा है, जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस बार 12वीं में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 0.65 प्रतिशत अधिक सफल हुए हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है। सीबीएसई की 12वीं के नतीजे में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेन्द्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बना है। वहीं, प्रयागराज का परिणाम 78.25 प्रतिशत के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है।

वहीं, 10वीं कक्षा में भी त्रिवेंद्रम रीजन का नतीजा 99.75 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ रहा है। दूसरे नंबर पर 99.60 प्रतिशत के साथ के साथ विजयवाड़ा क्षेत्र है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई क्षेत्र है। सबसे खराब नतीजा गुवाहाटी क्षेत्र का 77.94 प्रतिशत है।

दिल्ली क्षेत्र में 2,95,792 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी और 2,80,925 छात्र सफल हुए हैं। दिल्ली में 94.97 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।

### पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होंगी

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई को शुरू होगी। बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को यह घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख विद्यार्थियों को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है।

### 10वीं में सबसे अधिक नंबर गणित में मिले 12वीं में चित्रकला में

सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं जबकि 12वीं कक्षा में छात्रों ने सबसे अधिक यह उपलब्धि चित्रकला विषय में हासिल की है। आंकड़ों के मुताबिक 10वीं कक्षा में 11,253 छात्रों ने गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके बाद संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का स्थान है जिनमें क्रमश: 6700 और 6,269 विद्यार्थियों ने यह कारनामा कर दिखाया। 12वीं कक्षा में 10,402 विद्यार्थियों ने चित्रकला में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।




## प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

# चौथे चरण में 58.09% मतदान

- खीरी में सबसे ज्यादा 64.73, कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत वोटिंग
- शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 53.31 प्रतिशत मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 58.09 प्रतिशत मतदान हुआ। खीरी में सबसे ज्यादा 64.73 प्रतिशत व कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 53.31 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक शाहजहांपुर (अजा) सीट पर 53.24 प्रतिशत, धौरहरा में 64.45 प्रतिशत, सीतापुर में 61.91 प्रतिशत, हरदोई (अजा) में 57.57 प्रतिशत, मिश्रिख (अजा) में 55.79 प्रतिशत, उन्नाव में 55.44 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 58.97 प्रतिशत, इटावा (अजा) में 56.38 प्रतिशत, कन्नौज में 61 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.66 प्रतिशत व बहराइच (अजा) में 57.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष रखे जाने व प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए कुल 14,126 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 5420 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी।

पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियों (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवाएं व मतदान कार्मिक) में 35,045 मतदाताओं ने मतदान किया।

**दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद**

इस चरण में कई दिग्गज नेताओं समेत 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। दिग्गज प्रत्याशियों में कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, खीरी से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, भाजपा सांसद साक्षी महाराज, सपा से अन्नू टंडन आदि शामिल हैं।

### 10 राज्यों की 96 सीटों पर 63 प्रतिशत वोटिंग

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए करीब 63 प्रतिशत मतदान हुआ। तेलंगाना की सभी 17 लोकसभा सीट, आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ।



वोट डालने के बाद प्रसन्न मुद्रा में अजय मिश्र टेनी।

### मतदान के दौरान आईं 150 शिकायतें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर 150 शिकायतें मिलीं। इनमें ईवीएम खराब होने, फर्जी मतदान होने आदि शामिल हैं। जांच कराने पर शिकायतें सही नहीं पाई गईं। सबसे ज्यादा शिकायतें कन्नौज व सबसे कम खीरी से दर्ज हुईं। मॉक पोल के दौरान कुल 131 बैलेट यूनिट, 210 कंट्रोल यूनिट व 286 वीवीपैट बदले गए व मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक कुल 53 बैलेट यूनिट, 53 कंट्रोल यूनिट व 201 वीवीपैट बदले गए। ददरौल में मॉक पोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, तीन कंट्रोल यूनिट व पांच वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व तीन वीवीपैट बदले गए। शिकायतें आने पर समय पर ईवीएम को बदला गया।

### ईवीएम की सुरक्षा अर्द्ध सैनिक बलों को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

### एक नजर

**केजरीवाल को पद से हटाने की याचिका खारिज**



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि ऐसी मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

## राहुल वोट मांगते हैं रायबरेली से, समर्थन पाते हैं पाकिस्तान से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी ने पूछा-आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं
- गाय हमारी माता है, इसे काटोगे तो हो जाएगा दो-दो हाथ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों के लिए बाराबंकी, रायबरेली और बांदा लोकसभा सीटों के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राहुल भले ही वोट रायबरेली से मांगते हैं मगर उन्हें समर्थन पाकिस्तान से मिल रहा है। योगी ने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं।

कांग्रेस को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय हमारी माता है, अगर इसे काटोगे तो दो-दो हाथ तय है। बाराबंकी के हैदरगढ़ में योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास घोटालों का रहा है। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए वोट की अपील की। रायबरेली के सरेनी में मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की।

### पाकिस्तान में एक किलो आटे के लिए मारामारी

बांदा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते योगी ने कहा कि देश में 80 करोड़ जरुरतमंदों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। वहीं, आज एक अखबार में छपा है कि पाकिस्तान में एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है। वहां दंगे हो रहे हैं। बोले कि पीओके में लोग भारत का हिस्सा बनने को आंदोलित हैं क्योंकि उनका मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

## लखनऊ के 8 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

### सभी स्कूलों को एक ही समय भेजा गया ई-मेल, आनन-फानन की गई छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सेंट मैरी स्कूल में पुलिस ने कक्षाओं को कराया खाली।

- पीजीआई, गोमतीनगर विभूतिखंड, आलमबाग सरोजनीनगर, जानकीपुरम व सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में हैं स्कूल
- पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने सवा घंटे तक स्कूलों में की छानबीन

**अमृत विचार:** राजधानी के आठ स्कूलों को सोमवार सुबह ई-मेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। प्रधानाचार्यों ने आनन-फानन पुलिस को सूचना देकर स्कूलों में छुट्टी कर दी। अभिभावकों को सूचना देकर बच्चों को कमरों से बाहर निकालकर खुले मैदान में लाया गया। पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने सवा घंटे तक स्कूलों में छानबीन की लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस मामले में कमिश्नरेट पुलिस के अलावा, साइबर क्राइम टीम, एटीएस और एसटीएफ ने जांच शुरू कर दी है। गोमतीनगर के विरामखंड स्थित विबग्योर स्कूल, पीजीआई के एलपीएस, आलमबाग एलपीएस, विभूतिखंड के विकल्प खंड स्थित सेंट मैरी इंटर कॉलेज, विराज खंड स्थित जागरण पब्लिक स्कूल, सैनिक स्कूल सरोजनीनगर, पायनियर स्कूल जानकीपुरम और सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के जीडी गोयनका स्कूल को सोमवार सुबह एक ही तरह के मेल भेजे गए थे। राजधानी के पांच स्कूलों में धमकी भरा मेल मिलने के बाद खुफिया विभाग अलर्ट हो गया। लोकसभा चुनाव के बीच इस तरह के धमकी भरे मेल आने से शासन ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है।

> सूचना मिलने के बाद सभी स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया। लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। मेल के आईपी एड्रेस का पता लगाया जा रहा है। साइबर क्राइम सेल, एटीएस, एसटीएफ की मदद ली जा रही है।
>
> – **प्रबल प्रताप सिंह**, डीसीपी पूर्वी

### जयपुर के 50 से अधिक स्कूलों में भी बम विस्फोट की धमकी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की राजधानी जयपुर के 50 से अधिक स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये मिली। शहर के स्कूलों को यह धमकी जयपुर में सिलसिलेवार बम धमाकों की 16वीं बरसी पर दी गई। साल 2008 में आज ही के दिन जयपुर में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे जिसमें 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 अन्य घायल हुए थे। शहर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि पुलिस दल, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों को स्कूलों में भेजा गया। स्कूल भवनों की जांच पड़ताल की गई हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उधर, बेंगलुरु के छह निजी अस्पतालों को ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई लेकिन यह अफवाह निकली।

## दिल्ली सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल से अभद्रता

**नई दिल्ली** : दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य द्वारा उन पर हमला किए जाने का आरोप लगाया। मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचीं और यह आरोप लगाया। पुलिस को अब तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके. मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल आया जिसमें महिला ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में उनपर हमला हुआ है।

## मोदी के रोड शो में हुई पुष्प वर्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मानो कोई भव्य बरात हो और उसमें अधिकांश काशीवासी शामिल हों। इस दौरान बुजुर्ग, युवा, महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते बना। मौका था नामांकन से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो का। वाराणसी के इस रोड शो में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। पुष्प वर्षा के बीच मोदी खुले वाहन में सवार होकर वाराणसी की सड़कों पर निकले और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

लगभग पांच हजार से ज्यादा महिलाएं मोदी के स्वागत के लिए आगे आगे चल रही थीं। मुस्लिम महिलाएं भी स्वागत को आगे आईं। प्रधानमंत्री के साथ वाहन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे। रोड शो के रास्तों पर हर तरफ शंख और शहनाई गूंज रही थी। हर-हर महादेव का उद्घोष भी हो रहा था। मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का दावा करने वाली हिमांगी सखी भी रोड शो में पहुंचीं।



रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

### पीएम आज करेंगे नामांकन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को वाराणसी संसदीय सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा शासित और गठबंधन वाले 12 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

## छह लोगों की हत्या मामले की जांच करने पहुंची एसटीएफ

सीतापुर

**अमृत विचार।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के छह लोगों की हत्या मामले की जांच एसटीएफ ने शुरू कर दी है। सोमवार को सीतापुर पहुंची एसटीएफ टीम ने घटनास्थल एवं साक्ष्यों का अवलोकन किया। एसटीएफ के एएसपी अमित नागर के नेतृत्व में टीम ने हत्या के मास्टरमाइंड बताए जा रहे अजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। टीम ने सोमवार को घटना का रिक्रिएशन सीन भी किया। बताया गया कि लगातार पूछताछ में अजीत हत्या करने की बात कभी स्वीकार कर रहा तो कभी चुप्पी साध ले रहा है। घटना में शामिल लोगों के नाम पूछने पर भी वह कुछ स्पष्ट नहीं बोल रहा। हत्या करने को लेकर अजीत की हां और ना जांचकर्ताओं के लिए चुनौती बन गया है। फिलहाल, घटना के जल्द खुलासे के लिए एसटीएफ टीम ने जांच और तेज कर दी है।

> साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात प्रथम दृष्टया यह लगता है कि वारदात को एक से अधिक लोगों ने अंजाम दिया है। आईजी रेंज भी जांच कर रहे हैं। मुख्यालय से भी पल-पल की रिपोर्ट ली जा रही है। दोषी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
>
> – **अमिताभ यश**, एडीजी, कानून-व्यवस्था

## छत्तीसगढ़ में 14 इनामी नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने छह महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से 11 के सिर पर कुल 41 लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी-पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने गिरफ्तारियां कीं। उधर, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए जिनमें दो महिलाएं हैं।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में हुई मुठभेड़ में एक पुरुष और दो महिला नक्सली मारे गए।

# मां-बाप की सीट कैसी, क्या इटली से लेकर आए थे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अमित शाह ने एक इंटरव्यू में राहुल गांधी और रायबरेली सीट पर दी प्रतिक्रिया
- बोले, सीट किसी की नहीं होती, जनता चुनती है अपना जनप्रतिनिधि

**अमृत विचार** : गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मां की सीट, बाप की सीट कहने की गांधी परिवार ने मीडिया को आदत डाल दी है। मां की सीट कैसे हो सकती है, इटली से लेकर आए थे क्या? कोई सीट किसी की नहीं होती है। जनता तय करती है कि उनका जनप्रतिनिधि कौन होगा।

अमित शाह सोमवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से लोस चुनाव लड़ने के एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि, दो जगह से चुनाव तो लड़ सकते हैं, लेकिन राहुल ने हार के भय से वायनाड के साथ रायबरेली चुना। यह अच्छी बात नहीं है। पारदर्शिता रखनी चाहिए।

आरक्षण को लेकर अमित शाह ने कहा कि फेक वीडियो क्यों बनाना पड़ा। वह लोग आत्मविश्वास खो चुके हैं। जहां तक आरक्षण का सवाल है। हमारे पास दस साल से पूर्ण बहुमत है। हमने इसका इस्तेमाल आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। धारा 370 हटाने, ट्रिपल तलाक हटाने, राम मंदिर बनाने के लिए पूर्ण बहुमत का इस्तेमाल किया है। आरक्षण पर आघात इन लोगों ने ही किया है। हमने कोई भेद करने वाला काम नहीं किया है।

### 2029 तक मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर की गई अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी पर अमित शाह ने कहा, फिर स्पष्ट कर देता हूं, 2029 तक मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे और 29 के बाद भी वे ही हमारी पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

### केजरीवाल को फिर तिहाड़ जाना है

अरविंद केजरीवाल पर ही अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अमित शाह ने कहा, केजरीवाल की याचिका थी कि मैं दोषमुक्त हूं मुझे रिहा कर दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे नहीं माना, फिर उन्होंने याचिका को मोडिफाई किया और कहा कि हमें बेल दे दीजिए वो भी कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। उसके बाद फिर से याचिका संशोधित की गई और कहा कि चुनाव प्रचार के लिए हमें अंतरिम बेल दीजिए जिसे सुप्रीम कोर्ट ने माना और एक तारीख तक के लिए अंतरिम बेल दी है, दो तारीख को उन्हें फिर से तिहाड़ जाना है।

## एक नजर

### एक माह में खरीदी 50-50 बोरी यूरिया, होगी जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** अप्रैल में 12 किसानों द्वारा 50-50 बोरी यूरिया खरीदी गई। बिक्री संदिग्ध होने पर जिला कृषि अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित विक्रेता को नोटिस जारी किया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर ने अप्रैल में निजी व सहकारी समितियों को मिले उर्वरकों का स्टॉक और बिक्र का पोर्टल से सत्यापन किया। इस दौरान राजाजीपुरम स्थित एक विक्रेता के यहां यूरिया की अधिक बिक्री पाई गई। इसमें टॉप-20 का सत्यापन किया तो 12 किसानों द्वारा एक माह में 50-50 बोरी यूरिया खरीदना पाया। बिक्री संदिग्ध होने पर जांच के निर्देश दिए हैं। बताया कि विक्रेता को नोटिस जारी कर किसानों के विवरण मांगे हैं।

### किसानों को मिलेगा बाजार गांवों में बनेंगे 30 हॉटपैठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में मंडी परिषद द्वारा 30 हॉटपैठ बनाए जाएंगे, जहां किसान अपनी उपज की बिक्री करेंगे। दुकानें किसानों को निशुल्क दी जाएंगी। मार्केट की तरह सुविधाएं मिलेंगी। इस वर्ष जिले के ग्रामीण इलाकों में 30 हॉटपैठ बनाए जाएंगे, जिन्हें एग्रीकल्चर मार्केटिंग हब का नाम दिया जाएगा। हॉटपैठ उपज की बिक्री का बाजार होता है। इसमें टीनशेड के नीचे किसानों को मंडी की तरह एक स्थान मिलेगा। यह मंडी परिषद किसानों को निशुल्क आवंटित करेगा। एक हॉटपैठ करीब 70 लाख रुपये से तैयार होगा। जहां से किसान फल, सब्जी व गल्ला आदि की बिक्री करेंगे। यह हॉटपैठ 2023-24 के हैं, जो इस वर्ष तैयार होंगे।

### दान में आया 52 लाख क्विंटल भूसा, लक्ष्य दूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की गोशालाओं के लिए पशुपालन विभाग ने 1.71 करोड़ क्विंटल भूसा दान में एकत्र करने का लक्ष्य रखा है। इसमें जिलों पर 52 लाख क्विंटल भूसा किसानों द्वारा दान किया गया है। यह लक्ष्य गेहूं की कटाई को देखते हुए जून तक पशु पालन, पंचायती राज व कृषि विभाग के सहयोग से पूरा करना है। लेकिन, इस कार्य में पंचायती राज विभाग गंभीर नहीं है। जबकि गोशालाओं का संचालन ग्राम पंचायत करती हैं। निदेशक पशुपालन विभाग आरएन सिंह ने लोगों से निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा दान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 1.20 करोड़ क्विंटल भूसा वर्षभर के लिए खरीदेंगे। सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को न्यूनतम दरों पर भूसा खरीदने के निर्देश दिए हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमृत विचार, काकोरी :** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के भूहर रेलवे क्रासिंग पर सोमवार रात को एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। भूहर चौकी इंचार्ज शुभम त्यागी के मुताबिक सोमवार रात करीब 11 बजे संतलाल रावत (25) निवासी ग्राम फतेहपुर खामराही थाना बीकेटी मोबाइल पर बात करते हुए भूहर पुल के नीचे रेलवे क्रासिंग पर टहल था इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# धमकी भरे ई-मेल को लेकर तैयार होगा एसओपी

## आए दिन मिल रही धमकी को लेकर पुलिस मुख्यालय ने शुरू की तैयारी

विनय सिंह, लखनऊ

- वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के कारण ई-मेल ट्रेस होने में आती हैं दिक्कतें
- गुजरात से आए ई-मेल को भेजने वाले की लोकेशन मिली थी लाहौर में

**गाइडलाइन जारी की जाएगी**

पुलिस मुख्यालय इसे देखते हुए अब एसओपी जैसी ठोस व्यवस्था करने जा रहा है। अब से इस तरह के ई-मेल आने पर पुलिस कार्मिकों को क्या-क्या करना अनिवार्य है। इसके लिए पूरी गाइडलाइन जारी की जाएगी। ई-मेल फर्जी हो अथवा वास्तविक, पुलिस कार्मिकों गाइडलाइन का पालन करना पड़ेगा। गाइडलाइन में क्या-क्या होगा, इसके लिए पुलिस मुख्यालय रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। जल्द ही एसओपी जारी कर दी जाएगी।

**अमृत विचारः** प्रदेश में विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों आदि में आए दिन बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिलने को लेकर पुलिस मुख्यालय सतर्क हो गया है। विभाग इसके लिए अब ठोस कदम उठाने जा रहा है। ई-मेल मिलने पर जनपद और कमिश्नरेट पुलिस को क्या-क्या करना है, इसके लिए विभाग एसओपी (स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने जा रहा है। इसके बाद से इस तरह के ई-मेल आने पर विभाग हमेशा सतर्कता की स्थिति में रहेगा। हालांकि, पुलिस का यह भी मानना है कि अब तक जितने भी धमकी भरे ई-मेल ट्रेस किए गए, वह दूसरे देशों से भेजे व मिले थे। फिर भी एसओपी इसलिए तैयार किया जा रहा है कि किसी भी धमकी भरे ई-मेल को हल्के में न लिया जाए। फर्जी ई-मेल पर भी गाइडलाइन का पालन हो।

मालूम हो कि विगत एक महीने में वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ आदि जनपदों के विभिन्न स्कूलों और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हो चुके हैं। ऐसे में संबंधित शहर और खासकर अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। धमकी भरे ई-मेल अब पुलिस प्रशासन के लिए भी सिरदर्द बन रहे हैं। इसका मुख्य कारण है ई-मेल का ट्रेस न हो पाना। वीपीएन वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के कारण ई-मेल ट्रेस हो पाने में मुश्किल हो जाती है। अफसरों का कहना है कि मेल कई सर्वर के रूट से होकर आता है। पहले के ई-मेल रूस के सर्वर से आते हुए ट्रेस हुए, अब पता चला है कि पाकिस्तान के सर्वर से आ रहा है। गुजरात में कुछ दिनों पहले जो धमकी भरे ई-मेल आए थे, उसकी लोकेशन लाहौर पाई गई थी। इसके बाद से किसी भी ई-मेल की लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी।



धमकी भरे ई-मेल को ट्रेस करने के लिए साइबर सेल लगातार सक्रिय है। किसी भी धमकी भरे ई-मेल को हल्के में नहीं लेना है, इसके लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव का समय होता है तो ऐसे फर्जी ई-मेल आते रहते हैं। फिर भी सतर्कता बहुत जरूरी है। सतर्कता में किन मापदंडों का पालन होगा इसके लिए जल्द दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

**-अमिताभ यश,** एडीजी, कानून-व्यवस्था

# नामांकन वापस लेंगे अफजाल अब बेटी नुसरत मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाईकोर्ट से अंतिम निर्णय न हो पाने का अफजाल को पहले से था अंदेशा

**अमृत विचारः** सजा को लेकर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान नई तारीख मिलने के बाद गाजीपुर संसदीय सीट से अफजाल अंसारी अपना नामांकन वापस लेंगे। अब अफजाल की बेटी ही अधिकृत उम्मीदवार होंगी। हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 20 मई तय की है। ऐसे में अफजाल के पास चुनाव लड़ने का कोई विकल्प नहीं बचा। आज नामांकन का आखिरी दिन है। इसके बाद नामांकन वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी।

चूंकि अफजाल को हाईकोर्ट से अंतिम निर्णय न हो पाने का अंदेशा पहले से था, इसलिए उन्होंने वैकल्पिक रूप से अपना उत्तराधिकारी पहले से तैयार कर लिया था। उनकी बेटी नुसरत लगातार प्रचार भी कर रही थी। अफजाल अंसारी टीम से जुड़े लोगों ने बताया कि 13 मई को अगर फैसला अफजाल के पक्ष में आता तो अफजाल ही चुनाव लड़ते। इसीलिए अपनी बेटी नुसरत के साथ साथ उन्होंने भी नामांकन करा लिया था। लेकिन अब उनकी बेटी ही चुनाव लड़ेगी।

# अब 5वां चरण सामने, चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर

## बसपा सुप्रीमो ने राजधानी के सरोजनीनगर में, राहुल और प्रियंका ने रायबरेली के महाराज में जनसभा को किया संबोधित



ओमेक्स सीटी पार्क में आयोजित चुनावी सभा के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती।



महराजगंज कस्बे के हनुमानगढ़ी मेला मैदान में जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी।



पंकज गुप्ता के घर पर महिलाओं से बात करतीं कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी।

### अवध क्षेत्र बनेगा अलग राज्य : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा सुप्रीमो ने राजधानी के सरोजनीनगर में आयोजित चुनावी सभा में किया एलान

**अमृत विचारः** उप्र. को चार प्रांतों में बांटने की वकालत करने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आएगी तो अवध क्षेत्रको अलग राज्य बनाया जायेगा। इस राज्य में लखनऊ समेत मोहनलालगंज, रायबरेली और अमेठी आदि जिले शामिल होंगे। साथ ही कहा कि सत्ता में आए तो हमेशा की तरह सर्वजन हिताए के लिए काम करेंगे। चुनाव निष्पक्ष हुए तो भाजपा सत्ता में नहीं आएगी।

बसपा सुप्रीमो, सोमवार को सरोजनीनगर स्थित एसजीपीजीआई समीप ओमेक्स सीटी पार्क में चुनावी सभा संबोधित कर रही थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन के अपने पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि अवध क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि अवध को अलग राज्य बनाया जाए। जनता की भावनाओं के मद्देनजर उनकी सरकार ने नवंबर 2011 में प्रदेश को चार राज्यों पूर्वांचल, पश्चिम प्रदेश, अवध प्रदेश और बुन्देलखंड में बांटने का विधेयक भी पारित किया था। हालांकि, केंद्र की तत्कालीन सरकार ने वापस भेज दिया था।

आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए मायावती ने कांग्रेस व सपा के साथ ही भाजपा को भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव पूर्णतया निष्पक्ष हुए तो भाजपा सत्ता में नहीं आएगी। कांग्रेस की वजह से आज भाजपा केन्द्र की सत्ता में है। बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के आधार पर दलितों और पिछड़ों को आरक्षण नहीं दिया गया है। इतना ही नहीं, सपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नति में आरक्षण को खत्म कर दिया था। सपा के इस कार्य में केन्द्र की तत्कालीन सत्तासीन कांग्रेस और विपक्ष में बैठी भाजपा ने पूरा सहयोग किया था।

### युवाओं को रोजगार देने की गारंटीः राहुल

संवाददाता,महराजगंज/ रायबरेली

- महराजगंज कस्बे के हनुमानगढ़ी मेला मैदान में जनसभा को किया संबोधित

**अमृत विचारः** सोमवार को महराजगंज कस्बे के हनुमानगढ़ी मेला मैदान पहुंचे राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रायबरेली मेरी दो माताओं की कर्मभूमि है। इसीलिए मैं यहां से चुनाव लड़ने आया हूं। जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के लिए नौकरी की गारंटी, आंगनबाड़ी, आशा बहुओं व महिलाओं के उत्थान के लिए कई सौगात लेकर आ रही है। आपको यही बताने के लिए रायबरेली आया हूं। सम्बोधन के दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरी देने का कार्य कांग्रेस करेगी। पब्लिक सेक्टर में ठेकेदारी प्रथा बंद कर युवाओं को पक्का रोजगार देने की गारंटी कांग्रेस पार्टी की है। अग्निवीर जैसी योजना लाकर देश की सेना के जवानों को बंधुआ मजदूर बना दिया है।

जनसभा को संबोधित कर रहे राहुल गांधी की नजर नारेबाजी कर रहे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव के युवा अरविंद पर पड़ी तो उन्होंने उसका नाम पूछते हुए कहा कि अरविंद जी आप अग्निवीर बनना चाहते हैं कि नही इस पर नौजवान अरविंद ने कहा नहीं।

जिसके बाद भाजपा पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर जैसी योजना लाकर देश की सेना के जवानों को बंधुआ मजदूर बना दिया है मोदी ने। डिफेंस सेक्टर को मोदी ने बर्बाद कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने अमेठी में राइफल और एके 47 बनाने वाली फैक्ट्री लगाई, लेकिन मोदी जी उसका ठेका अडानी अंबानी जैसे अपने उद्योगपति मित्रों को देना चाहते थे जिससे फैक्ट्री नही चल पाई। कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनते ही फैक्ट्री चलाई जाएगी और कई ऐसे प्रोडक्ट बनाएं जाएंगे, जिन पर लिखा होगा मेड इन रायबरेली, मेड इन अमेठी, मेड इन यूपी, मेड इन इंडिया।

### बचपन से अन्याय बर्दाश्त नहीं : प्रियंका

- देश को एक करने के लिए राहुल ने 4000 किलोमीटर तक की यात्रा की

**अमृत विचारः** राहुल गांधी के संबोधन से पहले प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी को मैं यहां लायी हूं। ये वो अकेले व्यक्ति हैं जिन्होंने देश में 4000 किलोमीटर कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले और उसके बाद मणिपुर से मुंबई तक सिर्फ देश को एक करने के लिए उन्होंने यात्रा की।

उन्होंने कहा कि देश में पूरी तरह से विकास तब आएगा, जब देश की एकता बनी रहेगी। राहुल गांधी ने सिर्फ आप सबसे मिलने के लिए, आपकी समस्याओं को समझने और सुनने के लिए उन्होंने इतनी मेहनत की हजारों किलोमीटर पैदल चलकर आपके बीच आने का कष्ट किया। मैं आपको एक बात बता सकती हूं, बचपन से राहुल को अन्याय नहीं बर्दाश्त हुआ है।

#### महिलाओं को एक लाख रुपये देगी कांग्रेस सरकार

जनसभा में राहुल ने कहा कि कांग्रेस हिंदुस्तान में सारे के सारे गरीब परिवारों की लिस्ट बनाएगी। उसमें यूपी के करोड़ों परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा। उस महिला के बैंक अकाउंट में एक लाख रूपये साल का दिया जाएगा। यानी कि जुलाई में एक तारीख की सुबह हिंदुस्तान के करोड़ों गरीब लोग अपना बैंक अकाउंट देखेंगे तो उनके एकाउंट में खटाखट 8500 रुपये हर महीने पहुंच रहे हैं

#### जब गांव में घूमकर प्रियंका ने मांगे वोट

जनसभा के बाद गांवों में चुनाव प्रचार के लिए रुख किया तो इस दौरान प्रियंका गांधी ने राह चलते एक युवक इरशाद को रोककर पूछा कि आप हमें अपना गांव घुमाएंगे। इस युवक इरशाद ने कहा कि हां घुमाएंगे, तब प्रियंका गांधी ने तुरंत युवक को अपनी गाड़ी में बैठाकर बावन बुजुर्ग बल्ला गांव गई। इस दौरान प्रियंका बावन बुजुर्ग बल्ला गांव के पंकज गुप्ता के घर में करीब 15 मिनट रुककर उनके परिवार के लोगों से बातचीत करते हुए फोटो भी खिंचवाई।

### इस चुनाव में भाजपा की विदाई तयः अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की विदाई तय है। भाजपा नेताओं के घिसेपिटे भाषण अब कोई नहीं सुन रहा है। जनता ने भाजपा की नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है। भाजपा खुद अपने खोदे हुए गड्ढ़े में गिर गयी है। सोमवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि वोटर को वोट डालने से रोकना अपराध हैं। कोई भी जनता के वोट डालने के रास्ते में न आए। वोट डालना हर व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करके लोगों को वोट डालने से रोकने का जो षड्यंत्र कर रही है, उसके बारे में जनता को पता चल गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि, भाजपाई असामाजिक तत्व की तरह हिंसा पर उतारू हैं।

### अखिलेश सपरिवार हार रहे चुनावः स्वतंत्र देव



**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि चार चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। चार चरणों में भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है, उससे यह साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा को जनादेश मिल रहा है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जनता जनार्दन ने अब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का स्पष्ट मन बना लिया है। दोनों ही चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है। वे बुरी तरह पराजित हो रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पूरा परिवार चुनाव हार रहा है। वे खुद कन्नौज से चुनाव हार गये हैं। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस पूरे देश में बुरी तरह पराजित हो चुका है।

# 50 जिले सांसद आदर्श ग्रामों के खर्च का नहीं दे रहे हिसाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 99.50 लाख रुपये के प्रशासनिक व्यय का उपयोग प्रमाण मांगा
- 2018 से 2020 तक मिली धनराशि का नहीं दिया गया ब्योरा

**अमृत विचार :** सांसद आदर्श ग्रामों के लिए मिले प्रशासनिक व्यय का 50 जिले केंद्र को उपयोगिता प्रमाण पत्र यानी खर्च का हिसाब नहीं दे रहे हैं।

केंद्र ने संबंधित जिलों को वर्ष 2014 से 2020 तक चार चरणों में 199 गांवों में विकास व जागरूकता संबंधित गतिविधियों के लिए 99.50 लाख रुपये दिये थे। इनमें कई जिले ऐसे हैं जहां एक भी रुपये खर्च नहीं हुए। ऐसे जिलों को धनराशि वापस करनी है। यदि उपयोगिता प्रमाण न दिया और धनराशि वापस न की तो आगे का प्रशासनिक व्यय नहीं मिलेगा। उपायुक्त ग्राम्य विकास राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कुछ जिलों ने उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिए हैं। उनसे मांगे गए हैं।

**हर वर्ष चयनित होते हैं एक-एक गांव :** सांसद आदर्श ग्राम योजना में सांसदों को पांच साल में पांच गांव चयनित कर विकास कराना होता है। वर्ष एक गांव का चयन होता है। इनमें बैठक, जागरुकता, कार्यक्रम, प्रचार आदि के लिए प्रशासनिक व्यय के 50-50 हजार रुपये केंद्र से दिए जाते हैं। 2018 से 2020 तक मिले इस धनराशि का हिसाब नहीं दिया गया है।

इसमें क्या कार्य हुए और कितनी धनराशि खर्च हुई इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं है। जबकि केंद्र से बराबर हिसाब मांगा जा रहा है। यह लापरवाही गतिविधियों पर सवाल उठाती है।

**गांव को मिली ये धनराशि**

| जिला | गांव | रुपये |
|---|---|---|
| रामपुर | 4 | 2 लाख |
| बरेली | 7 | 3.50 लाख |
| बदायूं | 3 | 1.50 लाख |
| शाजहांपुर | 4 | 2 लाख |
| कासगंज | 1 | 50 हजार |
| बांदा | 3 | 1.50 लाख |
| फतेहपुर | 5 | 2.50 लाख |
| कानपुर नगर | 8 | 4 लाख |
| हरदोई | 8 | 4 लाख |
| बारांबकी | 7 | 3.50 लाख |

# गायत्री प्रजापति की कंपनी से जमीन खरीदने की जांच शुरु

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकायुक्त ने वाराणसी से मंडलायुक्त से रिपोर्ट मांगी

**अमृत विचारः** लोकायुक्त ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की कंपनी से जमीन खरीदने के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। इस सिलसिले में वाराणसी से मंडलायुक्त से रिपोर्ट मांगी गई है। इससे पूर्व सांसद धनंजय सिंह की मुसीबत बढ़ सकती है। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले की पहले से जांच कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार जौनपुर निवासी कृपा शंकर यादव ने इस मामले की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय के साथ ही लोकायुक्त से भी की थी। आरोप है कि गायत्री प्रजापति के परिवार की कंपनी एमजीए कॉलोनाइजर्स ने 2016 में लखनऊ में सुलतानपुर रोड स्थित अहमामऊ में 3.80 करोड़ रुपये में 1784.386 वर्गमीटर जमीन खरीदी थी। यह जमीन 2019 में धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को बेच दी गई थी। लोकायुक्त संगठन के सचिव राजेश कुमार ने वाराणसी के मंडलायुक्त से एक तीन सदस्यीय समिति गठित कर परिवादी की शिकायतों की जांच कराने व तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट लोकायुक्त को उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने परिवादी को अपना बयान दर्ज कराने व साक्ष्य उपलब्ध कराने का पूरा मौका दिये जाने को कहा है। मालूम हो कि कृपा शंकर यादव से आरोपों की शिकायत पर ईडी ने साक्ष्य मांगा है। खनन घोटाले में आरोपी गायत्री प्रजापति के खिलाफ ईडी पहले से जांच कर रही है।

# 137 विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 474 पद बढ़े

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- विशेषज्ञ समेत पैरामेडिकल व चतुर्थ श्रेगी कर्मचारियों के पद हुए सृजित
- विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से मिलेगा मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण इलाज

**अमृत विचारः** गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाएं बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है, इसी क्रम में ही शासन द्वारा आधा दर्जन नवनिर्मित अस्पतालों में 137 चिकित्सक, 213 पैरामेडिकल स्टाफ और 124 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कुल 474 पद सृजित किये गए हैं। इनकी तैनाती होते ही 50-100 बेडेड नए अस्पतालों मे मरीजों को घर के नजदीक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होंगी।

गाजियाबाद के लोनी में 50 बेडेड नवनिर्मित अस्पताल में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर (ईएमओ) समेत 14 विशेषज्ञ डॉक्टरों ,में महिला ईकाई के लिए तीन ईएमओ समेत छह स्त्रीरोग विशेषज्ञ वहीं 20 पद पैरामेडिकल स्टाफ,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में 18 पद सृजित किये हैं।

इसी प्रकार वारणासी में प.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चि. पाण्डेयपुर परिसर में नवनिर्मित अस्पताल के लिए भी नौ विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 42 पद सृजित हुए हैं। मिल्कीपुर अयोध्या में नवनिर्मित 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय में एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ, तीन ईएमओ समेत 15 डॉक्टरों के पद और 17 पैरामेडिकल्स के व चतुर्थ श्रेणी के 11 पद रखे गए हैं।

प्रतापगढ़ के शिवसत और बलिया के बैरिया सोनबरसा में नवनिर्मित 100- 100 बिस्तर के अस्पतालों में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक समेत समूह क, ख व ग के कुल 129-129 पद प्रत्येक अस्पताल में सृजित हुए हैं। इसके अलावा राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम सेक्टर तीन स्थित नवनिर्मित अस्पताल में, ईएमओ, आर्थोपैडिक, सर्जन समेत विभिन्न समूहों के कुल 50 पद सृजित किये गए हैं, इनमे छह डॉक्टर महिला विंग के लिए और 14 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद सामान्य अस्पताल के शामिल हैं। यहीं स्थिति चंदरनगर के 50 बेडेड अस्पताल में पूर्व सृजित 58 पदों को एक साल के लिए विस्तार दिया गया है।

वहीं इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अन्य अस्पतालों में भी जल्द ही विशेषज्ञ चिकित्सकों और अन्य कर्मियों की तैनाती की तैयारी कर रहा है।

**विफलता** — मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक जोड़े के विवाह पर खर्च किए जाते हैं 51 हजार रुपये

# लक्ष्य घटाने पर भी 6836 जोड़ों का विवाह नहीं करा सका विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिकारी अपने जिले के लक्ष्य को घटाने का कर रहे थे प्रयास
- 1,12,609 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था पिछले साल
- 1,05,773 विवाह का लक्ष्य दिया गया इस साल

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कई जिले अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने से दूर रह गए। लक्ष्य घटने के बाद भी विभाग 6836 जोड़ों का विवाह नहीं करा सका।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए लक्ष्य तय किया गया था।

प्रदेश में कुल 1 लाख 12 हजार 609 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया था मगर 1 लाख 5 हजार 773 जोड़ों का ही विवाह कराया जा सका। खास बात यह रही कि मार्च में जिला समाज कल्याण अधिकारी अपने-अपने जिलों का लक्ष्य कम कराने की जुगत में लग गए थे। जिला समाज कल्याण अधिकारियों ने लक्ष्य कम करा लिया बावजूद इसके निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर सके।

| जिला | लक्ष्य | हासिल | पेंडिंग |
|---|---|---|---|
| प्रतापगढ़ | 1694 | 740 | 954 |
| प्रयागराज | 2734 | 1899 | 835 |
| शाहजहांपुर | 3410 | 2771 | 639 |
| गाजीपुर | 1825 | 1235 | 590 |
| फरुखाबाद | 1129 | 456 | 673 |
| बलिया | 1640 | 1285 | 355 |
| लखनऊ | 1200 | 632 | 568 |

सहालग की तिथियां कम होने और आदर्श आचार संहिता लगने के कारण कुछ जिलों में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं हो सका, जबकि कुछ जनपदों ने बेहतर किया। शुभ कार्य शुरू होने के साथ ही शेष जोड़ों का विवाह कराया जाएगा।

**-कुमार प्रशांत,** निदेशक समाज कल्याण

#### मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री का जिला अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य हासिल करने में मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री का जिला अव्वल रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में 4068 जोड़ों का विवाह कराकर लक्ष्य हासिल किया गया जबकि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के गृह जनपद कन्नौज में भी 1655 जोड़ों का विवाह कराया गया। इसके अलावा पीलीभीत, हरदोई, बदायूं, बाराबंकी, अयोध्या, बरेली समेत अन्य कुछ जिलों ने भी लक्ष्य हासिल कर लिया।

# बढ़ी दर पर ब्याज लौटाने का दिया आदेश

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र पावर कारपोरेशन प्रदेश के 3 करोड़ 30 लाख उपभोक्ताओं को उनकी धरोहर राशि पर ब्याज लौटाने का आदेश सोमवार को जारी कर दिया। इन उपभोक्ताओं का पिछले वित्तिय वर्ष में 4500 करोड़ रुपये धरोहर राशि कंपनियों के पास जमा हुआ था। इस बार रिजर्व बैंक ने जमा राशि पर 6.75 प्रतिशत ब्याज तय किया है। अब इसी दर से कार्पोरेशन ब्याज देगा।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रदेश के 3 करोड़ 30 लाख उपभोक्ताओं को 303 करोड़ रुपये ब्याज कार्पोरेशन की तरफ से देय है।

# स्वास्थ्य विभाग में नहीं बदलेंगी व्यवस्थाएं

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार — खबर का असर**

- जारी आदेश निरस्त करने पर दोनों अधिकारियों ने दी सहमति

**अमृत विचारः**स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य महानिदेशक(चिकित्सक) और निदेशक प्रशासन (आईएएस) के मध्य शुरू हुई वर्चस्व की लड़ाई खत्म हो गई है। रविवार को हिन्दी दैनिक अमृत विचार द्वारा प्रकाशित समाचार को शासन ने संज्ञान में लेकर दोनों अधिकारियों के पूर्व के आदेशों को निरस्त करते हुए पहले की तरह फाइले प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर द्वारा सोमवार को पूर्व में 9 व 10 मई को निदेशक प्रशासन डॉ.राजागणपति के आदेशों को निरस्त कर दिये गये, और अभी तक प्रशासनिक क्षमता अनुरूप चली आ रही कार्य व्यवस्था बहाल रखने के निर्देश जारी किये हैं। जिस पर निदेशक प्रशासन ने भी सहमति प्रदान कर, तूल पकड़ रहे मामले को खत्म कर दिया। डॉ.राजागणपति ने कहा कि नियमानुसार जो फाइलें जहां जानी चाहिए, उसी अधिकारी के पास जाएंगी, वित्त की फाइले पहले की तरह सीधे स्वास्थ्य महानिदेशक के समुख ही जाएंगी।

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना


आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3किमी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 किमी0
- मटियारी चौराहा – 14 किमी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 किमी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 किमी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## शहर में आज



- आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप के मुकाबले, गोमती नगर के विजयंत खंड स्टेडियम में, सुबह 8 :30 बजे से
- हिल्टन कप के लिए महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, सुबह 10 :00 बजे से
- पुस्तक मेला, हजरतगंज और कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन, दोपहर 11 :00 बजे से
- बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी, गोमती नगर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में आएंगे शाम 5 :00 बजे
- मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत व्यापार संगठन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम से जीपीओ तक मशाल जुलूस शाम 5 :00 बजे।

## एक नजर

### मतदान के दिन 20 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण 20 मई को जिले में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अवकाश को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। राज्यपाल की संस्तुति पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवकाश संबंधी आदेश में कहा है कि 20 मई को कोषागार और उपकोषागार भी बंद रहेंगे।

### लविवि में तीन जून से होगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन जून से 14 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होगा। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस अवधि में विवि की सभी परीक्षाएं पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होंगी। परीक्षा एवं प्रवेश कार्य के दौरान ड्यूटी करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को विवि नियमों के अनुसार प्रतिकर अवकाश मिलेगा।

### लखनऊ के बस अड्डों पर जल्द शुरू होगी पार्सल सेवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोडवेज के बस अड्डों पर जल्द ही यात्रियों को फिर से लगेज बुकिंग की सुविधा मिलेगी। इसके लिए परिवहन निगम ने टेंडर मांगे हैं। कानपुर, लखनऊ के साथ ही प्रदेश के तकरीबन 11 शहरों में यह सुविधा पहले शुरू होगी। बसों में यात्री सिर्फ 20 किलो तक का बैग या कोई भी अन्य सामान नि:शुल्क ले जा सकेंगे। इसके बाद यात्री बसों में सामान 150 से 600 किग्रा तक सामान बुक करा कर जा सकते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जो टेंडर मांगे गए हैं, उन्हें 15 मई को खोला जाएगा।

### आज अवध बार चुनाव का होगा मतदान

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के अवध बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर मंगलवार को मतदान होगा। इसी के साथ सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार भी थम गया है। मंगलवार को सुबह साढ़े नौ बजे से मतदान प्रारंभ हो जाएगा जो शाम पाँच बजे तक चलेगा। तत्पश्चात 15 मई फरवरी को मतों की गणना होगी। चुनाव अधिकारी मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार के चुनाव में 22 भिन्न-भिन्न पदों पर कुल 135 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर छह प्रत्याशी जबकि महासचिव पद के लिए 8 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

# सीबीएसई : 12वीं में आरती व दित्या, 10वीं में अन्वेष ने किया टॉप

## लखनऊ के 38 हजार के करीब छात्रों ने दी थी 10वीं व 12वीं की परीक्षा, करीब 190 स्कूलों के बच्चे 40 केन्द्रों पर हुए थे शामिल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। दोनों ही परिणाम एक घंटे के अंतराल पर जारी किए गए। सबसे पहले 12वीं का और उसके बाद 10वीं का परिणाम जारी किया गया। दोनों ही परिणाम में बेटियां आगे हैं।

रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में पढ़ने वाली इंटरमीडिएट की आरती यादव और दित्या शर्मा ने 98.6% अंक हासिल किया है। वहीं इससे नीचे की रैंक में प्रगति सिंह ने 98.4% अंक हासिल किया है। जबकि सचिन गौतम को 97.8% अंक मिले। वहीं, लखनऊ पब्लिक स्कूल साउथ सिटी की छात्रा आयुषी पटेल और अंद्री श्रीवास्तव को 98.2% अंक मिले हैं।

इसी तरह साउथ सिटी स्थित द मिलेनियम स्कूल का छात्र अन्वेष पटेल ने हाईस्कूल परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं आरएलबी की समृद्धि तिवारी ने 98.2% अंक हासिल किए हैं। एलपीएस के साउथ सिटी के छात्र अथर्व उपाध्याय को 98.2% अंक मिले हैं। वहीं 10वीं के आर्यन कुशवाहा को 97.8% अंक मिले हैं। जबकि अन्नू चांद रोशन को 97.6% अंक मिले हैं।

**12वीं**





आरती यादव **98.6%** दित्या शर्मा
रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल

**10वीं**



अन्वेष पटेल **99%** द मिलेनियम स्कूल



इंदिरा नगर आरएलबी स्कूल में सीबीएसई 12वीं और 10वीं के रिजल्ट के बाद खुशी मनाते स्टूडेंट्स। अमृत विचार

### बिना नोटिफिकेशन अचानक जारी हुआ परिणाम

पिछले साल की तरह ही इस बार भी किसी को अंदाजा नही था कि सीबीएसई 10वीं और 12वीं का परिणाम सोमवार को जारी किया जायेगा। राजधानी के निजी स्कूल प्रबंधकों को ने बताया कि उन्हें सीबीएसई की ओर से परिणाम जारी करने का कोई भी नोटिफिकेशन पहले से प्राप्त नहीं था। अचानक पता चला कि 12वीं का परिणाम जारी हो गया। उसके बाद ये स्थिति साफ नहीं थी कि 10वीं का परिणाम भी आज ही जारी हो जायेगा। लेकिन एक घंटे बाद वह भी जारी हो गया। ऐसे में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को विद्यालय बुलाने में दिक्कत हुई।

### प्रयागराज का सबसे खराब परिणाम

सीबीएसई बोर्ड इलाहाबाद रीजन में लखनऊ भी आता है। इस बार खराब परिणाम प्रयागराज रीजन का रहा। 17 रीजन में प्रयागराज अंतिम पायदान पर रहा। यहां सिर्फ 78.24% छात्राय पास हुई हैं जबकि इस बार 12वीं की परीक्षा 47 दिन में पूरी हुई। बोर्ड ने मेरिट लिस्ट नहीं जारी की है।

# तीन घंटे में कांप उठे 8 स्कूलों में बच्चे और शिक्षक

## स्कूलों को उड़ाने की धमकी मिलते ही मची अफरा-तफरी, अचानक छुट्टी की सूचना से अभिभावक परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुबह आठ बजे धमकी भरा पहला ई-मेल मिलने के बाद खबर शहर में आग की तरह फैली। सभी स्कूलों के प्रबंधक अपने ई-मेल चेक करने लगे। करीब तीन घंटे बाद एक ही वक्त पर सात अन्य स्कूलों में धमकी भरा ई-मेल पहुंचा तो हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी मच गई। अचानक छुट्टी कर दी गई। इसका मैसेज मिलने से जहां अभिभावक परेशान हो गए। वहीं, बच्चे भी हतप्रभ रह गए। दोपहर तक राजधानी के चौक चौराहों पर इसकी चर्चा होने लगी।

सोमवार सुबह स्कूल खुलने के करीब एक घंटे बाद कक्षाएं सुचारू रुप से संचालित होनी शुरू हुईं थी। इसी बीच विबग्योर स्कूल के प्रधानाचार्य के ई-मेल पर अंग्रेजी में मेल आया। कुछ देर तक उनकी समझ में नहीं आया कि क्या करें। इसके बाद प्रबंधन से बातचीत कर पुलिस को सूचना दी। नौ बजे के करीब गोमतीनगर इंस्पेक्टर पहुंचे। प्रबंधन और पुलिस से बातचीत कर छुट्टी करने का निर्णय लिया गया। सुरक्षा के मद्देनज़र स्कूल प्रबंधन ने स्कूली बच्चो को परिसर से बहार निकाल दिया। मोबाइल पर अभिभावकों को स्कूल में छुट्टी का मैसेज मिला। अभिभावक दस बजे के बाद स्कूल पहुंचे। अपने बच्चों को सुरक्षित घर लेकर गए।



सेंट मैरीज़ स्कूल से बच्चों को घर ले जाते अभिभावक। अमृत विचार

### खतरे में थी आठ हजार से अधिक की जान

पुलिस के मुताबिक इस समय स्कूल का समय सुबह सात से दोपहर एक बजे तक है। जिस वक्त मेल आया था, उस समय इन आठ स्कूलों में करीब आठ हजार से अधिक छात्र, शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे। मेल मिलते ही आनन-फानन स्कूल खाली करा दिया गया। जब सुरक्षा एजेंसियों ने जांच पूरी की और बताया कि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। यह सिर्फ धमकी थी। तो सभी के मुंह से निकला कि हजारों की जान बच गई।

### पुलिस से मांगी मदद

विभूतिखंड विकल्प खंड स्थित सेंट मैरी इंटर कॉलेज के शिक्षक विश्वजीत गोविंद राव ने बताया कि धमकी भरा मेल की जानकारी करीब 10 .45 बजे हुई। उस समय स्कूल में करीब 800 से 900 बच्चे, शिक्षक व कर्मचारी थे। मेल की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। वहीं अभिभावकों को स्कूल में छुट्टी होने की सूचना देते हुए बच्चों को ले जाने के लिए कहा गया। स्कूल के वैन को भी बुला लिया गया। स्कूल को खाली कराया गया। बच्चों को खाली मैदान में पहुंचा दिया गया। मेल के बारे में कहा कि जो भाषा थी वह जेहादी थी। मेल पुलिस के पास है।

### हेड ऑफिस से कॉल आई तो चेक किया मेल

जानकीपुरम स्थित पायनियर स्कूल को धमकी भरा मेल मिला। इसकी जानकारी स्कूल की छुट्टी के बाद हुई। शिक्षक सुमित कुमार महापात्रा ने बताया कि हेड ऑफिस से करीब एक बजे कॉल आया। बताया गया कि कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल आए हैं। क्या स्कूल के आईडी पर कोई इस तरह का मेल आया है। सुमित ने बताया कि जब चेक किया गया तो मेल उनके स्कूल को भी भेजा गया था। आनन-फानन कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। जानकीपुरम पुलिस व बम निरोधक दस्ता एक घंटे तक खंगाला गया। लेकिन कुछ नहीं मिला।





जीडी गोइंका स्कूल में विस्फोटक तलाशते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### 13 दिन पहले धमकी देने वाले का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** अत्याधुनिक संसाधनों से लैस कमिश्नरेट पुलिस खुद को हाईटेक बताती है लेकिन, 13 दिन के अंदर राजधानी के 11 स्कूलों और अमौसी एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल भेजने वाले का पता लगाने में असफल रही है। सबसे पहला ई-मेल पीजीआई इलाके में स्थित एमिटी कॉलेज को एक मई को मिला था। फिर गुरुवार को दो और स्कूलों में इस तरह के मेल आ गए। इसे भी पुलिस धमकी बताकर चुप्पी साध गई। इससे एक ओर जहां दहशत फैल रही है तो वहीं साइबर क्राइम, क्राइम ब्रांच, स्थानीय थाने की पुलिस, एटीएस और एसटीएफ की टीम में ही जुटी है।

# पारा पहुंचा 39 के पार, बढ़ेगी उमस

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और आसपास तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दिन का तापमान 39 डिग्री को पार कर गया। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।

सोमवार सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। दिन बढ़ने पर गर्म हवाएं भी चलीं। इनकी रफ्तार 20-25 किमी प्रति घण्टा रही। मौसम अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक अतुल सिंह के मुताबिक, आने वाले चार-पांच दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 17 से चल सकती है लू

मौसम विभाग का अनुमान है कि गर्म हवाएं 16 मई से लू का रूप ले लेंगी। इसका असर लखनऊ और आसपास के इलाकों में 17 मई को होगा। इसी के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने से हवाओं की दिशा बदल गई। गर्म रेगिस्तानी इलाकों से आने वाली शुष्क एवं गर्म पछुआ हवाओं के प्रभाव से ही तापमान में तेजी से बदलाव आए हैं।

# चुनाव ड्यूटी प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे 82 कर्मी, दर्ज कराई जाएगी प्राथमिकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए चल रहे प्रशिक्षण को कुछ कर्मी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सोमवार को भी 82 कर्मी प्रशिक्षण लेने नहीं पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। केकेसी कॉलेज में मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण सोमवार को तीसरे दिन दो पालियों में हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कक्षों में जाकर निरीक्षण किया और आए हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को एमपीएस एप के बारे में बताया गया। प्रथम पाली और द्वितीय पाली के लिए कुल 47 सौ कर्मियों में से 4,607 पहुंचे।

# गरीब रथ, काठगोदाम सहित 12 ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पंजाब में किसान आंदोलन के चलते रेलवे ने उठाया कदम

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के कारण रेलवे ने 12 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाए जाने का निर्णय लिया है। इनमें गरीब रथ सहित कई अन्य ट्रेनें शामिल हैं।

सहरसा से 16 मई को चलने वाली सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस (12203) जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलेगी। काठगोदाम से 14 मई को चलने वाली काठगोदाम-जम्मूतवी एक्सप्रेस (12207)अंबाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते जाएगी।

इसी तरह कटिहार से 13, 14 एवं 15 मई को चलने वाली कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस (15707) जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते, जयनगर से 14 मई को चलने वाली जयनगर-अमृतसर सरयु-यमुना एक्सप्रेस (14649) अंबाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते और जयनगर से 15 एवं 16 मई को चलने वाली जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस (14673) अंबाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलेगी।

दूसरी ओर अमृतसर से 15 मई को चलने वाली अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस (12204) लुधियाना-धूरी जं.-जाखल के रास्ते, अमृतसर से 14, 15 एवं 16 मई को चलने वाली अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस (15708) लुधियाना-धूरी जं.-जाखल के रास्ते और अमृतसर से 14 एवं 16 मई को चलने वाली अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस (14674) सानेह वाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते जाएगी।

जम्मूतवी से 14 मई को वाली जम्मूतवी-भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस (15098) सानेह वाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी जबकि श्री माता वैष्णो देवी कटरा से 15 मई को चलने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस (15656) सानेह वाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी।

**कार्रवाई** धमकी की सूचना मिलते ही स्कूलों में पहुंचा बम निरोधक दस्ता, कक्षाओं से लेकर वाहनों तक की जांच की

# स्कूलों का चप्पा-चप्पा खंगाल डाला, नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर के कैप्टन मनोज पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। दोपहर करीब 12.30 बजे आईटी सेल के एक ई-मेल आईडी पर इसे देखा गया। जानकारी अधिकारियों को दी गई। आनन-फानन बच्चों को कमरों से बाहर किया गया।

उधर, छात्रावास को भी खाली करा दिया गया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि जानकारी होते ही पुलिस टीम स्कूल पहुंची और पहले मेल को चेक किया। इसके बारे में साइबर क्राइम सेल को दी गई। ताकि मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी हो सके। पुलिस व बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने स्कूल के कमरों, हॉस्टल, कार्यालय, परिसर में खड़ी गाड़ियों, स्विमिंग पूल, प्लेग्राउंड और अन्य स्थानों की तलाशी की। सर्च अभियान शाम चार बजे तक चला। चार घंटे तक बच्चों से लेकर शिक्षकों के चेहरे पर खौफ साफ दिख रहा था।



जीडी गोइंका स्कूल में सर्च अभियान चलाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### वाहनों की तलाशी के बाद मिली राहत

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित जीडी गोयनका स्कूल को भी धमकी भरा मेल मिला था। टीम ने स्कूल को खाली कराया। इस दौरान अफरा-तफरी न हो इसके लिए शिक्षक व प्रबंधन टीम मौजूद थी। सभी बच्चों को बाहर करने के बाद कमरों की तलाशी ली गई। वहीं परिसर में खड़े करीब डेढ़ दर्जन वैन और बस को भी खंगाला गया। लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस दौरान शिक्षक बच्चों को उनके अभिभावकों को सुपुर्द कर रहे थे। करीब दो घंटे बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



स्कूलों के दफ्तर में भी पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। अमृत विचार

## एक नजर

### लविवि में परास्नातक की परीक्षा तिथि घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषयों की परीक्षा तिथि घोषित की है। एमए सीबीसीएस के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 5 जून से आरंभ होगी। ये 18 जून तक चलेगी। वहीं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 8, 11 और 14 जून को आयोजित होगी। एम ए पापुलेशन स्टडीज के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 5 जून से शुरू होकर 19 जून को समाप्त होंगी। इसी तरह मॉस्टर आफ सोशल वर्क द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 5 जून से 14 जून तक चलेगी।

### सरकारी स्कूलों की होगी मैपिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों की मैपिंग कराई जायेगी। इस संबंध में शिक्ष महानिदेशक कंचन वर्मा ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक, विद्यालयों के शिक्षकों की दीक्षा प्रोफाइल में विकास खंड व विद्यालयों की मैपिंग कराई जाएगी। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारियो को आदेश जारी कर दिया गया है। शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि शिक्षकों की प्रोफाइल में विकास खंड एवं विद्यालय की मैपिंग करा ली जाए, जिससे उनके द्वारा दीक्षा एप का प्रयोग किए जाने पर डाटा रिपोर्ट में प्रदर्शित हो सके। इसके लिए जिला (समन्यक प्रशिक्षण) को जिला स्तर पर और ब्लॉक समन्वयक (गुणवत्ता) को विकास खंड स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में एबीवीपी ने घेरा प्रशासनिक भवन

## विरोध-प्रदर्शन: परीक्षा और परिणाम संबंधी समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** एक ही तिथि में दो परीक्षाओं को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने विरोध जताते हुए प्रशासनिक भवन का घेराव किया। परीक्षा संबंधी समस्या के निस्तारण को लेकर एबीवीपी पदाधिकारियों की ओर से कुलपति को ज्ञापन भी सौंपा गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार सुबह से ही एबीवीपी से जुड़े छात्र एकजुट होने लगे थे। करीब 11 बजे इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय और इकाई मंत्री जतिन शुक्ला के नेतृत्व में छात्र प्रशासनिक भवन पहुंचे। परीक्षा संबंधी समस्या को लेकर कुछ देर प्रदर्शन चला। फिर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात की। जयव्रत राय और जतिन शुक्ला ने बताया कि 5 और 7 जून को भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इसी दिन एलएलबी की परीक्षाएं भी हैं। दो परीक्षाओं के एक साथ होने से मुश्किले आ गई है। इस समस्या को लेकर पूर्व में छात्र परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी से मिलकर अपनी समस्या बता चुके हैं, बावजूद हल नहीं निकल सका। बिन्दुवार जानकारी देने पर कुलपति की ओर से समस्या के निस्तारण के प्रयास की बात कही गई। इस दौरान रिशेंद्र प्रताप सिंह, शक्ति दुबे, अनुराग काकरान, वैभव जोशी, विकास मिश्रा, विवेक मिश्रा, यश शुक्ला, आदर्श यादव, वैभव पांडेय सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

### ओएमआर शीट सहित अन्य मामले उभरा

लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय की ओएमआर शीट बांटे जाने का मुद्दा भी उठा। जतिन ने कहा कि इसी तरह से किया गया वितरण निंदनीय है। कहा कि काफी संख्या में विवि में ऐसे भी छात्र हैं जिन्होंने प्रयोगात्मक परीक्षा दी है लेकिन परीक्षा परिणाम में उन्हें अनुपस्थित दिखाया गया है। प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद समस्या हल नहीं की जा रही है।



लविवि के कुलपति को ज्ञापन देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर शुरू हुआ पुस्तक मेला

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मेट्रो के हजरतगंज और कृष्णा नगर में पुस्तक मेला सोमवार से शुरू हुआ। रेपर्टवार की देखरेख में हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पुस्तक मेला 20 मई तक चलेगा। कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन पर बुकलैंड बुक फेयर की देखरेख में शुरू हुआ पुस्तक मेला 26 मई चलेगा। लखनऊ मेट्रो इससे पहले भी कई पुस्तक मेलों का आयोजन कर चुकी है जिससे मेट्रो यात्रियों को यात्रा के साथ-साथ किताबों से जुड़ने का मौका मिल सके।

# एकेटीयू से संबद्ध संस्थान होंगे नैक एक्रिडेट: कुलपति

## संबद्ध संस्थानों के लिए ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित, लखनऊ जोन से जुड़े संस्थान सम्मिलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संस्थानों को पाठ्यक्रमों के आधार पर विश्वस्तरीय बनाने जा रहा है। संबद्ध संस्थानों को नैक एक्रिडेट कराने के लक्ष्य को लेकर विवि ने ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया।

नैक एक्रिडेशन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में पहले दिन लखनऊ जोन से जुड़े संस्थान शामिल हुए। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि 2026 तक सभी संबद्ध संस्थान नैक एक्रिडेट हों। इसके लिए अभी से सभी को योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है। उधर, ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्रो. वीएल गोले ने पाठ्यक्रमों से जुड़ी सात श्रेणियों की जानकारी दी। कहा कि नैक में अच्छी ग्रेडिंग के लिए हर श्रेणी महत्वपूर्ण है। संस्थान के निदेशक/ प्राचार्यों को एसएसआर यानि सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला के दौरान कुलसचिव रीना सिंह के अलावा लखनऊ जोन के करीब 80 संस्थान शामिल हुए।





ऑनलाइन कार्यशाला के दौरान शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

### उपलब्धियों और गतिविधियों पर बल

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने संस्थान की उपलब्धियों, गतिविधियों, कार्यक्रमों, योजनाओं सहित छात्र से जुड़े विषयों को प्रमुखता से भरे जाने पर बल दिया। डाटा वैलिडिटेशन एंड वेरिफिकेशन प्रॉसेस (डीवीवी), एसएसएस, स्टूडेंट सटिस्फैक्शन सर्वे आदि पर भी प्रकाश डाला गया।

# कुलपति ने टोही शैक्षणिक कार्यों की नब्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति ने टोही शैक्षणिक कार्यों की नब्ज
- बीबीएयू के कुलपति ने की शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में कुलपति ने शैक्षणिक कार्यों को लेकर बैठक की। समीक्षा बैठक में सत्र के दौरान कराए गए कार्यों का अवलोकन हुआ। नए सत्र के पाठ्यक्रमों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

बीबीएयू के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। विभागाध्यक्षों से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। विकास संबंधित गतिविधियों एवं शैक्षणिक कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गयी। विवि के इंफ्रास्ट्रक्चर, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक विकास को लेकर संकायाध्यक्षों को प्रोत्साहित किया। बैठक के दौरान विभागाध्यक्षों ने शिक्षा, अकादमिक, अनुसंधान एवं विभिन्न उपलब्धियों के क्षेत्र में जानकारियां साझा कीं। एनआईआरएफ रैंकिंग, क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### विजेताओं को मिली ट्राफी व प्रमाण पत्र

कुलपति ने सैटेलाइट केंद्र का हाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण की कड़ी में सभी विभागों, कार्यालयों, पुस्तकालय और अर्धनिर्मित बने भवन भी शामिल हुए। इस दौरान केंद्र निदेशक ने प्रस्तावित योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। अम्बेडकर जयंती के दौरान आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी और बॉक्सिंग प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिए प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमालयन इंस्टीट्यूट प्रथम

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन, यूपी और उत्तराखंड चैप्टर की ओर से डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रश्नोत्तरी का ग्रैंड फाइनल और ड्रग-रेसिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्थान के प्रवक्ता डॉ. एपी जैन ने बताया प्रश्नोत्तरी के प्रारंभिक दौर में 48 मेडिकल कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया था। जिसमें हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, देहरादून प्रथम स्थान हासिल किया। मेडिकल कॉलेज बदायूं की टीम उप विजेता रही। विजेता टीमों को बतौर मुख्य अतिथि मौजूद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. प्रद्युम्न सिंह, डॉ. एके सिंह, डॉ. ज्योत्सना अग्रवाल, डॉ. एसडी कांडपाल, डॉ. शैली व्यास, डॉ. मेधावी अग्रवाल और डॉ. नेहा शर्मा और डॉ. मनीष कुमार सिंह मौजूद रहें।





विद्यार्थी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# प्रदूषण- ग्लोबल वार्मिंग से धरा बचाएं: डॉ. ज्ञान प्रकाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय जुबली इंटर कालेज में अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त निदेशक उपस्थित रहे।

संयुक्त निदेशक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने छात्रों को सेव प्लांट- सेव प्लैनेट संबंधी विषय की जानकारी देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि वह पादप स्वास्थ्य के बारे में समझें और पर्यावरणीय प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग से धरा को बचाएं। जुबली इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ज्योति पुष्प ने फसल उत्पादन पर बल देते हुए कहा कि फसलों को पादप स्वास्थ्य प्रबंधन तकनीक के साथ संरक्षित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने पौधों के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताया। रीजनल सेंटर के वनस्पति संरक्षण अधिकारी शैलेश कुमार ने रासायानिक कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. केशवमूर्ति, डॉ. सुधीन्द्र संशी एवं धर्मराज सिंह सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।


**आवश्यकता है**

अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की

PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो

अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-

9518031113, 96516 43339

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)



**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रुमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें - 7080239313 7570060266

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **यशोदा पत्नी स्व0 प्रेम कनौजिया बसंत कुंजयोजना, निवासिनी - सेक्टर-एच / 14 / 24, हरदोई रोड, काकोरी जनपद लखनऊ - 227107** मैं अपनी पुत्री अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी पुत्री स्व0 प्रेम कनौजिया जो कि मुझे बिना बताये घर से चली गयी है तथा किसी व्यक्ति से अपना विवाह कर लिया है जिससे मैं व मेरा परिवार क्षुब्ध होकर उपरोक्त अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही है तथा आज के बाद अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी द्वारा किसी भी प्रकार का अनैतिक / गैर कानूनी कार्य के लिए जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरा व मेरे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम JANG BAHADUR SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम JANG BAHADUR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: NARENDRA KUMAR SINGH, R/O- SAMAISA, KHERI

**सूचना**

पहले मेरा नाम SYED YASOOB HAIDER था अब मैंने बदलकर अपना नाम YASOOB HAIDER रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SYED ALI AFSER ABDI, R/O- 4/5/57, AKHTER PRESS IMAMBARA, FAIZABAD, AYODHYA

**सूचना**

सूचित हो कि **हर्षित मौर्य पुत्र सियाराम मौर्य, निवासी- हाजीपुर बरूआर, पोस्ट- मेवपुर, बरचौली, जिला-सुल्तानपुर, मो0 -7379990372,** मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक- 212192520 वर्ष 2021 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पति रमेश चंद्र जूनियर टेक्नीशियन एनटीपीसी के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम देवी दर्ज है, जो अपूर्ण और गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम श्रीमती देवी दर्ज है, जो पूर्ण और सही है। अत: मेरे पति के सेवा अभिलेखों के मेरा पूर्ण नाम श्रीमती देवी दर्ज किया जाए। - **श्रीमती देवी पत्नी रमेश चंद्र निवासिनी - चंदेलन का ताल, मजरे - अरखा मुस्तकिल, तहसील - ऊंचाहार, रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD IQBAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम IQBAL ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MAULA BAKSH, R/O- BHARTIYA PO- RAHIMABAD MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइवरिंग लाइसेंस में मेरा नाम Sunil Kumar Yadav s/o Ram Sajeevan Yadav दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण और गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम Sushil Kumar s/o Ram Sajivan दर्ज है, जो सही है। अत: ड्राइवरिंग लाइसेंस में मेरा सही नाम Sushil Kumar s/o Ram Sajivan दर्ज किया जाए। - **सुशील कुमार पुत्र राम सजीवन, निवासी - ग्राम - धनेही, मजरे मवई, प.- सलोन, तहसील - ऊंचाहार, जिला - रायबरेली**

**सूचना**

मैं रितिका यादव (RITIKA YADAV) अपने पिता सतीश कुमार के आर्मी नं.- JC541378K, निवासिनी-तहसील महेंद्रगढ़, गोमला (44), महेन्द्रगढ़, हरियाणा -123034 मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रितिका (RITIKA) दर्ज है। अत: मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में रितिका यादव (RITIKA YADAV) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मैं सम्पति इन्दु पत्नी श्री सम्पति नारायण राव, निवासिनी-11-22/1, स्वयं कुशीनगर, तहसील-मधुरवाड़ा, ग्राम-कोमड्डी, जिला - विशाखापट्नम, आन्ध्रप्रदेश, मेरे पुत्र सम्पति नागा राजू, आर्मी नं.-4582504Y, सर्विस रिकॉर्ड में मेरा गलत नाम एस. इन्दु (S. INDHU) दर्ज है जबकि मेरा सही नाम सम्पति इन्दु (SAMPATHI INDHU) है। अत: सही नाम (SAMPATHI INDHU) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जमुना प्रसाद पुत्र स्व0 रामकृष्ण, निवासी-12/702 इंदिरा नगर लखनऊ, घोषणा करता हूँ कि ओमेक्स सिटी (औरंगाबाद खालसा) लखनऊ** का प्लाट नं0 ई- 1334/II 529 का मूल आवंटन पत्र जारी दिनांक- 20-03-2009 खो गया है। मूल आवंटन पत्र ओमेक्स लिमिटेड के द्वारा प्रथम क्रेता आवंटी श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी संजीव कुमार के नाम से जारी किया गया था। मूल आवंटन पत्र खो जाने के सबंध में एफ0आई0आर0 सं0- 20240000367624 दिनांक- 08.05.2024. के तहत दर्ज कराई गई है। उपरोक्त वर्णित प्लाट जमुना प्रसाद ने पुन: विक्रय से क्रय किया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जमुना प्रसाद पुत्र स्व0 रामकृष्ण, निवासी-12/702 इंदिरा नगर लखनऊ, घोषणा करता हूँ कि ओमेक्स सिटी (औरंगाबाद खालसा) लखनऊ** का प्लाट नं0 ई- 1333/II 528 का मूल आवंटन पत्र जारी दिनांक- 20-03-2009 खो गया है। मूल आवंटन पत्र ओमेक्स लिमिटेड के द्वारा प्रथम क्रेता आवंटी संजीव कुमार पुत्र स्व0 एल0 एल0 गुप्ता के नाम से जारी किया गया था। मूल आवंटन पत्र खो जाने के सबंध में एफ0आई0आर0 सं0- 20240000367638 दिनांक-08-05-2024 के तहत दर्ज कराई गई है। उपरोक्त वर्णित प्लाट जमुना प्रसाद ने पुन:विक्रय से क्रय किया है।



प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# राजधानी की मेधा ने छुआ आसमान, अब भरेंगे लंबी उड़ान

**सीबीएसई के होनहार**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) की ओर से 10वीं-12वीं के परिणाम में राजधानी के होनहारों ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। इन मेधावियों ने अमृत विचार से बातचीत में अपनी पढ़ाई से लेकर करियर तक बातों को साझा किया। किसी ने पढ़ाई का शेड्यूल बताया तो किसी ने कहा कि मैं आईएएस बनना चाहता हूं, किसी ने कहा कि डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहता हूं। मेधावियों ने पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव न लेने की बात भी कही। कुछ मेधावियों ने ये भी कहा कि कितने अधिक घंटे आप पढ़ रहे हैं ये मायने नहीं रखता है। आप कितना मन से पढ़ रहे ये बहुत मायने रखता है।

## 12वीं के होनहार

### नियमित मेहनत करने से मिलती है सफलता : आरती



अपने पिता के साथ आरती यादव। अमृत विचार

12वीं में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली अमराई गांव निवासी आरती यादव ने कहा कि पढ़ाई में कंसिस्टेंसी और हार्ड वर्क होना जरूरी है। हमारी ज्वाइंट फैमिली है। परिवार के सभी लोगों ने काफी मदद की। माता-पिता की तरफ से कोई प्रेशर नहीं था। भाई-बहन और टीचर्स का सपोर्ट मिला। मैंने ऑनलाइन कम, किताबों से ज्यादा पढ़ाई की। आरती ने कहा जब हम नियमित मेहनत करते हैं तो सफलता निश्चित मिलती है। आरती बैंकिग सेवा में जाना चाहती हैं। उनके पिता लालू सिंह यादव की भी इच्छा है कि मैं बैंकिग सेवा में जाऊं।



इंदिरा नगर डीपीएस स्कूल में सीबीएसई 12वीं और 10वीं के रिजल्ट के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### इंटीरियर डिजाइनर बनना चाहती है दित्या शर्मा

98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर 12वीं की परीक्षा पास करने वाली दित्या शर्मा ने कहा कि वह इंटीरियर डिजाइनर में अपना करियर बनाना चाहती हैं। दित्या के पिता दयानंद शर्मा एचीसीएल में जॉब करते हैं। माता रीता शर्मा हाउसवाइफ हैं। बड़ी बहन रितिका एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक कर रही हैं। दित्या ने बताया कि वह अपने घर पर सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई पर विशेष ध्यान देती थी। जिसमें उनकी मां अहम भूमिका निभाती है, तभी उनको ये सफलता मिल सकी है।



12वीं में अच्छे अंक लाने पर दित्या को मिठाई खिलाती मां रीता शर्मा।

### आईएएस बनकर देश की सेवा करेंगी अंशिका

92.4 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा पास करने वाली अंशिका सिंह जानकीपुरम की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनके पिता लाल प्रताप सिंह पढ़ाई में बहुत मदद करते थे। इसके साथ ही मां शशि सिंह का भी अहम योगदान है। बताया कि पढ़ाई को लेकर बहुत ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए, जो भी पढ़े पूरे मन से पढ़े इससे हमें सफलता जरूर मिलती है। उनकी इस सफलता के पीछे शिक्षकों के साथ-साथ मां फातिमा का भी अहम योगदान है।



अपने माता-पिता के साथ छात्रा अंशिका सिंह। अमृत विचार

### घर में भी पढ़ाई का टाइम टेबल जरूरी : अविरल



अपने माता-पिता के साथ खुशी का इजहार करते छात्र अविरल दिक्षित।

12वीं में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले अविरल दिक्षित ने आईआईएम रोड के निकट रहते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई के लिए स्कूल के साथ-साथ घर पर भी टाइम टेबल बनाकर पढ़ना चाहिए। अविरल के पिता नवीन प्रकाश दिक्षित प्राइवेट कोचिंग में पढ़ाते हैं जबकि मां रेनू दिक्षित गृहिणी हैं। अविरल ने बताया कि वह कप्यूटर साइंस विषय से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। इसके लिए वह आईआईटी में प्रवेश के लिए तैयारी करेंगे।

### तनाव से दूर रहकर मन से पढ़ना जरूरी : निवेदिता



12वीं परीक्षा में पास होने पर छात्रा निवेदिता को मिठाई खिलाती मां।

97.2 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा पास करने वाली निवेदिता राजवंशी बख्शी का तालाब छठामील में रहती हैं। निवेदिता ने कहा कि तनाव को किसी भी कीमत पर पास नहीं आने देना चाहिए और मन से पढ़ाई करना जरूरी होता है, तभी हमें सफलता हासिल हो सकती है। उन्होंने बताया कि स्कूल टाइम के बाद वह घर पर भी नियमित जब तक मन करता था पढ़ती थी। निवेदिता के पिता जगतपाल प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि मां फूलमती गृहिणी हैं। उन्होंने अपने शिक्षकों को भी सफलता का श्रेय दिया।

### घंटों नहीं, मन से पढ़ना है जरूरी : आलिया

97. 2 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा पास करने वाली खुर्रम नगर निवासी आलिया खातून ने कहा कि स्कूल के बाद घर पर घंटों तक पढ़ना जरूरी नहीं है। जरूरी ये है कि जितना समय भी आप पढ़ाई करें उतना पूरे मन से करें तभी सफलता मिलती है। आलिया ने बताया कि उनकी सफलता की पीछे उनकी मां रुखसाना खातून का बहुत अहम योगदान है। वो हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती रहती है। अब वह सीए बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।



छात्रा आलिया को मिठाई खिलाती मां रुखसाना खातून। अमृत विचार

### नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनेंगी प्रतिश्री

94 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा पास करने वाली जानकीपुरम निवासी छात्रा प्रतिश्री मिश्रा अब नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना चाहती हैं। उनके पिता आशीष मिश्रा बीकेटी ब्लॉक में सरकारी शिक्षक हैं। वहीं मां अर्चना मिश्रा सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि उनकी खुद की इच्छा है कि वह डॉक्टर बनकर देश की सेवा करें। प्रतिश्री ने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने महसूस किया कि देश में डॉक्टरों का कितना योगदान है। इसलिए उन्होंने डॉक्टर बनने का निर्णय लिया। प्रतिश्री ने सेंट मेरी इंटर कॉलेज से पढ़ाई की है।



परिजनों के साथ छात्रा प्रतिश्री मिश्रा। अमृत विचार

## इनका रिजल्ट भी रहा बेहतरीन



एलपीएस के सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

### बोर्ड परिणाम में चमके एलपीएस के बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** कक्षा-12 में एलपीएस, वृन्दावन योजना शाखा की सुहानी सिंह ने 97 .00 प्रतिशत व अनुष्का धनंजय पाठक, आम्रपाली शाखा की दिव्या शुक्ला व मो. रहीम खान, गोमतीनगर शाखा की वेदान्त मुरारका ने 96 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। वहीं कक्षा-10 में एलपीसी, गोमतीनगर ब्रांच के राज द्विवेदी ने 97 .80 प्रतिशत व वेदान्त वर्मा 97 .40 प्रतिशत, वृन्दावन योजना शाखा की आकांक्षा तिवारी ने 96 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एसपी सिंह ने सभी बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को हार्दिक बधाई दी।



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले मेधावियों के साथ शिक्षक।

### अवध कॉलीजिएट का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर स्थित अवध कॉलेजिएट का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं की छात्रा दिलप्रीत व 10वीं की अनन्या ने 97 .4 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 12वीं के 517 बच्चे एवं 10वीं के 694 बच्चे शामिल हुए थे। विद्यालय के सभी छात्रा-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। इनमें से 12वीं के 12 व 10वीं के 24 छात्र-छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की निदेशिका जतिंदर वालिया ने बताया कि दिलप्रीत एवं अनन्या ने बोर्ड परीक्षा के लिए बहुत ही कड़ी मेहनत की है। जिसके चलते दोनों ने क्रमश : 98 व 97 .4 प्रतिशत अंक हासिल किया।




सेंट्रल एकेडमी में अच्छे अंकों के साथ पास होने वाले मेधावी। अमृत विचार

### सेंट्रल एकेडमी में शत प्रतिशत रहा परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेंट्रल एकेडमी की इंदिरा नगर शाखा का कक्षा 10 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। रुद्र विश्वकर्मा 97 .8 प्रतिशत लेकर विद्यालय में टॉपर रहे। 96 .4 प्रतिशत अंकों के साथ मोहम्मद अली कलाम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिखर सिंह पाल 96 .4% अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। इस वर्ष 286 विद्यार्थी कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मलित हुए थे, जिनमें से 68 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी तरह से कक्षा 12 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष 311 विद्यार्थी कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मलित हुए। जिनमें से 34 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विज्ञान शाखा में क्षितिज नारायण 97 .6% विद्यालय में टॉपर रहे। कॉमर्स शाखा में 95 .02% से आयुष दुबे टॉपर बने। कला वर्ग के विद्यार्थियों में सौम्या अवस्थी 94% अंकों के साथ विद्यालय टॉपर रही।



अभ्युदय दीक्षित
प्रतिशत : 96 .2
कक्षा : 10, आरएलबी



सिद्धान्त सिंह
प्रतिशत : 92
कक्षा : 10, एलपीएस



मानस गुप्ता
प्रतिशत : 96 .2
कक्षा : 10, सेंट्रल एकेडमी

## परिणाम देख खिले चेहरे



खुशी का इजहार करते हुए जीडी गोएंका के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### जीडी गोएंका : 12वीं में 98% अंकों के साथ समृद्धि आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीएसई 12वीं के परिणाम में जीडी गोएंका पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने भी सफलता हासिल की है। 12वीं में समृद्धि सिंह 98% अंकों के साथ सबसे आगे हैं। वहीं 97 .4% के साथ आस्था मिश्रा दूसरे व 97 .2% के साथ आर्यन पांडे तीसरे स्थान पर हैं। वहीं 10वीं के परिणाम में 97 .2% अंकों के साथ स्कूल टॉपर दर्श मिश्रा हैं। उजेशा मिश्रा 96 .8% के साथ दूसरे व आयुष सिंह 96 .6% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। 65 से अधिक छात्रों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल के चेयरमैन सर्वेश गोयल ने सभी मेधावियों को बधाई दी है।




अच्छे अंकों के साथ पास होने वाले एसकेडी के मेधावी। अमृत विचार

### एसकेडी में शत प्रतिशत रहा परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसकेडी एकेडमी में सीबीएसई 10वीं और 12वीं के परिणाम में वृंदावन व विक्रांत खंड ब्रांच के बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वृंदावन ब्रांच 12वीं में नन्दिनी सिंह ने 97 .4% अंक प्राप्त किए, इसके साथ-साथ अनुष्का सिंह एवं शैशवी सिंह ने 97% एवं शुमी यादव ने 96 .4% प्राप्त किए। विक्रांतखंड ब्रांच, क्लास 12वीं में परीक्षा में स्कूल टॉपर हंसिका ने 95 .8% अंक प्राप्त किए। वहीं विक्रांत खंड ब्रांच कक्षा-10वीं की परीक्षा में स्कूल टॉपर आदित्य कुमार उपाध्याय 96 .4% अंकों के साथ रहे।

## इंजीनियरिंग-मेडिकल क्षेत्र के लिए 10वीं के मेधावियों ने बनाया मन

### नियमित पढ़ाई और मॉडल पेपर ने दिलाई कामयाबी



छात्र अन्वेष पटेल

99% प्रतिशत अंक हासिल कर 10वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले साउथ सिटी स्थित द मिलेनियम स्कूल के छात्र अन्वेष पटेल ने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते है। इसके लिए आईटी सस्थान में पढ़ाई करने का सपना है। उनके पिता डॉ. अशोक कनौजिया पीजीआई में डॉक्टर है जबकि मां डॉ. काति सिंह भी मेडिकल से सेवा दे रही है। उन्होंने कहा कि वह इस सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देना चाहते है। परीक्षा से दो माह पहले से नियमित पढ़ाई करता रहा और मॉडल पेपर से सवाल हल करने पर यह कामयाबी मिली। बेहतर परिणाम पर बताया कि यह अंक मेरे भविष्य का रास्ता तय करने में साथ देंगे। सोशल मीडिया पर नहीं है लेकिन इंटरनेट के माध्यम से पढ़ाई करता रहा है।

### कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहती है इरम फातिमा



मां के साथ छात्रा इरम फातिमा। अमृत विचार

97.4 अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास करने वाली कल्यापुर निवासी इरम फातिमा कार्डियोलॉजिस्ट विभाग की डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उनके पिता इजहार अहमद यूपी पुलिस में हैं। मां नसीम फातिमा गृहिणी हैं। इरम ने कहा कि वह स्कूल के साथ-साथ नियमित घर पर दो से तीन घंटे पढ़ाई करती थी। उनकी इस सफलता के पीछे शिक्षकों के साथ-साथ मां फातिमा का भी अहम योगदान है।

### अच्छे करियर के लिए अभी से करें मंथन : समृद्धि

98.2 अंक हासिल कर 10वीं की परीक्षा पास करने वाली इंदिरानगर निवासी समृद्धि तिवारी ने बताया कि उनका लक्ष्य एनडीए में जाकर देश सेवा करने का है। उन्होंने अपनी इच्छा से इस करियर को चुना है। वह अभी से इसके बारे में पढ़ती भी रहती हैं। उनके पिता नीरज तिवारी पुलिस की फायर ब्रिगेड यूनिट में तैनात हैं। जबकि मां पूनम तिवारी गृहिणी हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को 10वीं की परीक्षा के बाद से अपने करियर पर विचार मंथन शुरू कर देना चाहिए तभी सफलता मिलती है।



परिजनों के साथ छात्रा समृद्धि तिवारी। अमृत विचार

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई करेंगे अर्श आलम

95.6 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास करने वाले गुडंबा निवासी अर्श आलम ने बताया कि उनके पिता मुस्तकीम अहम इंस्पेक्टर हैं। वर्तमान में वह बाराबंकी के देवा कोतवाली में तैनात हैं। मां नसरीन बनो गृहिणी हैं। वह अपना करियर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बनाना चाहते हैं। आगे चलकर उनकी तैयारी रहेगी कि वह आईआईटी में प्रवेश पाये और इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर सकें।उनके पिता की भी इच्छा है कि वह एक इंजीनियर बने।



मां नसरीन बनो के साथ खुशी का इजहार करते छात्र अर्श आलम। अमृत विचार

### मैकेनिकल इंजीनियर बनेंगी खुशी



मां सुनीता वर्मा के साथ छात्र खुशी। अमृत विचार

97.4 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास करने वाले इंदिरा नगर निवासी खुशी वर्मा ने बताया कि वह मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहती हैं लेकिन इससे पहले वह 12वीं की परीक्षा पास करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी। खुशी ने बताया कि उनके पिता कृष्णकुमार की भी इच्छा है कि वह इंजीनियर बनें। वहीं मां सुनीता वर्मा ने उनकी इस सफलता में अहम योगदान दिया है। वह नियमित सुबह पढ़ने के लिए उठा देती है।

### भाई से प्रेरणा ले सेना में जाना चाहती हैं अरूषि वर्मा



भाई के साथ मेधावी छात्रा अरूषी वर्मा। अमृत विचार

95.2 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास करने वाली कल्याणी विहार निवासी अरूषी वर्मा भारतीय सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनके भाई हेमंत वर्मा यूपी पुलिस में एसआई के पद पर तैनात हैं। उन्हीं से प्रेरणा मिली जिससे वह सेना में जाने का निर्णय लिया। अरूषी के पिता जी शैलेन्द्र कुमार बिजनेसमैन हैं जबकि मां गृहिणी हैं। वह नियमित दौड़ का अभ्यास अभी से कर रही हैं। उन्होंने इसके लिए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक दक्षता के लिए भी शेड्यूल बना लिया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### प्रवेश फार्म लेने कॉलेज निकली नाबालिग लापता

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज क्षेत्र में घर से कॉलेज निकली नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस को बड़ी बहन ने प्रार्थना-पत्र दिया। प्रार्थना-पत्र में कहा 10 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे 15 वर्षीया छोटी बहन एक निजी कॉलेज में प्रवेश फार्म लेने की बात बोलकर घर से निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुये अज्ञात पर बहन को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता ने कहा छात्रा को जल्द सुरक्षित बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

### नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित मां ने प्रार्थना पत्र दिया था। बताया था नाबालिग बेटी को शेर सिंह उर्फ शेरू निवासी महमूदपुर, थाना कासिमपुर, जिला हरदोई शादी का झांसा देकर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को सोमवार को दुबग्गा के झाखड़बाग अंडरपास के समीप गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिग को परिजन के सुपुर्द किया है।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर क्षेत्र में घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले युवक पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय किशोरी रविवार रात घर में सो रही थी। देर रात शिवा नामक युवक घर में घुस किशोरी का मुंह दबा छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह चंगुल से छूट किशोरी ने शोर मचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। इस बीच परिजन को आया देख आरोपी भाग निकला।

# साइबर जालसाजों ने बनाए दस नए ठिकाने

## मेवात, बंगलुरू, नोएडा, मुंबई, दिल्ली और हरियाणा से कर रहे ठगी

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

- झारखंड का जामताड़ा नहीं रहा साइबर जालसाजों का गढ़
- कई मामले में पुलिस ने इन स्थानों से गिरफ्तारी भी की



अमृत विचार : साइबर जालसाजों का गढ़ झारखंड का जामताड़ा नहीं रह गया है। जालसाजों ने देश में अब 10 नए ठिकाने बना लिए हैं। साइबर ठग इन ठिकानों से नए तरीके अपनाकर लोगों के खाते खाली कर रहे हैं। कई मामले में पुलिस ने इन स्थानों से आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। नये ठिकानों की पुष्टि साइबर क्राइम के अधिकारी भी कर रहे हैं।

करीब सात साल पहले तक झारखंड का जामताड़ा साइबर ठगों का गढ़ हुआ करता था। कहा जाता था कि जालसाजों को जामताड़ा में किसी भी राज्य की पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है। इस मिथक को सीओ हजरतगंज दिनेश यादव के नेतृत्व में लखनऊ पुलिस ने सात साल पहले तोड़ा। टीम ने जामताड़ा में पहली बार दबिश दी और वहां से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद तो लखनऊ पुलिस ने 30-35 बार दबिश दी और आरोपियों को गिरफ्तार कर रकम बरामद की। कई बड़े मामलों का खुलासा भी किया। पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से साइबर जालसाजों के गढ़ में खलबली मच गई। धीरे-धीरे यहां से जालसाजों का गिरोह अन्य राज्यों की तरफ जाने लगा।

**यहां बनाया नया ठिकाना :** पिछले पांच से सात सालों में साइबर जालसाजों ने अब देश में 10 नए ठिकाने बना लिए है। इसमें जामताड़ा तो शामिल है ही, इसके अलावा हरियाणा और राजस्थान सीमा पर स्थित मेवात, दिल्ली, मुंबई, प. बंगाल का सिलीगुड़ी, बंगलुरू, हैदराबाद, पुणे, नोएडा और गुरुग्राम शामिल है। सभी जगह से अलग-अलग तरह की ठगी की जा रही है।

**मेवात के जालसाजों ने किया परेशान :** जामताड़ा के बाद सबसे अधिक नाम राजस्थान और हरियाणा के सीमावर्ती इलाके मेवात का आता है। यहां के ठगों ने नया तरीका निकाला। मेवात के मुस्लिम बहुल क्षेत्र से ठगी का काम शुरू हुआ। यहां के युवक व युवतियों का गिरोह पहले फेसबुक पर दोस्ती करता। इसके बाद मोबाइल नंबर हासिल कर देर रात करीब 2 से 4 बजे के बीच में वीडियो कॉल करते है। शुरुआती दौर में युवती बात करती है। अचानक से मोबाइल की स्क्रीन पर निवस्त्र हो जाती। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वसूली का खेल शुरू होता। इनके निशाने पर 50 से अधिक उम्र के लोग होते थे। खास बात यह कि फेसबुक से पूरे परिवार की जानकारी हासिल भी कर लेते थे। वीडियो उनको भेजने की बात कहकर खातों में रकम मंगाते।

### कॉल सेंटर की आड़ में करते हैं ठगी

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि जामताड़ा अब नाम का गढ़ रह गया है। हरियाणा और राजस्थान सीमा पर स्थित मेवात, दिल्ली, मुंबई, प. बंगाल का सिलीगुड़ी, बंग्लूरू, हैदराबाद, पुणे, नोएडा और गुरुग्राम अब नए ठिकाने बन गए हैं। इन नए ठिकानों से ठगी के लिए कॉल सेंटर खोलते हैं। जिसमें 30-50 युवकों को शिफ्ट में काम देते है। इनमें उनके गिरोह के सदस्य भी होते हैं। जो नंबरों पर कॉल कर निवेश, शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो करंसी, प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए लोगों को कहते है। मोटा मुनाफा होने की गारंटी भी देते है। इनके नाम पर ठगी करते। कुछ दिन बाद कॉल सेंटर बंद कर दूसरे शहर शिफ्ट हो जाते। साइबर क्राइम थाना प्रभारी बृजेश यादव के मुताबिक ऐसे सैकड़ों गिरोह सक्रिय है। इनमें कई गिरोह के सदस्यों को टीम ने पकड़ा है। टीमें ऐसे गिरोहों की कुंडली खंगाल रही है।

### दिल्ली बंगलुरू हैदराबाद व मुंबई से ठगी

इसके अलावा साइबर जालसाजों का गिरोह दिल्ली, बंग्लूरू, हैदराबाद व मुंबई में सक्रिय है। इस गिरोह के निशाने पर रिटायर्ड अधिकारी, बैंक कर्मी, चिकित्सक, व्यापारी, उद्योगपति रहते हैं। गिरोह के सदस्य फेसबुक पर दोस्ती करते। इसके बाद नंबरों का आदान प्रदान करते। फिर बातचीत के दौरान मोटी कमाई करने का रास्ता बताते है। इसके लिए टेलीग्राम नाम के प्लेटफार्म बनाए गए ग्रुप से लोगों को जोड़ते। उनको टास्क देते। शेयर और क्रिप्टो करंसी में निवेश करने का लालच देते। शुरुआत के दो-तीन बार उनको मोटी रकम वापस करते है। फिर एक साथ लाखों रुपये के निवेश पर 5 से 6 सौ गुना मुनाफा दिलाने का झांसा देते। रकम आने के बाद सभी ग्रुप से अलग हो जाते और अपना मोबाइल बंद कर लेते है। इस तरह के गिरोह का खुलासा कुछ दिन पहले साइबर क्राइम थाने की टीम ने भी किया। इसमें दिल्ली और मुंबई के ज्यादा आरोपी पकड़े गए।

### लिंक पर 51 रुपये भेजते ही बैंक खाते से 72 हजार पार

अमृत विचार, लखनऊ : गूगल सर्च से मिले कस्टमर केयर नंबर पर महिला को कॉल करना महंगा पड़ा। दूसरी तरफ से बात करने वाले ने मैकेनिक की फीस एडवांस में 51 रुपये भेजने का झांसा देकर लिंक भेजा। जिस पर 51 रुपये ट्रांसफर करते ही युवती के खाते से करीब 72 हजार रुपये ट्रांसफर हो गये। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के मुन्नावर बाग रेलवे कॉलोनी निवासी संगीता शर्मा के मुताबिक उनका टीवी खराब हो गया था। 10 मई को गूगल सर्च से मिले टीवी कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। शाम 4 बजे मोबाइल फोन पर काल आई। दूसरी तरह से बोल रहे व्यक्ति ने टीवी मरम्मत को मैकेनिक भेजने के लिए एड्रेस और एक लिंक भेजकर एडवांस के तौर पर 51 रुपये भेजने को कहा। संगीता ने भरोसा कर भेजे गये लिंक पर जैसे ही 51 रुपये भेजे। इसके बाद महज दो मिनट के अंदर उनके बैंक खाते से तीन बार में और 72872 रुपये ट्रांसफर हो गये। बैंक का मैसेज आने पर ठगा पता चला। दोबारा उसी नंबर पर काल की तो बंद मिला। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया आईटी एक्ट में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# जालसाजों ने युवती से ठगे 1.94 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठगी से आहत युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया तब पता चली घटना
- पीड़ित मां ने गाजीपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट




अमृत विचार : गाजीपुर क्षेत्र निवासी युवती से चार युवकों ने मुंह बोला भाई बनकर 1.94 लाख रुपये ठग लिये। जालसाजों ने युवती के लिये मंगाये गिफ्ट एयर पोर्ट पर कस्टम द्वारा पकड़े जाने व कस्टम क्लीयर नहीं होने पर चारों को जेल भेजे जाने का झांसा दे लिये ट्रांसफर कराये थे। ठगी से आहत युवती ने आत्महत्या की कोशिश की तब परिजन को घटना पता चली।

पुलिस के मुताबिक, लवकुशनगर निवासी सना सिद्दीकी की बेटी एक ब्यूटी पार्लर में काम करती है। 22 मार्च 2024 इंस्टाग्राम पर रवि कुमार, राणा प्रताप सिंह, विपिन व मनोज उनकी बेटी के मुंहबोले भाई बने थे। इस बीच चारों की बातचीत होने लगी।

जालसाजों ने बेटी से कहा कि आपको रुपये, जेवर व आई फोन उपहार में देना चाहते हैं। बेटी ने आरोपियों को आधार कार्ड की फोटो व क्यू आर कोड भेज दिया। कुछ देर बात मनोज ने बेटी को कॉल कर कहा आपका समान एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया है।

कस्टम क्लीयर के रुपये नहीं देने पर परिवार को जेल भेज दिया जायेगा। झांसे में आकर बेटी ने 1.94 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद चारों के मोबाइल स्विच ऑफ हो गये। तब बेटी को ठगी का एहसास हुआ। मां का कहना है कि ठगी के कारण तनाव में बेटी ने आत्महत्या की कोशिश की। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया चोरों आरोपियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जायेगा।

# पलेवा करने गए किसान का पानी में मिला शव

संवाददाता, बीकेटी

- परिजन ने मोटर से पानी में उतरे करंट से मौत की जताई आशंका
- महिगवां थाना क्षेत्र का मामला परिजन का आरोप से इंकार

अमृत विचार : महिगवां क्षेत्र में रविवार रात ट्यूबवेल से खेत में पलेवा करने गये किसान का शव पानी में पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस के मुताबिक हेमी निवासी मनमोहन सिंह (40) गांव के लल्लन सिंह का खेत बटाई पर लिये थे। रविवार रात ट्यूबवेल से खेत में पलेवा करने पहुंचे थे। देर रात परिजन पहुंचे तो मनमोहन सिंह पानी में मृत मिले। शव औंधे मुंह पानी में पड़ा था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन से पूछताछ की। पत्नी गीता ने बताया कि उनके तीन पुत्रियां हैं जो अभी अविवाहित हैं। ग्रामीणों ने बताया मनमोहन शराब पीने का आदी था। पत्नी ने आरोप से इंकार कर मौत के कारणों की जांच कराने की मांग की। उन्होंने करंट से भी मौत होने की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### सड़क से ठेला हटाने को कहा तो दुकानदारों ने पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई क्षेत्र में रविवार रात सड़क पर ठेला लगाने का विरोध करने पर दुकानदारों ने प्रॉपर्टी डीलर को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आठ दुकानदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक तेलीबाग निवासी हिमांशु सिंह जमीन का कारोबार करते हैं। वे अपने मित्र सुनील सिंह के साथ तेलीबाग को जा रहे थे। वृंदावन कॉलोनी गेट पर ठेलों की वजह से जाम लगा था। हिमांशु ने दुकानदारों से ठेला किनारे करने को कहा तो दुकानदार गाली देने लगा। विरोध करने पर सात-आठ दुकानदारों ने रॉड से हमला कर दिया। सुनील की सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर बृजेश चंद तिवारी ने बताया अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हादसे में बैंक प्रबंधक समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर हुआ हादसा

- लखनऊ के रहने वाले थे बैंक प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव

अमृत विचार : मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर सोमवार सुबह डोमघर गांव के पास तेज रफ्तार कार गैस के कैप्सूल (टैंकर) में जा घुसी। टैंकर में फंसी कार घिसटती हुई पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार लखनऊ निवासी एक्सिस बैंक प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव समेत तीन की मौत हो गई। हादसा बंदर को बचाने के चक्कर में हुआ। तीनों चंदौसी बैंक में ड्यूटी करने जा रहे थे।

मूलरूप से लखनऊ के कृष्णानगर सिंधुनगर निवासी सौरभ श्रीवास्तव मुरादाबाद में आकाश अपार्टमेंट में रहते थे। वह एक्सिस बैंक में बतौर प्रबंधक तैनात थे। सोमवार को उनके साथ फिरोजाबाद निवासी कैशियर दिव्यांशु भारद्वाज और बीमा कंपनी के एजेंट अमित राणा सुबह 8 बजे चंदौसी जा रहे थे। सौरभ कार चला रहे थे। हाईवे पर डोमघर गांव के पास बंदर को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू होकर सामने से आ रहे कैप्सूल में घुस गई। पेड़ से टकराने पर कैप्सूल रुका। पुलिस व राहगीरों ने कार में फंसे तीनों को निकालने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। बाद में कार को काटा गया। सौरभ और दिव्यांशु की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अमित राणा ने जिला अस्पताल लाते वक्त दम तोड़ दिया।

कुंदरकी और मैनाठेर पुलिस के अलावा, सीओ बिलारी राजेश यादव, एसपी देहात संदीप कुमार मीणा भी घटनास्थल पर पहुंच गए। कैप्सूल चालक और क्लीनर फरार हो गए। एसपी देहात ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। सौरभ के ममेरे भाई शशांक ने बताया कि ट्रांसफर होने के बाद पत्नी अमिता और बच्ची के साथ वहीं रहने लगे थे। हाल में सौरभ के पिता की तबीयत खराब हुई थी। तब परिवार के साथ लखनऊ आए थे। हादसे की खबर मिलते ही सौरभ के रिश्तेदार घर पहुंच गए।

# ड्यूटी से घर लौट रही युवती को रास्ते में रोक कर छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विरोध पर मारने की धमकी गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: गोमतीनगर क्षेत्र में ड्यूटी से घर लौट रही युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी जान ने जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने गोमतीनगर थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। प्रार्थना-पत्र में पीड़िता ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। रविवार शाम करीब 7:30 बजे ड्यूटी से घर लौट रही थी। रास्ते में आरोपी श्रवण कुमार जबरन रोककर रोक छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी भाग निकला। पीड़िता के मुताबिक पहले श्रवन से फोन पर बात करती थी। आठ माह से बातचीत नहीं हुई। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया श्रवण कुमार पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# दूसरे निकाह की सहमति नहीं देने पर महिला को दिया तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिव्यांग बेटे का जन्म होने से ससुरालीजनों प्रताड़ित कर घर से निकाला
- गाजीपुर थाने में अयोध्या निवासी छह आरोपियों पर प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : गाजीपुर निवासी महिला को अयोध्या में रहने वाले पति ने तीन तलाक दे दिया। आरोप है कि दिव्यांग बेटे का जन्म होने पर पति दूसरे निकाह की सहमति के लिये दबाव बना रहा था। बात नहीं मानने पर मारपीट कर प्रताड़ित करने के बाद महिला को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की ।

गाजीपुर निवासी महिला ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 21 नवंबर 2004 में उनका निकाह अयोध्या के रुदौली निवासी युवक से हुआ था। 17 अक्टूबर, 2007 में बेटा हुआ जो दिव्यांग था। काफी इलाज के बाद भी बेटे की हालत में सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि दूसरी संतान नहीं होने पर पति व ससुरालीजन उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वहीं पति उन पर दूसरे निकाह की सहमति का दबाव बनाने लगा। इस बीच एक रिश्तेदार छेड़छाड़ की। विरोध पर सास व पति ने उल्टे उसी की पिटाइ कर दी। 15 नवंबर, 2023 को पीड़िता की बहनें घर आई थीं। उनके सामने ही तलाकनामा थमा दिया। बहनों ने विरोध किया तो घर से निकाल दिया। घटना पता चलने पर पीड़िता की मां की तबीयत खराब हो गई और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पीड़िता मायके चली गई। वहां से 2 दिसंबर को ससुराल लौटीं तो पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# चोरों ने किसान व शिक्षिका के घर से 13 लाख का सामान किया पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैरपुर और बंथरा थाना क्षेत्र में हुईं चोरी की वारदात

अमृत विचार: चोरों ने सैरपुर क्षेत्र में किसान और बंथरा में निजी स्कूल की शिक्षिका के घर को निशाना बनाया। दोनों घरों से चोर गहने और नकदी समेत करीब 13 लाख का सामान चुरा ले गये। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

सैरपुर थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी किसान शंकरलाल ने बताया कि रविवार खाना खाकर परिवार के सभी सदस्य सो गये थे। सोमवार सुबह परिजन जागे तो कमरे और अलमारी के ताले टूटे व फर्श पर सामान बिखरा मिला। चोर अलमारी में रखे छह लाख रुपए नकद, एक जोड़ी झुमकी, चेन, एक अंगूठी, दो जोड़ी पायल चुरा ले गये। पीड़ित ने पुलिस को दिये प्रार्थना- पत्र में करीब 10 लाख की चोरी होने की बात कही है। उधर, बंथरा में रहने वाली निजी स्कूल की शिक्षिका रीता गोस्वामी के मुताबिक मेन गेट का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 3 लाख के गहने और 50 हजार रुपये की नकदी चोरी हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर प्रार्थना-पत्र के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार में आगे बैठने को लेकर दोस्तों में मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : विकासनगर में सोमवार को कार में आगे की सीट पर बैठने को लेकर दो दोस्तों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान तलवार से हमला करने की बात भी सामने आई। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों ने सुलह कर लिया। इंस्पेक्टर विकासनगर विपिन सिंह ने बताया कि अलीगंज निवासी एक युवक सोमवार को विकासनगर में रहने वाले दोस्त के साथ उसके गांव बीकेटी जा रहा था। उनके साथ एक युवक और भी था। कार की आगे की सीट पर बैठने को लेकर दोनों दोस्तों के बीच विवाद हो गया। अलीगंज निवासी युवक के पास तलवार थी। विवाद बढ़ने पर उसने अपने दोस्त पर हमला करने के लिए तलवार निकाल ली। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों युवकों को थाने ले आई। उन्होंने कोई कार्रवाई न चाहने की बात कहकर आपस में लिखित समझौता कर लिया।

# नशे में धुत युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, निगोहां

- निगोहां थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव का मामला



अमृत विचार: निगोहां थाना क्षेत्र में नशे में धुत युवक ने कमरा बंद कर फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन दरवाजा तोड़ कर अंदर पहुंचे तो शव लटका मिला। युवक चार दिन पहले ही पत्नी को मायके भेजकर आया था।

पुलिस के मुताबिक, शेरपुर लवल गांव निवासी सूरज (25) शुक्रवार को पत्नी पिंकी को रायबरेली स्थित मायके भेज कर आया था। रविवार रात करीब 10 बजे नशे में धुत घर पहुंचा। कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के हुक साड़ी का फंदा लगा लिया। देर रात परिजन खाने के लिए बुलाने पहुंचे तो दरवाजा बन्द मिला। बड़े भाई शिव कुमार ने बताया आवाज देने पर जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़ अंदर पहुंचकर फंदा काटकर नीचे उतारा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन आत्महत्या का कारण पता होने से मना कर रहे हैं। शिव कुमार ने बताया नशे का लती था और सनकी था। इंस्पेक्टर निगोहां अनुज तिवारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### युवक का पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव



अमृत विचार, काकोरी : थाना क्षेत्र निवासी गोदरेज साबुन की फैक्ट्री में काम करने वाले युवक का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह दौलीखेड़ा निवासी सचिन यादव (18) का शव ग्रामीणों ने आम के पेड़ से लटका देख परिजन को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पिता बंशीलाल ने आत्महत्या का कारण पता होने से मना किया। सचिन के परिवार में पिता के अलावा मां, बहन कामिनी, भाई नितिन है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# पता पूछने के बहाने महिला से चेन लूटकर बदमाश फरार

संवाददाता, मोहनलालगंज

- देर शाम घूमने निकली थी महिला
- मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव की घटना

अमृत विचार: मोहनलालगंज क्षेत्र में एक बाइक पर सवार दो बदमाश पता पूछने के बहाने महिला की चेन लूट कर फरार हो गये। महिला रविवार देर शाम घूमने निकली थी। पति ने पीड़िता के साथ थाने पहुंच प्रार्थना-पत्र देकर लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव निवासी संजय कुमार की पत्नी गायत्री देवी रविवार शाम साढे. छह बजे के करीब गांव के बाहर से गुजरी आउटर रिंग रोड की सर्विस लेन पर टहल रहीं थी। इसी दौरान काली पल्सर बाइक से आये दो बदमाश पहुंचे। उनकी बगल में बाइक रोक कर पप्पू चौहान नाम के व्यक्ति का पता पूछने लगे। गायत्री ने कहा कि इस नाम का कोई व्यक्ति उनके गांव में नहीं रहता है। इसके बाद वह मुड़कर चलने लगीं। इसी बीच पीछे से एक बदमाश उनका गला दबाने लगा और दूसरे ने चेन लूट ली। बदहवास हालत में उन्हें छोड़ बदमाश बाइक से फर्राटा भरते हुये भाग निकले।

# बस की टक्कर से 12वीं की छात्रा घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आसपास के लोगों ने छात्रा को कमांड अस्पताल में कराया भर्ती
- कैंट थाना क्षेत्र के करियप्पा चौराहे के पास हुआ हादसा

अमृत विचार: कैंट क्षेत्र में सोमवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की रोडवेज बस की टक्कर से 12वीं की छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने बस के नीचे फंसी छात्रा को आनन-फानन निकाल कर कमांड अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस के मुताबिक, कैंट एरिया निवासी सेना से रिटायर्ड जवान संजय कुमार की बेटी स्वीटी (16) आर्मी पब्लिक स्कूल में 12वीं की छात्रा है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह स्कूल से साइकिल पर घर लौट रही थी। करियप्पा चौराहे के पास परिवहन की बस ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छात्रा साइकिल समेत बस के नीचे आ गई। हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बस के नीचे से घायल छात्रा को निकाल करअस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना पर परिजन और पुलिस अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस ने बस कब्जे में ले ली। जबकि हादसे के बाद भाग निकले ड्राइवर की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### खड़ी डीसीएम में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक फरार

अमृत विचार, आलमबाग : थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मौरंग लोड ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में टक्कर मार दी। डीसीएम की चपेट में आया पेड़ गिर गया। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में कानपुर की तरफ से तेज रफ्तार मौरंग लदा ट्रक आ रहा था। पिकेडली तिराहे के पास बेकाबू ट्रक ने रोड किनारे खड़ी डीसीएम में टक्कर मार दी। इससे डीसीएम मंदिर की रेलिंग तोड़ते हुए पीपल के पेड़ से जा टकराई। इससे गिरे पेड़ के नीचे खड़ी पुजारी की कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ कर भाग निकला।

**बुरा हाल** घटिया निर्माण होने से सड़क मात्र डेढ़ महीने के अंदर ही ध्वस्त हो गई

# डेढ़ माह में उखड़ी सड़क, राहगीर हो रहे चोटिल

संवाददाता, बख्शी का तालाब



मरम्मत के डेढ़ माह में ही सड़क पर हुए गड्ढे। अमृत विचार

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्र में संपूर्ण विकास कराने के लिए प्रदेश सरकार प्रशासन को पर्याप्त वजट उपलब्ध करा रही है। इसके बाद भी गावों का विकास नहीं हो पा रहा है।

इसका मुख्य कारण है, कि जिम्मेदार अधिकारी भारी कमीशनखोरी के चक्कर में योजनाओं को पलीता लगाने में लगे है, ऐसा ही एक मामला बीकेटी विकासखंड क्षेत्र में मदारीपुर से किशुनपुर सड़क का सामने आया है। इस सड़क का लगभग डेढ़ महीने पहले डामरीकरण कर विशेष मरम्मत का कार्य किया गया था, जो मात्र बनने से मात्र डेढ़ महीने के अंदर ही उखड़ गई। इसमें जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए है। सड़क की सबसे ज्यादा खराब स्थिति किशुनपुर से बीकामऊ खुर्द तक करीब डेढ़ सौ मीटर की हो गई है। इस डेढ़ सौ मीटर के रास्ते से निकलने में सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को हो रही है। पूरी सड़क पर बड़े चौडे. गहरे गड्ढे हो गए। सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने घटिया और अमानक सामग्री का उपयोग कर इसका निर्माण कर दिया। घटिया निर्माण होने से सड़क मात्र डेढ़ महीने के अंदर ही ध्वस्त हो गई और उसमें बडे बडे गहरे गढ्डे हो गए है। जिससे राहगीर रोजाना चोटिल हो रहें हैं। जबकि सड़क की गारंटी का समय 5 साल रहता है। लेकिन यह मात्र डेढ़ महीने में ही उखड़ गई। इससे इस क्षेत्र के लोगों में ठेकेदार के प्रति भारी रोष व्याप्त है।

### बीबीएयू में दिखा अजगर, मचा हड़कंप

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। लाइब्रेरी के बाहर सड़क से गुजरते अजगर को लेकर कैंपस में मौजूद छात्रों ने सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी। इसी के बाद देर रात तक अफरा तफरी बनी रही। बताते हैं कि बीबीएयू के कुछ छात्र देर शाम लाइब्रेरी से होकर गुजर रहे थे। तभी झाड़ियों से कुछ आवाज सुनाई दी, रुके छात्रों ने देखा तो विशाल अजगर सड़क पर आ गया। ऐसे में कुछ छात्रों ने अजगर का वीडियो बना लिया। छात्रो ने कुलपति प्रो. एनएमपी सिंह सहित अन्य को फोन से सूचना दी और वीडियो भेजा। अजगर को पकड़ने के लिए वन विभाग को भी अवगत कराया गया। देर रात तक परिसर के बीच छात्रों में अफरा-तफरी बनी रही।

# यूपी की मिहिका और शगुन प्री-क्वार्टर फाइनल में

## टेनिस चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर, छठी वरीयता प्राप्त सौम्या और चौथी वरीयता प्राप्त अर्णव सीधे सेटों में पराजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी की मिहिका खन्ना और शगुन कुमारी ने सोमवार को आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज से शुरू हुए मुख्य ड्रा के मुकाबले में मिहिका ने बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त सौम्या रोन्डे को सीधे सेटों में आसानी से 6-0,6-4 से हरा दिया।

मिहिका के शानदार ग्राउंड स्ट्रोक्स और फुटवर्क का पहले सेट में सौम्या के पास कोई जवाब नहीं था। सौम्या ने दूसरे सेट में वापसी की कोशिश की पर मिहिका ने उनको ज्यादा मौके नहीं दिये। यूपी की टॉप प्लेयर शगुन कुमारी ने सिधक कौर को 6-0, 6-3 से हराया। अन्य मुकाबलों में अमेरिका की प्रियंका राणा ने यूपी की शक्ति मिश्रा को आसानी से 6-0, 6-2 से हरा दिया। बालिका वर्ग के एक मुकाबले में रीत अरोड़ा ने बड़ा उलटफेट करते हुए आठवीं वरीयता प्राप्त एस. गौरव दयाल को सीधे सेटों मे हराकर प्री क्वार्टर में अपना स्थान पक्का कर लिया। गोमती नगर के विजयंत खंड स्टेडियम में बालिका वर्ग में हरिता श्रीवैंकटेश, तमन्ना वालिया, जया कपूर, मंदाग्ला प्रिंसी, श्रीनिधी बालाजी, आकृति नारायण सोकुसरे ने अंतिम 16 में जगह पक्की कर ली है।

बालक वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त महालिंगम अकिलंदेश्वर ने इशांत पात्रा को आसानी से 6-2,6-0 से हराकर प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त प्रनील शर्मा ने अश्वजीत को सीधे सेटों में 6-1, 6-0 से हरा दिया। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रवीर ने ओम वर्मा को 3-6, 6-4,7-5 से हरा दिया। भारत के आरव चावला ने नेपाल के खिलाड़ी सक्षम बिक्रम शाह को 6-1,6-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली है। वहीं प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अर्णव यादव को कड़े मुकाबले में 7-6(3),6-3 से हरा कर सबको चौंका दिया। इसके अलावा फतेह सिंह, वर्चस्व थापलियाग, तेजस अहूजा, अरमान वालिया ने भी अगले दौर में जगह बना ली है। इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉलसन ने किया।



आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप में प्रतिभागियों के साथ एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉलसन। अमृत विचार

## पवन के खेल से जीता डिवाइन क्लब

**अमृत विचार, लखनऊ :** पवन के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर डिवाइन क्रिकेट क्लब ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मुकाबले में यूनिटी क्रिकेट अकादमी को 14 रनों से हरा दिया। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डिवाइन क्लब ने 34.2 ओवर में 242 रन बनाए। पवन ने 50 गेंदों में 69 रनों की पारी खेली। उन्होंने दस चौके और तीन छक्के लगाए। अभिषेक ने 54 रन बनाए। जवाब में यूनिटी अकादमी ने 37.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 228 रन बनाए। कर्तव्य ने 57 रन और हादी इमरान ने 47 रन बनाए। डिवाइन की ओर से मो.फहद ने 5, करण सैनी ने 3, पवन और अभिषेक यादव को 1-1 विकेट मिला।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सं० | 02/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ0/2024-25 |
|---|---|
| 1 कार्य का नामः | लखनऊ मंडल के अंतर्गत पीएससी स्लैब के साथ 12.2 मीटर तक स्टील गर्डर के प्रतिस्थापन के लिए पीएससी स्लैब का कास्टिंग का कार्य पुल सं0 5(2*3.05), 10A(1*3.05), 196(1*3.05), 18A(3*5.82), 29DN (1*2.25), 495DN (1*2.3), 444UP (3*5.30), 63A (2*4.57), 300 (1*6.10), 252(2*6.10), 196 (1*3.05), 292B(1*2.74), 291(1*2.74), 10ए(1*3.50), 151(2*3.66), 85(2*6.1+1*12.20), 224(2*6.1+1*12.20), 47 (1*0.30), 151(2*3.66), 151(7*9.14), 14डीएन(1*9.15), 151(7*9.14), 539डीएन(1*7.32),87एयूपी(1*9.15),1यूपी(1*9.15), 472डीएन(1*9.15), 361(3*9.14) 375(2*9.14) 131ए(2*9.15), 252 (2*7.00), 15 डीएन (1*12.2) और स्लैब कास्टिंग कार्य से संबंधित सुविधाओं का विकास करना |
| 2 अनुमानित लागत | रू० 95902831.9 |
| 3 बोली सुरक्षा राशि | रू० 629600/- |
| 4 कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 24.05.2024 |
| 6 निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 07.06.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगे एंव निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |

7 न्यूनतम पात्रता की शर्तेः

अ **तकनीकीः** (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदाआमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** एक समानकार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए।

ब **वित्तीयः** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन ) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) =कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा।

8 **एक समान कार्यः** किसी भी पुल के काम में प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट गर्डर/पीएससी स्लैब का निर्माण एक अलग या संयुक्त कार्य में।

9 **वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म०, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ।

**नोट :-** 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग, पेमेंट गेटवे या बैक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू०सं०-02/डब्ल्यू/बी0डब्ल्यू०एस०/सी0बी0/एल0के0ओ/2024-25
दिनांक 11.05.2024 1438/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## एक नजर

### मुख्य सचिव से मुलाकात कर मांगा नर्सिंग भत्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा से मुलाकात कर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग और 14 स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में भी 7200 रुपये प्रति माह नर्सिंग भत्ता दिए जाने के मांग की। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सरिता भारती ने बताया कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत नियमित स्टाफ नर्सों को नर्सिंग भत्ता दिया जा रहा है, लेकिन राज्य सरकार नर्सों को नर्सिंग भत्ता नहीं दे रही है।

### बेहटवा गांव में 25 करोड़ की जमीन कराई कब्जामुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने सरोजनी नगर तहसील के बेहटवा गांव में 25 करोड़ की जमीन से कब्जा हटवाने के साथ घेराबंदी करके अपना बोर्ड लगा दिया। साथ ही अतिक्रमण करने वाले संजय रस्तोगी के विरूद्ध सरोजनीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। गा टा संख्या 253 में 0.449 हेक्टेयर नगर निगम की भूमि ऊसर खाते में दर्ज है। गाटा संख्या 259 व 237 जिसका रकवा 0.177 हेक्टेयर था, उसमें संजय रस्तोगी द्वारा 380 वर्ग मीटर भूमि को बाउंड्री वॉल बनवा कर अवैध कब्जा कर लिया था। साथ ही ऊसर खाते की 0.449 हेक्टेयर जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। अवैध कब्जे की सूचना न देने पर लेखपाल तनुज मदान के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

### समाचार पत्र वितरक को पितृ शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक प्रमोद श्रीवास्तव के पिता सीता गुरु प्रसाद का रविवार शाम निधन हो गया।उनकी उम्र करीब 90 वर्ष थी वे कई माह से बीमार थे। वे अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया गया। इस मौके पर वितरक छोटे लाल यादव, अनिल कुमार यादव, राजू टेलर, बलिंदर सिंह के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या वितरक, अखबारों के कर्मचारियों और अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शास्त्रीय नृत्यों व वाद्यों की प्रशिक्षण कार्यशाला कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय 15 मई से 22 जून तक ग्रीष्मकालीन संगीत अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस कार्यशाला में शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, लोकगीत के साथ ही विभिन्न शास्त्रीय नृत्यों और वाद्यों का वादन सिखाया जायेगा।

कार्यशाला के संयोजक डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि इस कार्यशाला में तबला, पखावज, ढोलक, सितार, वायलिन, वेस्टर्न गिटार, बांसुरी, हारमोनियम और कीबोर्ड वादन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। पेंटिंग और क्ले माडलिंग के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी इस कार्यशाला में की गई है।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में ओडिसी नृत्य सिखाने की व्यवस्था पहली बार की गई है। मणिपुरी नृत्य भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पहले सिखाया जाता था।

# प्रिंस सागर के गोल से सैफई चैंपियन

## सुब्रतो कप के फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रिंस सागर के शानदार खेल की बदौलत 68वीं राज्य स्तरीय अंडर-15 आयु वर्ग सुब्रतो कप के फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में खेले गए फाइनल में सैफई ने मेजबान स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को 1-0 से हरा दिया।

जीत के लिए दोनों टीमों के बीच जोरदार संघर्ष हुआ। शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए। पहली सफलता स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को मिली। सैफई के प्रिंस सागर ने प्रथम मध्यांतर के 28वें मिनट में लखनऊ की रक्षा पंक्ति को भेद कर गोल दागने में कामयाबी हासिल की। इस गोल के साथ ही सैफई ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे मध्यांतर में भी दोनों टीमों में गोल के लिए जबरदस्त संग्राम हुआ। दोनों टीमों ने ताबड़तोड़ हमले किए लेकिन सफलता किसी को नहीं मिली। अंत में स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई की टीम 1-0 की बढ़त के आधार पर विजेता बनी।

इसके पहले तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में गोरखपुर मंडल ने मेरठ मंडल को 6-0 से शिकस्त दी। गोरखपुर की ओर शिवम ने 2, प्रियांशु ने 3 और राजवीर ने एक गोल किया। विजेताओं को पूर्व ओलंपियन सैयद अली ने सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य क्रीड़ा संस्थान फैजाबाद के नरेंद्र पाल भी मौजूद रहे।



सुब्रतो कप की विजेता और उपविजेता टीम। अमृत विचार

## आकर्षित कर रहे मां की ममता दर्शाते चित्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में चल रही अखिल भरतीय चित्रकला प्रदर्शनी में कलाकारों ने अपने चित्रों में मां की ममता को ही केन्द्र में रखा है। इस प्रदर्शनी का आयोजन कला स्रोत और कला दीर्घा ने संयुक्त रूप से मदर्स डे के उपलक्ष्य में किया है। इस प्रदर्शनी में आने वाले दर्शकों और कलाकारों के बीच चित्रों को लेकर संवाद भी चल रहा है।

इस प्रदर्शनी में मां के जमाने के उत्सव और इमारतें भी देखने के योग्य हैं। कलाकारों ने इन्हें रंगों के सुंदर संयोजन से तैयार किया है। डॉ. सचिन गौतम के चित्र में एक बया घोंसले में अपने बच्चे से दुलार करती दिखाई दे रही है। बच्चा भी अपनी मां के दुलार को बहुत अच्छे से समझ पा रहा है। अनुभवी कलाकार डॉ. अवधेश मिश्र ने लाल और काले रंग के संयोजन से ग्राम देवी का सुंदर चित्र उकेरा है।

## सार-संक्षेप

### देशभक्तों को चुनें तभी मिलेंगी विकास की मंजिलें

**अमृत विचार , लखनऊ :** विचार मंच की ओर से देशभक्तों को ही चुने विषय पर वीरसावरकर नगर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा का चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। यदि देशभक्तों को चुना, तो देश पांच वर्षों में विकास की नई मंजिलों तक पहुंचेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजसेवी राजीव माथुर ने कहा कि हर देशभक्त का कर्तव्य है कि किसी भी हालत में स्वयं तो वोट दें, साथ ही अपने पड़ोसियों को भी मतदान तक ले जाएं। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए श्याम कुमार ने कहा कि हमें अपने वोट का सही इस्तेमाल कर देश के हित में उचित रास्ते का चयन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विश्लेषक सर्वेशचंद्र द्विवेदी, अर्थशास्त्री प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी, सिद्धार्थ सौरभ, राजेश राय, राजीव आहूजा और सुशीला मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पीबी वर्मा, रामसिंह तोमर, कमलेश कुमार पांडेय, अजय दत्त शर्मा, हरेंद्र नाथ त्रिपाठी, त्रिभुवन, स्वर्णकेतु भारद्वाज, डॉ. हरिराम त्रिपाठी, शेखर पंडित, राजू यादव, राज यादव, मंजुल मर्मक, आशीष मिश्र, सचिन त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।



केजीएमयू के डॉक्टरों के साथ डॉ.वारोनिका बेले और फीलीपा डिविस।

### ऑस्ट्रेलिया की डॉक्टरों ने केजीएमयू का किया दौरा

**अमृत विचार , लखनऊ :** ऑस्ट्रेलिया डेंटल काउंसिल की दो महिला डॉक्टर डॉ.वारोनिका बेले और फीलीपा डिविस सोमवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय पहुंची। इस दौरान दोनों डॉक्टरों ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले चिकित्सा शिक्षा और इलाज के बारे में जानकारी साझा की। साथ ही केजीएमयू में भी होने वाले इलाज सम्बंधित कार्यशैली को भी समझा। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि उन्होंने दंत संकाय के डीन प्रो. रनजीत पाटील और संकाय सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने केजीएमयू में मरीजों के इलाज और मेडिकल शिक्षा से जुड़ी जानकारी देने के साथ ही यहां पर हुए शोधों के बारे में बताया। इसके बाद दोनों डॉक्टरों ने प्रोस्थोडोंटिक विभाग का भी दौरान किया। जहां पर विभागाध्यक्ष डॉ. पूरन चन्द ने विभाग में चिकित्सा और प्रशिक्षण के बारे में हो रहे कार्यों की जानकारी दी। जिसमें स्लीप एपनिया क्लिनिक और मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थेसिस क्लीनिकों में दिए गए उपचार प्रमुख रहे। डॉ.वारोनिका बेले और फीलीपा डिविस ने आस्ट्रेलिया में दंत चिकित्सा क्षेत्र में उपचार संबंधित नवीन तकनीक की जानकारी प्रदान की। डॉ शुचि त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया।

### क्रांतिकारी कवि करार दिए गए सुरजीत सिंह पातर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आजाद लेखक कवि सभा की ओर से चंदर नगर गेट स्थित गुरु तेग बहादुर भवन के पुस्तकालय में प्रख्यात पंजाबी साहित्यकार और कवि पद्मश्री सुरजीत सिंह पातर की स्मृति में शोक सभा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कवि मनमोहन सिंह मोनी की अध्यक्षता में हुई इस शोक सभा में सरदार देविन्दर पाल सिंह बग्गा ने सुरजीत सिंह पातर की कृतियों की विवेचना करते हुए उन्हें क्रांतिकारी कवि बताया। उनकी व्यंग्य कविता चीं-चीं करदीआं चिड़िया दा का जिक्र करते हुए अपने अंतर्मन की व्यथा प्रस्तुत की। आजाद लेखक कवि सभा के सचिव त्रिलोक सिंह बहल ने बताया कि सुरजीत सिंह पातर के लेखन को खूब सराहा गया। इस मौके पर सभा के सदस्य अजीत सिंह ने सुरजीत सिंह पातर की कविताओं का सस्वर पाठ कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। कमलजीत सिंह टोनी ने भी इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किए।

### सिटी क्लब मैरिज लॉन सहित तीन व्यावसायिक निर्माण सील

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को गुडम्बा में सिटी क्लब मैरिज लॉन सहित तीन व्यावसायिक निर्माण सील कर दिये। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन तीन राजकुमार ने बताया कि राजेश मौर्या व अन्य द्वारा गुड़म्बा के गौराबाग में कुर्सी रोड पर अवैध रूप से सिटी क्लब फेस टू नाम से मैरिज लॉन का निर्माण कराकर संचालित किया जा रहा था। आशीष यादव व अन्य द्वारा गुडम्बा के कल्याणपुर पश्चिम के अर्जुन इन्क्लेव में कृतिका मोटर्स के पास भूतल व प्रथम तल पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। मोहम्मद रफीक व अन्य द्वारा गुडम्बा के अबरार नगर में नासा हॉस्पिटल के सामने अवैध रूप से दो मंजिला शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन निर्माण कार्यों के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेंद्र द्विवेदी व शिव कुंवर ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से तीनों परिसरों को सील कर दिया।

# इलाज के साथ मरीजों से करें अच्छा व्यवहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर के तीसरे बैच का प्रशिक्षण सोमवार को पूरा हो गया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने नर्सिंग ऑफिसर्स को बधाई देने के साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ ही मरीज से अच्छा व्यवहार करने की सलाह दी।

केजीएमयू में 1249 नर्सिंग ऑफिसर का चयन किया गया था। चयनित नर्सिंग ऑफिसर के विभागों में स्थाई तैनाती से पूर्व प्रशिक्षण का फैसला लिया गया। इस तरह का प्रशिक्षण केजीएमयू में पहली बार कराया गया है। इसकी शुरूआत 20 अप्रैल को हुई थी। प्रशिक्षण प्रोग्राम के तहत नर्सिंग ऑफिसर के दो समूहों का प्रशिक्षण हो चुका है। जबकि सोमवार को तीसरे समूह का दो दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हुआ है। कुलपति ने बताया केजीएमयू ने एक ट्रेनिंग प्रोग्राम भी बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बाद परीक्षा भी होगी। उसमें पास होना भी जरुरी है। इस अवसर पर केजीएमयू की उप कुलपति प्रो.अपजीत कौर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके ओझा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ.डी हिमांशु और नर्सिंग इंडक्शन प्रोग्राम की कोऑर्डिनेटर और उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय उपस्थित रहीं।



नर्सिंग ऑफिसर्स के साथ कुलपति व अन्य चिकित्सक। अमृत विचार

▶▶ केजीएमयू में नर्सिंग ऑफिसरों के प्रशिक्षण में कुलपति ने दिया सुझाव

## वोटर जागरूकता के लिए हुआ अधिवक्ता समागम

**अमृत विचार, काकोरी :** सोमवार को रजवाड़ा लॉन में माल, मलिहाबाद, काकोरी के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अधिवक्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं अपर शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार यादव उपस्थित हुए। इस समागम में राष्टोन्नति के लिए देश हित में काम कर रही पार्टी के प्रत्याशियों को वोट देने और वोट प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

## पीजीआई की दो नर्सिंग अफसरों ने लिया अंगदान का फैसला

**अमृत विचार, लखनऊः** एसजीपीजीआई की नर्सिंग ऑफिसर और नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष सीमा शुक्ला और संस्थान में ही कार्यरत पूनम मिश्रा ने अंगदान का फैसला लिया है।

सीमा शुक्ला ने बताया बीते अप्रैल महीने में पिता चंद्र प्रकाश तिवारी का निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के बाद जब भाइयों के साथ अस्थियां विसर्जित करने जा रही थीं, तब मैं यह देख रही थी कि दो दिन पहले तक मेरे पिता मुझसे बातें कर रहे थे और अब उनका पूरा शरीर एक गागर में समा गया है और इसे जल्द ही जल में प्रवाहित कर दिया जायेगा। तभी यह निश्चय किया कि यदि शरीर मिट्टी में मिलने के बजाय किसी के काम आ जाए।





अंगदान का निर्णय लेने वाली सीमा व पूनम।

# प्रतिबंध हटने के बाद कुत्तों के लाइसेंस प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ नगर निगम में लाइसेंस बनवाने के लिए लग रही भीड़

▶▶ 40 दिन में 738 कुत्तों के लाइसेंस हुए जारी

**अमृत विचार :** विदेशी नस्ल के खूंखार कुत्तों के पालने पर प्रतिबंध हटने के बाद इनके लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। केंद्रीय पशुपालन विभाग ने 24 विदेशी नस्ल के कुत्तों के पालने और खरीद-बिक्री के साथ लाइसेंस बनाने पर रोक लगा दी थी।

इससे नगर निगम में कुत्तों के लाइसेंस नहीं बन रहे थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष के 40 दिनों में केवल 738 लाइसेंस जारी हो पाए हैं। रोक हटने के बाद लाइसेंस बनवाने के लिए अब तेजी से आवेदन आने शुरू हो गए हैं। लाइसेंस बनवाने के लिए नगर निगम में लोगों की भीड़ लगने लगी है। देशी और विदेशी नस्ल के कुत्तों के लाइसेंस बनाने में तेजी आ गयी है। विदेशी नस्ल के गोल्डन रेट्रीवर, पामेरियन, ल्हासा अपसो, लैब्राडोर, जर्मन शेफर्ड, रॉटवीलर, पग, शीतजू आदि नस्ल के विदेशी कुत्तों का लाइसेंस बनाने के लिए लोग आवेदन आ रहे हैं। लोग देशी नस्ल के कुत्तों का भी लाइसेंस बनवा रहे हैं।

**इन नस्ल के कुत्तों के बन चुके हैं लाइसेंस**

- गोल्डन रेट्रीवर 105
- पामेरियन और ल्हास अपसो 107
- लैब्राडोर 122
- जर्मन शेपर्ड 97
- रोटवीलर 33
- पग 57
- शीतजू 53
- देसी 109
- अन्य 55


प्ररूप सी-1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)

आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और औरर्स बनाम भारत संघ एवं ए0एन0आर0)
अभ्यर्थी का नाम और पता: राजेश कुमार पता- लालपुर, निगोहा, लखनऊ
राजनीतिक दल का नाम: बहुजन समाज पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम: 34- मोहनलालगंज (सु0)
*निवार्चन क्षेत्र का नाम: 176 मोहनलालगंज
मैं राजेश कुमार (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता/करती हूं:

(ए) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM- 1 लखनऊ | 174/2012 | लम्बित | 504, 507 IPC |
| 2 | ACJM- 1 लखनऊ | 306/2015 | लम्बित | 147, 323 IPC, 762A एक्ट |
| 3 | ACJM- 1 लखनऊ | 305/2015 | लम्बित | 147, 323 IPC |

(बी) दण्डनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | | | |

*राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**प्ररूप सी-2**

**(राजनैतिक दल द्वारा वेबसाइट, समाचार-पत्रों/ टी वी में प्रकाशित करने हेतु)**

**पार्टी द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और औरर्स बनाम भारत संघ एवं ए0एन0आर0)
नाम और राजनैतिक दल : बहुजन समाज पार्टी
*निर्वाचन का नाम: 34-मोहनलालगंज (सु0)
राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का नाम: उत्तर प्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (B) दण्डनीय अपराध का दोषसिद्ध प्रकरण के सम्बन्ध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एवं प्रकरण (नों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि (यां) | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड | अधिकतम लगाया गया दण्ड |
| | 176-मोहनलालगंज (34-मोहनलालगंज (सु0) | राजेश कुमार | | | | | |
| | | | ACJM1, | 504, 507 IPC | शून्य | शून्य | शून्य |
| | | | ACJM1 | 147,323 IPC 762 A, ACT | शून्य | शून्य | शून्य |
| | | | ACJM1, | 147, 323 IPC | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## एक नजर

### विराज एकादश ने सुजय एकादश को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएएल सीनियर अंडर-23 ट्रायल मैच में सोमवार को विराज सागर एकादश ने सुजय त्रिपाठी एकादश को 9 विकेट से हरा दिया। जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सुजय त्रिपाठी एकादश ने 43 .2 में सभी विकेट खोकर 170 रन बनाए। वैभव यादव ने 43 रनों की पारी खेली। जवाब में विराज सागर एकादश ने 20 .4 ओवर में ही 173 रन बनाए और जीत दर्ज की। शिवम पाण्डेय ने 97 और रोहन जैन ने 35 रन बनाए। सुजय एकादश के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

### बीकेटी में खुलेंगे दो फिटनेस सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में इसी वर्ष दो निजी फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे। बख्शी का तालाब (बीकेटी) क्षेत्र में दोनों फिटनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग ने प्राथमिक स्तर पर इसकी अनुमति दे दी है। एक वर्ष के अंदर दोनों फर्मों को फिटनेस सेंटर तैयार करना होगा। इन सेंटरों के साथ ही प्रदेश भर में 53 फिटनेस सेंटर खोले जाने हैं। इन फिटनेस सेंटर के खुल जाने से सड़कों पर जहां अनफिट वाहन कम होंगे, वहीं वाहन मालिकों को भी राहत मिलेगी। उन्हें एक ही सेंटर पर लंबी लाइन के लिए खड़ा नहीं होना होगा। लखनऊ में अब तक ट्रांसपोर्ट नगर में मात्र एक ही फिटनेस सेंटर है। यहां फिटनेस सेंटर पर वाहन मालिकों की लंबी लाइन होती है। निजी के साथ ही व्यवसायिक वाहन के मालिकों को फिटनेस कराने के लिए यहां के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऐसे में अधिकांश वाहन मालिक बिना फिटनेस के ही वाहन चलाते रहते हैं। बीकेटी क्षेत्र में दो फिटनेस सेंटर खुलने पर ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों का दबाव कम होगा।

# सीतापुर में जांच के लिए एसटीएफ ने डाला डेरा

## एएसपी एसटीएफ नागर के नेतृत्व में टीम अजीत को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** पाल्हापुर में हुए अनुराग के परिवार के छह लोगों की हत्या ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी अफसरों की नींद उड़ा रखी है। मृतका प्रियंका का परिवार हाईप्रोफाइल होने के चलते पुलिस आला अफसरों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द खुलासे के लिए लखनऊ एसटीएफ की एक टीम को भी सीतापुर भेजकर तफ्तीश के निर्देश दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अमित नागर के नेतृत्व में टीम अजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो टीम की लगातार पूछताछ में अजीत घटना को कारित करने की बात कबूल करता है, लेकिन शामिल लोगों के नाम पूछने पर वह पुलिस के सामने चुप्पी साध लेता है।

अनुराग के परिवार की हत्या के बाद पुलिस मास्टरमाइंड अजीत व उसकी पत्नी सहित शक के आधार पर मृतक अनुराग के चाचा आरपी सिंह, दोनों बेटे आशुतोष और अमित को पूछताछ के लिए घर से लेकर आई थी। पूछताछ के घेरे में अजीत के घर के दोनों नौकर वीरेश और सर्वेश सहित अनुराग का बहनोई अलकेंद्र भी शामिल है। पुलिस ने मृतक के चाचा आरपी सिंह को हिरासत से छोड़कर अन्य सभी से बारी-बारी से पूछताछ कर कड़ियां जोड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं, सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला ने बताया कि अजीत अपना बयान लगातार बदल रहा है। इसलिए घटना की तह तक पुलिस पहुंचने के लिए मोबाइल सीडीआर सहित बीटीएस की मदद लेकर छानबीन की जा रही है। जिस तरह की वीभत्स घटना हुई है, ऐसा प्रतीत होता है कि आपस के लोगों ने अंजाम दिया है।


घटनास्थल पर क्राइम ब्रांच टीम की खड़ी गाड़ियां। अमृत विचार

### फॉरेंसिक टीम ने दोबारा जुटाए साक्ष्य

सोमवार दोपहर को पुलिस और एसटीएफ टीम ने गांव पहुंचकर मौके पर वारदात का रिक्रिएशन किया। लेकिन अजीत के बयानों से एसटीएफ संतुष्ट नहीं दिखी। वहीं एसटीएफ के शामिल होने के बाद फोरेंसिक टीम ने भी दोबारा घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य संकलन किए हैं। अब सवाल यह उठता है कि घटना के दिन साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस ने क्राइम स्पॉट रिक्रिएशन क्यों नहीं किया। हत्या के 48 घंटे से अधिक समय तक परिजन और घर वालों ने हर उस चीज को छुआ होगा जो घटना में सबूत बन सकते हैं। फिलहाल अहम सबूत एसटीएफ के हाथ लगेंगे या नहीं, यह तो लैब की रिपोर्ट आने पर ही पता चल सकेगा।

### पूछताछ में हत्या के पीछे वजह नहीं हुई साफ

पुलिस हिरासत में पूछताछ के बाद भी अभी हत्याकांड की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक अनुराग और उसके भाई अजीत की मोबाइल कॉल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि कॉल डिटेल से भी उसे अहम सुराग हाथ लग सकते है।


अनुराग का भाई।

### अजीत की बाईपास सर्जरी पुलिस के लिए मुसीबत

पाल्हापुर में किसान अनुराग और उसके परिवार की हत्या के बाद घर के अंदर मौजूद बचे भाई अजीत सिंह से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। कबूलनामे के बाद अजीत का लगातार बयान बदलना पुलिस के सामने चुनौती बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया था कि अजीत सिंह हार्ट का मरीज है और उसकी बाईपास सर्जरी हो चुकी है। लिहाजा पुलिस थर्ड डिग्री और अन्य कड़ाई से पूछताछ करने से भी गुरेज कर रही है।



गोमतीनगर के सरगम पार्क में मोमबत्ती जलाकर दिवंगत परिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते सरगम सोसायटी के लोग। अमृत विचार

### इन सवालों का जवाब आना बाकी

- अनुराग मानसिक रूप से परेशान था, तो 100 बीघा जमीन कैसे संभाली?
- सिविल परीक्षा की तैयारी कैसे की और बीएससी कैसे पास किया?
- प्रियंका की गोली और हथौड़ा मारकर हत्या हुई, तो उसके हाथ में हथौड़ा कैसे आया?
- असलहा अनुराग के शव से दूर सोफे के नीचे कैसे पहुंचा?
- शराब पीकर परिवार में झगड़ा था, तो बच्चों का मर्डर क्यों किया?
- गोलियों की आवाज के बाद भी आसपास के लोगों को क्यों नहीं पता चला?

### मतदान के दौरान एडीजी ने देखा घटनास्थल

चौथे चरण के मतदान को लेकर सोमवार को बूथों की निगरानी के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे एडीजी जोन लखनऊ अमरेंद्र सिंह सेंगर ने मतदान केंद्रों का जायजा लिया। तत्पश्चात एडीजी अफसरों के साथ रामपुर मथुरा घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ की है। एडीजी ने मृतक के चाचा से भी घटना के सम्बन्ध में बातचीत कर जानकारी ली। रविवार की देर शाम आईजी रेंज लखनऊ ने भी घटनास्थल पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की थी।

### घटना के दिन एसपी ने मृतक को बताया था मानसिक विक्षिप्त

पाल्हापुर गांव में हुई 6 लोगों की मौत ने पुलिस को भी गंभीर सवालों के कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने घटनास्थल और परिजनों बताया कि आरोपी मृतक अनुराग मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसके कारण उसने कथित तौर पर खुद को गोली मारने से पहले अपने परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी।

### मानसिक रोगी नहीं था अनुराग

गांव में हुई वारदात के बाद आरोपी मृतक अनुराग के लखनऊ निवासी मित्र और परिवार के डॉ. जन्मेजय सिंह ने बताया कि अनुराग हाल दिनों पहले नवरात्र के दौरान आए थे। हालांकि वो शराब का सेवन तो करते थे मगर नवरात्र के दौरान उन्होंने शराब को हाथ नहीं लगाया था। अनुराग मानसिक रूप से विक्षिप्त नहीं थे। उनके परिवार से उनको नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करने की बात चल रही थी।

# दो अपहृत छात्राएं दो घंटे में सकुशल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

- दुबग्गा क्षेत्र का मामला, आरोपी बोले- कार से घुमाने ले गये थे

**अमृत विचार:** दुबग्गा क्षेत्र में हरदोई रोड स्थित निजी स्कूल के सामने से 10वीं की दो छात्राओं का अपहरण हो गया। जानकारी होते ही परिजन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। हालांकि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से दो घंटे में दोनों को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर अभिनव कुमार के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान यादव बाजार निवासी अयान के रूप में हुई। उसके साथ एक बाल अपचारी को पकड़ा गया है। बताया दोनों छात्राएं निजी स्कूल में 10वीं की छात्रा हैं। सोमवार सुबह पिता दोनों छात्राओं को छोड़कर घर चले गये। कुछ देर बाद क्लास टीचर का फोन पहुंचा की छात्राएं स्कूल नहीं पहुंची हैं। आनन-फानन स्कूल पहुंचे। जहां दोनों छात्राएं नहीं थी। उनसे शिक्षिका ने छुट्टी होने का इंतजार करने को कहा। इसके बाद भी दोनों नहीं मिलीं। इसके बाद परिजन ने थाने पहुंच अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर का कहना है कि स्कूल के आसपास के कैमरे चेक किये गये।

एक फुटेज में कार नंबर मिला। इसके आधार पर दो घंटे के अंदर दोनों छात्राओं को कसमंडी रोड से सकुशल बरामद कर लिया गया।

### सिटी बस खराब होने से परेशान हुए यात्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीच सफर में सिटी बस खराब होने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को चारबाग से बीबीडी जा रही यह बस डालीबाग में खराब हो गई। बस संख्या यूपी 32 सीजेड 8689 के चालक ने जब उतर कर देखा तो बस कि स्टेयरिंग आयल का पाइप फटा हुआ मिला। ऐसे में बस आगे नहीं जा सकती थी। बस खराब होने से 25 से अधिक यात्रियों को चालक ने बस से नीचे उतार दिया। चिलचिलाती धूप में यात्री सड़क पर खड़े हो कर पीछे से आने वाली दूसरी बस का इंतजार करने लगे। जब काफी देर तक बस नहीं आई तो तब परिचालक ने गोमतीनगर डिपो को बस के खराब होने की जानकारी दी। इस दौरान यात्रियों ने सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी को फोन पर सिटी बस की हालत पर नाराजगी जताई। उन्होंने जल्द ही दूसरी बस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बस वहां पहुंच गई। इससे यात्रियों को आगे रवाना किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना
**"सड़क उपयोग कर्ताओं को चेतावनी"**

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के इलेक्ट्रिक लोकोशेड/गोण्डा यार्ड की समस्त विद्युतीकृत रेलवे लाइनो की ओएचई पर 25000 वोल्ट ए. सी. विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर गेजें लगाई गई हैं ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके। जनसाधारण को एतद्द्वार अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोए जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें। अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:– 1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।, 2. वाहन पर ले जाई जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।, 3. चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत–35 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## सार-संक्षेप

### नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के सहायक लेखाकार जलकल राजकुमार समेत उच्चाधिकारियों और कर्मचारियों पर जालसाजी की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक आशियाना रजनीखंड निवासी प्रमोद कुमार सिंह चौहान ने सीजेएम कोर्ट में याचिका डाली थी कि जलकल में राजकुमार नाम के व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी हासिल की है। उसकी नियुक्ति 1988 में हुई थी। इस मामले में प्रमोद ने कोर्ट में जो याचिका डाली थी, उसमें सहायक लेखाकार राजकुमार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, महाप्रबंधक जलकल राम कैलाश गुप्ता, वर्तमान में वाराणसी के जलकल महाप्रबंधक राघवेंद्र, पूर्व महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार वर्मा, जलकल विभाग के सचिव रमेश चंद्र, पूर्व वित्त अधिकारी अजय गुप्ता को आरोपी बनाया है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### आवास के नाम पर कर रहे वसूली, न दें रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में शहरी आवास दिलाने के नाम पर आवेदकों से वसूली की जा रही है। इसमें बाहरी लोगों के साथ कर्मचारियों के शामिल होने की आशंका है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के परियोजना निदेशक सिद्धार्थ ने लोगों को सावधान करते हुए इन शिकायतों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) निशुल्क है। यदि आवेदकों से कोई व्यक्ति, कर्मचारी या संस्था रुपये मांगती है तो न दें। सीधे संबंधित कार्यालय पर अधिकारी से मिलें। इस तरह की शिकायत परियोजना अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट के मोबाइल 9415005007 व सिविल इंजीनियर 9151999374 के नंबर पर दें। कॉल रिकार्डिंग, वीडियो भी उपलब्ध कराएं। ऐसे लोगों पर एफआईआर दर्ज कराएंगे।

### प्रॉपर्टी डीलर के हत्यारों की तलाश में तीन जिलों में दबिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला के भदेवां में बीच सड़क प्रॉपर्टी डीलर मो. जैद की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपियों की तलाश में सीतापुर, हरदोई और बाराबंकी में अलग-अलग टीमें दबिश दे रही है। डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि पांच टीमों को लगाया गया है। तीन टीम अलग-अलग जिलों में दबिश दे रही है। एक टीम ने कुछ संदिग्ध से पूछताछ की गई। उनकी मदद से आरोपितों के बारे में अहम जानकारी मिली है। परिवार के अन्य सदस्यों को सीडीआर खंगाली जा रही है। ताकि आरोपितों की सही लोकेशन मिल सके।

### सीएचसी का स्टाफ चुनाव ड्यूटी में, इलाज हो रहा प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सभी शहरीय व नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के अधिकतर स्टाफ की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। चुनाव ड्यूटी को लेकर सोमवार से प्रशिक्षण शुरू हो गया। ड्यूटी करने वाले स्टाफ की जगह पर विकल्प के तौर पर किसी की जिम्मेदारी तय न होने के कारण मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। लखनऊ में 20 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। सीएचसी में कार्यरत लैब टेक्निशयन (एलटी), फार्मासिस्ट, एएनएम और वार्ड ब्वॉय की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। सीएचसी पर केवल एक ही फार्मासिस्ट और एलटी की तैनाती है। ऐसे में अब मरीजों के इलाज के लिए सीएचसी पर कोई नहीं है। नमूना लेने वाले मरीजों को जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। केवल अलीगंज और इंदिरानगर सीएचसी पर दो फार्मासिस्ट की तैनाती है, यहां पर भी एलटी की कमी हो गई है। सोमवार को कई मरीजों को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने उतरी सिविल डिफेंस टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रैली निकाली गई। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इसे हरी झंडी दिखाई। रैली हजरतगंज होते हुए जीपीओ पार्क पहुंची जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कैंडिल जला लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर सीडीओ अजय जैन, नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र और जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार मौजूद रहे।

जीपीओ पर रैली के समापन पर सीडीओ ने सभी से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। रैली में चीफ गुरूप्रीत सिंह सेठी, स्टाफ अफ़सर ऋतुराज रस्तोगी, डिवीजन वार्डन सुनील शुक्ला, संजय जौहर, प्रवीन कुमार, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन, हरीश कुमार हेमंत कौशल, वसीर अहमद, आशीष कपूर, नफीस, सतेन्द्र, दिनेश माथुर, एडीसीए मनोज वर्मा, सुमित मौर्या, ममता रानी, रेखा एवं रिषी कुमार मौजूद रहे।


केडी सिंह बाबू स्टेडियम से निकाली गई रैली में शामिल जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

- रैली निकाल किया मतदान के लिए प्रेरित
- जिलाधिकारी ने रैली को दिखाई हरी झंडी

### निर्वाचन कर्मियों के लिए बनाए जाएंगे छह फूड कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव की ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए 17 मई से पोलिंग पार्टियों की रवानगी तक रमाबाई रैली स्थल परिसर में छह फूड कोर्ट बनाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि इनमें लगभग सौ खाद्य/पेय पदार्थ(भोजन, बाटी चोखा, पानी, शीतल पेय, फल, फास्ट फूड, आइसक्रीम, नारियल पानी, बेकरी आदि) दिए जाएंगे। बैठक में सीडीओ अजय जैन, एडीएम (प्रशासन) डॉ. शुभी सिंह, एडीएम (नगर आपूर्ति) साहब लाल, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### मतदान के दिन बिजली आपूर्ति निर्बाध रखेंगे 800 कर्मचारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर पावर कारपोरेशन ने विशेष तैयारियां की हैं। 800 कर्मचारियों की तैनाती शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराएगी। इसकी मानीटरिंग के लिए जेई, एसडीओ और अधिशासी अभियंता को लगाया गया है जो 453 मतदान केंद्रों की लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। 100 से अधिक ट्राली- ट्रांसफार्मर रिजर्व में रखे गए हैं। इसके अलावा सभी जोन के मुख्य अभियंता अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुडे.रहेंगे। चुनाव से पहले को हर मतदान केंद्र के बाहर एक ट्राली-ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। यह रिजर्व के तौर पर केंद्र के बाहर होगा जिससे आपात स्थिति या बिजली गुल होने की दशा में इसे तत्काल शुरू किया जा सकेगा। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों ने सोमवार को अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा की।

# पार्षद निकाय चुनाव से डेढ़ गुना ज्यादा वोट दिलाएं राजनाथ को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ लोकसभा सीट से भजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक वोटों से जिताना है। पार्षदों को निकाय चुनाव में जितने वोट मिले थे उससे डेढ़ गुना ज्यादा वोट रक्षामंत्री को दिलाएं।

उपमुख्यमंत्री पाठक ने अपने आवास पर विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों और पार्षदों के साथ सोमवार की देर शाम बैठक की। उन्होंने कहा कि पूरी ताकत और लगन के साथ सभी लोग चुनाव में जुट जाएं। लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि पूर्व के सभी रिकार्ड तोड़ते हुए इस बार सर्वाधिक मतदान रक्षामंत्री के पक्ष में कराना है। ऐतिहासिक मतों से राजनाथ सिंह को जीत दिलवाएंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि बूथ स्तर पर बड़ी तेजी के साथ जनसंपर्क और पार्टी के विकास कार्यों के पत्रकों का वितरण किया जा रहा है। क्षेत्र में मिल रहे समर्थन से तय है कि रक्षामंत्री की ऐतिहासिक जीत होगी। विधायक नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ में हम एक बार फिर से राजनाथ सिंह को बड़ी जीत दिलाकर इतिहास रचेंगे। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव, रमेश तूफानी, मानसिंह, पुष्कर शुक्ला, त्रिलोक अधिकारी, राम अवतार कनौजिया, अमित गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिसोदिया, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव, बड़ोदरा पूर्व महापौर भारत डांगर समेत मंडल अध्यक्ष, पार्षद आदि मौजूद रहे।


पार्षदों की बैठक में मौजूद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# सपा-बसपा के कार्यकाल में डरे रहते थे व्यापारी : पूर्व मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा और बसपा कार्यकाल में व्यापारी दहशत में रहते थे और बहन-बेटियां असुरक्षित थीं। अब देश और प्रदेश की तस्वीर बदल चुकी है। पूरी दुनिया भारत का लोहा मान रही है। यह बातें सोमवार को पूर्व मंत्री अतुल गर्ग ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से एक निजी होटल में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि इन दोनों पूर्ववर्ती सरकारों ने सत्ता में रहते हुए सिर्फ अपने कुनबे को आगे बढ़ाया। युवाओं की जगह परिजनों को नौकरी दी, इनके ही कार्यकाल में बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हुए। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले व्यापारियों से पैसा वसूला जाता था। व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाएं बहुत कम थीं। कारोबार-उद्योग बंद हो रहे थे। वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं लागू कीं। बैंकों से ऋण लेने की प्रक्रिया को आसान किया।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि पिछली सरकार में व्यापारियों में भय का माहौल था। बड़े उद्योगपति प्रदेश में निवेश करने से डरते थे, लेकिन योगी सरकार ने सरल और सहज माहौल दिया। अब बड़े उद्योगपति यूपी में अपने उद्योगों को स्थापित करना चाहते हैं। मौजूद सभी व्यापारियों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख मतों से विजयी बनाने की अपील की।

इस मौके पर उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, उप्र आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, लखनऊ व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक अभिषेक खरे, भूतनाथ अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, व्यापारी समन्वयक अजय त्रिपाठी मुन्ना, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर एस हलवासिया, अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, विजय मिश्रा, मनीष गुप्ता, सुधीर गर्ग, विनोद अग्रवाल, जितेंद्र सिंह चौहान, प्रियंक गुप्ता, मोहित केसवानी, प्रदीप मिश्रा, सुरेश छबलानी, सचिन कंछल, आनंद गुलाटी, सतपाल मीत, राजेन्द्र दुआ, मयंक रस्तोगी मौजूद रहे।



व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते नीरज सिंह और मंचासीन व्यापारी नेता। अमृत विचार

### पदयात्रा कर राजनाथ सिंह के लिए मांगे वोट

**अमृत विचार, लखनऊ:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले दस वर्षों में 54 करोड़ से अधिक विकास कार्य कराए हैं। कैंट विधानसभा के तहत चंदननगर आलमबाग में उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। रक्षामंत्री की ओर से कराए गए विकास कार्यों से संबंधित पत्रक उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत अन्य ने बांटे गए। जगह-जगह व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों ने पदयात्रा का स्वागत किया। पदयात्रा सिंगार नगर होते हुए बस अड्डे पर समाप्त हुई।

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# हारी हुईं सीटों पर जीत के नए समीकरण बनाने में जुटी भाजपा

## गाजीपुर, जौनपुर और लालगंज में बसपा और आजमगढ़ में जीती थी सपा, 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ सीट सपा से छीनी थी

विनय जायसवाल, मऊ





पूर्वांचल की चार सीटों पर भाजपा को 2019 के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इन सीटों पर इस चुनाव में जीत के लिए भाजपा समीकरणों को साधने में जुटी हुई है। पार्टी इन सीटों पर जीत दर्ज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन चार सौ पार को पूरा करने लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाए हुए है। पार्टी की ओर से पिछले चुनाव में कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है तो बूथों पर पन्ना प्रमुखों के साथ ही मतदाताओं को घर से लाने के लिए टोलियां भी बनाई जा रही हैं। इन सबके साथ ही पार्टी का फोकस बसपा के परंपरागत मतदाताओं पर है जो 2014 के लोकसभा, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ थे लेकिन 2019 में गठबंधन के साथ चले गए थे। ऐसे मतदाताओं को साधने के लिए न सिर्फ जातीय आधार पर बड़े नेताओं की तैनाती की गई है बल्कि उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ को भी याद दिलाया जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के साथ गठजोड़ कर मैदान में उतरी सपा भी कम नहीं है। पार्टी के रणनीतिकार संविधान बचाने और आरक्षण बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं।

**आजमगढ़ में सपा ने की मजबूत घेरेबंदी:** समाजवादी पार्टी ने आजमगढ़ सीट पर भाजपा के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की जबरदस्त घेरेबंदी की है। 2019 में यह सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव जीते थे पर उनके त्यागपत्र के बाद जब 2022 में चुनाव हुआ तो निरहुआ जीत गए। निरहुआ की जीत में बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। जमाली ने तब 2.66 लाख वोट काट लिए थे। यही सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। इस बार जमाली सपा के साथ हैं। बसपा ने पहले भीम राजभर को उतारा और बाद में उनका टिकट काटकर मशहूद अहमद को उतार दिया है। सपा इस सीट को जहां भाजपा से छीनने के लिए पार्टी छोड़ चुके नेताओं को साथ लाने में जुटी है तो भाजपा ने भी पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह को साथ ले लिया है। सपा को विधायक रमाकांत यादव की कमी खल रही है।

### जौनपुर में धनंजय का साथ मिले तो बने बात

जौनपुर सीट पर बसपा के श्याम सिंह ने पिछला चुनाव जीता था। इस बार बसपा ने पहले उनका टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को दिया और बाद में उनका भी काट कर श्याम सिंह को टिकट दे दिया। पत्नी का टिकट कटने से धनंजय नाराज हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वे भाजपा में शामिल होंगे। धनंजय यदि भाजपा में जाते हैं तो इसका सीधा लाभ पार्टी के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह को मिलेगा। यह बात पार्टी के रणनीतिकार भी मान रहे हैं कि उनके आने से बात बनेगी। हालांकि यहां से सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। कुशवाहा बुंदेलखंड क्षेत्र के रहने वाले हैं और उन्हें भाजपा और बसपा के लोग बाहरी बताने में जुटे हुए हैं। यहां राजपूत मतदाताओं की मजबूत स्थिति को देखते हुए भाजपा तो धनंजय पर डोरे डाल ही रही है सपा की कोशिश भी है कि वे साथ आ जाएं।

### गाजीपुर में सहानुभूति बनाम गुंडागर्दी पर चुनाव

- गाजीपुर सीट पर सपा ने वैसे तो 2019 में बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी को मैदान में उतारा है, लेकिन यहां अभी अफजाल का भविष्य अधर में है। गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। अगर वहां से अफजाल की सजा माफ होती है तो वह चुनाव लड़ सकेंगे अन्यथा उनकी बेटी यहां से मैदान में होगी।
- पिता- पुत्री ने नामांकन तो कर दिया है पर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी इस बात से नाराज हैं कि अफजाल अंसारी अपनी पुत्री को आगे बढ़ा रहे हैं। उमर अंसारी खुद ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने यहां से पारसनाथ राय को उतारा है। पारसनाथ राय गुंडागर्दी के खात्मे के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो अफजाल और उनकी पुत्री मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताते हुए सहानुभूति के नाम पर वोट पाने की कोशिश में हैं। भाजपा के लोग यह बताने में जुटे हैं कि गुंडागर्दी के समापन और विकास के लिए भाजपा की जीत जरूरी है।

### लालगंज में दो पूर्व सांसदों के बीच कड़ा संघर्ष

- आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर भी मुकाबला कड़ा है। यहां भाजपा की पूर्व सांसद नीलम सोनकर और सपा के पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज के बीच मुकाबला कांटे का दिख रहा है। इस सीट को पिछले चुनाव में बसपा की संगीता आजाद ने जीता था। संगीता आजाद अब भाजपा के साथ हैं और कमल खिलाने के लिए रात- दिन एक कर रही हैं। संगीता को उम्मीद है कि पार्टी उन्हें विधान परिषद भेज देगी। इसलिए उन्होंने न सिर्फ बसपा के परंपरागत मतदाताओं को भाजपा के पाले में लाने का प्रयास शुरू किया है बल्कि वे बसपा के बड़े नेताओं को भाजपा में लाने का प्रयास कर रही हैं। बसपा ने यहां डॉ. इंदू चौधरी को उतारा है।

## एसओ समेत 14 पर दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मारपीट, गाली गलौज व दलित उत्पीड़न समेत अन्य आरोपों में थाना अध्यक्ष अखंड नगर समेत 14 लोगों पर कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है। न्यायाधीश राकेश पांडेय ने मामले की सुनवाई 4 जून की तारीख नियत की है। अखंड नगर थाना क्षेत्र के बेहराभारी निवासी रामभोर ने थानाध्यक्ष नारद मुनि, सिपाही फिरदौस आलम, दो अन्य पुलिसकर्मी वगांव के 9 लोगों पर परिवाद दाखिल किया है। आरोप लगाया रास्ते के विवाद को लेकर बीती आठ मई को विपक्षी ने रास्ते में छप्पर रख लिया। जिसकी शिकायत थानाध्यक्ष से किया तो उन्होंने विपक्षियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को ही मारा पीटा और जाति सूचक गाली देकर अपमानित किया। यह भी आरोप है कि पुलिसकर्मियों के सामने ही गांव के अन्य आरोपियों ने पीड़ित की पिटाई की और दीवार नष्ट कर दिया। कोर्ट ने मामले को एडमिट करते हुए पीड़ित का बयान दर्ज करने के लिए चार जून की तारीख नियत की है।

## ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से कर्मचारी के चीथड़े उड़े

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



ऑक्सीजन प्लांट में घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ऑक्सीजन प्लांट में रिफिलिंग करते समय सोमवार की दोपहर करीब एक बजे अचानक सिलेंडर फटने से एक युवक की मौत हो गयी। जबकि साथ में काम कर रहे दो मजदूर घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और बचाव के आवश्यक निर्देश दिये।

पूरा मामला सफेदाबाद से पहले गदिया इलाके का है। यहां सारंग प्लासटेइंज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का है। यहां ऑक्सीजन रीफिलिंग का काम चल रहा था। फैक्टरी में तकरीबन बीस कर्मचारी काम करते हैं। प्लांट में मनेरा गांव का निवासी लालजी यादव नाम का एक कर्मचारी आक्सीजन फिलिंग का काम कर रहा था। तभी अचानक तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट जाने से उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। विस्फोट इतना तेज था कि उसके शरीर के हिस्से हवा मे उड़कर दूसरी जगहों पर गिरे। अनहोनी की आशंका को लेकर आसपास के क्षेत्रों मे दहशत का माहौल छा गया। विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड कि टीम मौके पर पहुंचकर करीब आधे एक घंटे तक रेस्क्यू में लगी रही। जानकारी मिलते ही मौके पर सपा विधायक सुरेश यादव, भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत, इंडी गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिवार को ढांढस बंधवाया।

## जौनपुर में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर, अमृत विचार :** शाहगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को बदमाशों ने गोली मारकर एक पत्रकार की हत्या कर दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि सबरहद निवासी आशुतोष श्रीवास्तव (43) इमरानगंज बाजार जा रहे थे। जौनपुर-शाहगंज मार्ग के पास बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि आशुतोष ने एक माह पूर्व ही पुलिस को पत्र देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए गुहार लगाई थी। घटना के बाद पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने जताया है। क्षेत्रीय पत्रकारों ने बताया कि आशुतोष क्षेत्र में हो रही गोकशी के विरोध में लगातार खबरें लिख रहे थे। उनका कहना था कि इस मामले को लेकर कई बार उन्हें गो-तस्करों से धमकी भी मिली थी। उन्होंने इसकी लिखित सूचना पुलिस को भी दी थी। एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया मामले की जांच हो रही है। जल्द ही हत्यारों को पकड़ लिया जाएगा। उधर, जौनपुर पत्रकार संघ ने इसकी निंदा की।

## डिप्टी सीएम का रिश्तेदार बन स्वास्थ्य उपकेंद्र पर किया कब्जा

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** खुद को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताने वाले शहर के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक पर स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कब्जा कराने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराने का निर्देश दिया है।

बताया जा रहा है कि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉक्टर तरुण पाठक पिछले कई वर्षों से प्रयागराज में ही तैनात थे। वह खुद को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का रिश्तेदार बताते थे। डिप्टी सीएम का रिश्तेदार बनकर उन्होंने यहां। खूब धौस जमाया। उन्होने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र (हेल्थ एंड वैलनेस) सेंटर पर कब्जा कर लिया था। यह मामला अब तूल पकड़ते हुए शासन स्तर पर पहुंच गया। मामला जसरा के घूरपुर प्रथम उपकेंद्र का है। जहां डॉक्टर पाठक जसराज सीएससी पर लंबे समय तक अधीक्षक रहे हैं।

उधर, इस मामले में सीएमओ प्रयागराज डॉक्टर आशु पांडे का कहना है कि मामला संज्ञान में आते ही तत्काल प्रभाव से जांच शुरू करा दी गयी है। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराई जा रही है।

## 72 घंटे बाद भारत-नेपाल के बीच आवागमन शुरू

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान से पूर्व भारत नेपाल सीमा पर आवागमन बंद कर दिया गया था। सोमवार शाम को सीमा पर बंदी के 72 घंटे पूरा होते ही आवागमन खोल दिया गया। आम यात्री आवागमन करने लगे। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बहराइच जनपद में भी मतदान हो गया। 13 मई को आयोजित मतदान से पूर्व भारत नेपाल सीमा को सुरक्षा की दृष्टि से शुक्रवार शाम पांच बजे से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया था। भारत नेपाल सीमा के बंद होने से दोनों देश के नागरिकों का सामान्य आवागमन भी पूरी तरह से बंद हो गया था। ऐसे में लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद 13 मई को शाम पांच बजे के बाद से पुन: आवागमन शुरू कर दिया गया। बंदी के चलते दोनों देश के वाहन सीमा पर ही खड़े रहे। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि 72 घंटे बाद शाम पांच बजे से आवागमन खोल दिया गया है।



# कानूनी कमियों के कारण गुजारा भत्ता देने से बच नहीं सकता पति

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए एक व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका इस आधार पर खारिज कर दी कि साढ़े 15 साल से अधिक समय से पति-पत्नी के रूप में रह रहा याची अब कानूनी कमियों के कारण पत्नी को गुजारा भत्ता देने के अपने दायित्व से खुद को मुक्त नहीं कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि उन मामलों में, जहां एक पुरुष लंबे समय तक एक महिला के साथ वैध विवाह की कानूनी आवश्यकताओं को पूरा किए बिना रहता है तो उस महिला को छोड़ने की स्थिति में भरण-पोषण का भुगतान करने के लिए पुरुष को उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए।

पुरुष को कर्तव्य और दायित्वों का पालन किए बिना वास्तविक विवाह के लाभों का आनंद लेते हुए कानूनी कमियों से लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

उक्त टिप्पणी राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने राम अधारे पासवान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, गोरखपुर के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए की। मामले के अनुसार पत्नी/विपक्षी ने फरवरी 1998 में दीनानाथ नाम के एक व्यक्ति से शादी की और वैवाहिक कलह के कारण उससे अलग हो गई। इसके बाद दिसंबर 1998 में याची से शादी कर ली।

हालांकि अप्रैल 2014 में याची ने भी उसे छोड़ दिया। जब महिला ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत निचली अदालत में भरण-पोषण का दावा किया तो पति ने कोर्ट के समक्ष यह तर्क दिया कि महिला का पहला तलाक हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अनुसार नहीं बल्कि आपसी सहमति से हुआ था।

अतः कानूनी तलाक के अभाव में महिला का दूसरा विवाह शून्य सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में वह अपने दूसरे पति से भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती है। हालांकि महिला ने तथ्यों द्वारा यह सिद्ध किया कि उसके पहले पति के साथ उसकी जाति के रीति-रिवाजों के अनुसार कानूनी रूप से उसका संबंध समाप्त हो चुका है। अंत में कोर्ट ने महिला के पक्ष में परिवार न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसले को सही मानते हुए दूसरे पति (याची) को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।

### धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले में आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैरकानूनी धर्म परिवर्तन के मामले में एक व्यक्ति को आरोप मुक्त करते हुए सशर्त जमानत दे दी है। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन ऊंज, भदोही में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि आरोपी उनकी 18 वर्ष की बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया और बाद में विवाह करने के लिए उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने लगा। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि लड़की को शुरू से ही पता था कि याची मुस्लिम समुदाय से है और वह स्वेच्छा से उसके साथ गई थी। बाद में मां के उकसाने पर उसने याची पर झूठे आरोप लगाए कि उसने अपनी वास्तविक धार्मिक संबद्धता का खुलासा नहीं किया था और रिश्ता शुरू करने के लिए खुद को एक हिंदू के रूप में प्रस्तुत किया था।

### नए सिरे से आदेश पारित करने के लिए डॉ. अयूब के मामले को निचली अदालत के पास भेजा

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीस पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर अयूब की याचिका पर विचार करते हुए सीआरपीसी की धारा 468 और 473 के प्रावधानों के अनुसार, इस आदेश की प्रति प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर मामले पर यथोचित निर्णय लेने के लिए मामले को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संतकबीर नगर के पास वापस भेज दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने डॉक्टर अयूब की याचिका को संबंधित न्यायालय में वापस भेजते हुए पारित किया। मालूम हो कि याची के खिलाफ वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कोविड-19 तथा आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। याची खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र से पीस पार्टी का प्रत्याशी था और भीम आर्मी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण तथा अपने सहयोगियों करीब 100-150 लोगों के साथ लगभग 50-60 चार पहिया और दो पहिया वाहनों से बिना किसी अनुमति के पार्टी के समर्थन में झंडा और चुनाव चिन्ह के साथ रोड शो किया, जिसके कारण याची सहित सभी सहयोगियों के खिलाफ राम सुमिरन सहायक, विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा आईपीसी, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 और महामारी अधिनियम, 1897 की धाराओं के तहत थाना दुधारा, संतकबीर नगर में 21 फरवरी 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## चारधाम यात्रा : तीन दिनों में चार श्रद्धालुओं की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप निर्वाचन आयोग की अनुमति से स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में तीन दिनों में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारों श्रद्धालुओं की मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। श्रद्धालुओं की मौत से शासन स्तर भी हड़कंप मचा है। आनन-फानन में निर्वाचन आयोग की अनुमति से स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों की मीटिंग लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की।

तीन श्रद्धालुओं की मौत यमुनोत्री धाम में हुई है, जबकि 75 साल की महिला लक्ष्मी देवी बीते दिवस बदरीनाथ धाम में मौत हो गई। राजकोट, गुजरात की लक्ष्मी देवी अपने परिवार के साथ भगवान बदरी विशाल के दर्शन के लिए थीं। चारधाम यात्रा में चार श्रद्धालुओं की मौत से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य निदेशालय में समीक्षा करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में से करीब 38 हज़ार श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग की गई है। यात्रियों के लिए हिंदी और इंग्लिश समेत तमाम स्थानीय भाषाओं में हेल्थ संबंधित एसओपी जारी की गई है। साथ ही टोल फ्री नंबर 104 जारी किया गया है। यात्रियों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम 15 से 18 मिनट रखा गया है।

इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं की मॉनीटरिंग के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। स्वास्थ्य सचिव को केदारनाथ धाम, स्वास्थ्य अपर सचिव को बदरीनाथ धाम और संयुक्त सचिव एवं महानिदेशक को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की जिम्मेदारी दी गई है। दवाई की व्यवस्था, 108 एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ ही केदारनाथ धाम में हर दो किलोमीटर पर स्वास्थ्य कैंप लगाए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में जिन श्रद्धालुओं की मौत हुई है वो हृदय गति रुकने की वजह से हुई है।

## पीटीआर में तेंदुआ का शव मिला, खलबली

**अमृत विचार, पीलीभीत:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में वन कर्मियों ने गश्त के दौरान एक तेंदुआ का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना देने पर वन अफसरों में खलबली मच गई। उप प्रभागीय वनाधिकारी ने टीम के साथ जाकर मौका मुआयना किया। तेंदुआ की मौत कैसे हुई, इसका पता लगाने के लिए पशु चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

पीटीआर में बाघों के साथ तेंदुओं की संख्या में खासा इजाफा हो रहा है। संख्या बढ़ने से कुछ तेंदुआ जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्रों में जा रहे हैं। इससे इंसानों के साथ तेंदुओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। पिछले एक पखवाड़ा से पीटीआर के तेंदुआ आबादी क्षेत्रों में देखे जाने से मामला सुर्खियों में है। सोमवार को पीटीआर की महोफ रेंज में कुछ वनकर्मी गश्त कर रहे थे। उसी दौरान रेंज की कंपार्टमेंट खकरा-15 में वन कर्मियों ने एक तेंदुआ का शव पड़ा देखा। वन कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना विभाग के अफसरों को दी। सूचना मिलते ही पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान टीम के मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इसके बाद टीम ने शव को कब्जे में ले लिया।

## राहुल बोले- अब जल्दी करनी पड़ेगी शादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- रायबरेली की रैली में एक समर्थक के सवाल पर दिया जवाब

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब उन्हें जल्दी शादी करनी पड़ेगी। सोमवार को रायबरेली में आयोजित जनसभा में एक समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया।

रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन करने के बाद वह सोमवार को पहली बार महराजगंज स्थित मेला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इस सवाल का सामना करना पड़ा। राहुल गांधी ने सभा में अपने संबोधन के समापन के समय अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को बुलाया और उनके कंधे पर हाथ रखते हुए रायबरेली में चुनाव प्रचार के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सामने की ओर इशारा करते हुए कहा कि राहुल पहले समर्थक के सवाल का जवाब दें। समर्थक का सवाल है कि वह शादी कब कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि अब जल्दी ही करनी पड़ेगी।

## भाजपा प्रत्याशी माधवी लता के खिलाफ एफआईआर

- मुस्लिम महिलाओं का नकाब हटाकर चेहरा दिखाने का आरोप

**हैदराबाद।** हैदराबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार माधवी लता का सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें वह बुर्का पहनी महिला मतदाताओं से कथित रूप से नकाब हटाने और चेहरा दिखाने को कहती दिख रही हैं ताकि पहचान पत्र से उनके चेहरे का मिलान किया जा सके। यह वीडियो सामने आने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया।

# खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर

नई दिल्ली, एजेंसी

- मार्च में 4.85 प्रतिशत थी, अप्रैल में 4.83% पर आई
- अंडा, मांस और मसालों के दाम हुए कम, खाने के अन्य सामान की दर में मामूली वृद्धि
- सरकार ने आरबीआई को 2 % की घट-बढ़ के साथ 4% पर रखने का दिया है लक्ष्य

अंडा, मांस और मसालों के सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत पर रही। हालांकि खाने के अन्य सामान के दाम इस दौरान मामूली मजबूत हुए।

सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 4.85 प्रतिशत थी जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.31 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 8.70 प्रतिशत रही। एक महीने पहले मार्च में यह 8.52 प्रतिशत के स्तर पर थी। अंडा, मांस, मसाले और अनाज तथा उसके उत्पादों की महंगाई अप्रैल में कम हुई। जबकि फल, सब्जी और दाल महंगे हुए। ईंधन और प्रकाश के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) सालाना आधार पर घटकर 4.24 प्रतिशत रहा। सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दिया हुआ है।

केंद्रीय बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर निर्धारित करते समय खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर गौर करता है। रिजर्व बैंक का कहना है कि आगे चलकर खाद्य वस्तुओं के दाम मुद्रास्फीति के रुख को प्रभावित करते रहेंगे।

### 2024-25 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

आरबीआई ने 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। पहली तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में इसके 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### शहरों की अपेक्षा गांवों में अधिक रही महंगाई

एनएसओ के अनुसार शहरी क्षेत्रों में महंगाई राष्ट्रीय औसत 4.11 प्रतिशत की तुलना में कम रही। जबकि गांवों में अधिक 5.43 प्रतिशत रही। सर्वाधिक मुद्रास्फीति ओडिशा में 7.11 प्रतिशत तथा दिल्ली में सबसे कम 2.11 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय औसत से अधिक मुद्रास्फीति दर्ज करने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल और मध्य प्रदेश रहे।

### ईंधन की दरों में कमी का भी असर

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि मुख्य रूप से ईंधन और प्रकाश खंड में महंगाई में कमी से मुद्रास्फीति नरम हुई है। इसके अलावा कपड़ा, जूता-चप्पल, पान और तंबाकू आदि खंड में कम महंगाई का भी असर पड़ा है। सब्जी और दाल श्रेणी में मुद्रास्फीति क्रमश: छह महीने और 11 महीने से दहाई अंक में बनी हुई है।

### मानसून दे सकता है महंगाई में राहत

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धमकीर्ति जोशी ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति में हल्की नरमी उत्साहजनक है लेकिन इस गिरावट की प्रवृत्ति में तेजी आना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना यह है कि आगामी मानसून राहत दे सकता है। यह इस शर्त पर है कि मानसून का समय और वितरण भौगोलिक आधार पर अच्छा हो।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# सौर ऊर्जा में प्रगति

भारत समृद्ध सौर ऊर्जा संसाधनों वाला देश है। सरकार का लक्ष्यः नवीकरणीय ऊर्जा पर भरपूर जोर देकर स्वच्छ ऊर्जा के हिस्से में बढ़ोतरी करना है। भारत में नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास तथा उपयोग के मुख्य वाहक ऊर्जा सुरक्षा, बिजली की कमी, ऊर्जा पहुंच, वित्तीय प्रोत्साहनों जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संतोषजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 से अब तक उत्पादन में 30 गुना वृद्धि हुई है। वहीं वर्ष 2023 में दुनिया में सौर ऊर्जा के उत्पादन में जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा सकती है कि 2015 में भारत का स्थान नौवां था। ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक गतिविधियों का अध्ययन करने वाले संस्थान एंबर की ताजा रिपोर्ट में उन 80 देशों के उत्पादन का सर्वे किया, जो दुनिया में बिजली की कुल मांग के 92 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति करते हैं। सौर ऊर्जा की बात करें तो इसने वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 5.5 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत रहा है। इस बढ़त से यह दृष्टिगत होता है कि दुनिया के बहुत से देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा उत्सर्जन घटाने की दिशा में सक्रिय हैं।

भारत की इसमें अग्रणी भूमिका है। उत्पादन में जहां भारत बीते साल तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा के प्रोत्साहन के लिहाज से चौथे स्थान पर आ गया है। स्थापित क्षमता के लिहाज से हम पांचवें पायदान पर हैं। इस सूची में भारत से पहले चीन, अमेरिका और ब्राजील हैं। केवल इन चार देशों ने 2023 में दुनिया के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। गौरतलब है ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया था। इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने अनेक नीतिगत पहल भी की हैं। हाल में ही देश में सूर्योदय योजना का प्रारंभ किया गया है जिसमें कम आमदनी के परिवारों को सोलर पैनल लगाने के लिए सहायता दी जाएगी। ऐसी योजनाओं में अतिरिक्त बिजली खरीदने तथा मुफ्त बिजली देने का भी प्रावधान है। सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा, बायोमास, जल विद्युत संयंत्र, कचरे से ऊर्जा निकालने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। हाइड्रोजन ऊर्जा से भी भविष्य में बड़ी उम्मीदें हैं। कहा जा सकता है कि इन प्रयासों से ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापकता आएगी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिलेगी।

# आवश्यक है खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकना



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

**इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।**

एक ओर जहां भारत में आज भी 19 करोड़ लोग भूखे सोते हैं,वहीं दूसरी ओर समाज का एक बड़ा वर्ग भोजन को फेंककर बर्बाद करने में लगा है। विश्व भूख सूचकांक 2023 के अनुसार भारत का स्थान 111 वां है और यह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से भी पीछे है। जाहिर है देश में लोगों को मिलने वाले पौष्टिक और पर्याप्त भोजन की कमी है। एक वर्ग के पास इतना ज्यादा खाद्य पदार्थ है कि वह इसे फेंकता है,बर्बाद करता है और एक बड़ा वर्ग भूखों सोता है। यह सामाजिक असमानता की भी निशानी है। यद्यपि सरकार ने इस ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं,जो उचित भी है।

देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू हो जाने से देश की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या को मुफ्त अनाज सरकार द्वारा दिया जा रहा है,परंतु अभी भी एक बहुत बड़ा वर्ग पौष्टिक और पर्याप्त भोजन को तरस रहा है,लेकिन दूसरी तरफ मध्यम वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग अपनी बढ़ती संपन्नता के साथ ही खाने के प्रति असंवेदनशील होते जा रहे हैं। खर्च करने की क्षमता में वृद्धि के साथ ही खाना फेंकने और ज्यादा से ज्यादा लुटाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वे इसे अपनी तथाकथित रईसी में शामिल करते हैं। इसका सबसे शानदार उदाहरण विवाह स्थलों के पास रखे कूड़ाघरों से पता चलता है,जहां 40 प्रतिशत से अधिक खाना फेंका हुआ मिलता है। वास्तव में अपने यहां कोई ऐसा कानून नहीं है,जो भोजन की इस बर्बादी पर रोक लगा सके। वास्तव में भोजन की बर्बादी मानवीय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। भोजन की बर्बादी से न केवल सरकार,बल्कि सामाजिक संगठन भी चिंतित हैं। दुनियाभर में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है,उसका एक-तिहाई यानी लगभग 1 अरब 30 करोड़ टन बर्बाद हो जाता है।

विश्व खाद्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 10 प्रतिशत लोग यानी करीब 83 करोड़ लोग भूखे सोते हैं,जिन्हें पेटभर खाना नसीब नहीं होता है। दुनियाभर में हरेक वर्ष लगभग 250 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है, अगर इस बर्बादी या अपव्यय को रोकने में सफलता मिल जाए तो सभी लोगों का पेट भरा जा सकता है। देश में हरेक साल लगभग 25.1 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन होता है,लेकिन खाद्य उत्पाद का 40 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के अनुसार भारत में हरेक वर्ष 23 करोड़ टन दाल, 12 करोड़ टन फल और 21 करोड़ टन सब्जियां वितरण प्रणाली में कमियों के कारण खराब हो जाती हैं। इस अपव्यय का दुष्प्रभाव हमारे देश के प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। औसतन हर भारतीय 1 साल में 6 से 11 किलो अन्न बर्बाद करता है। विश्व में तीन अरब से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्यकर एवं पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता है। यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक भोजन की बर्बादी के मामले में चीन पूरे विश्व में प्रथम और भारत दूसरे स्थान पर है।

**भारत में हर वर्ष 6 .87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18 .9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार हैं।**

भारत में हर वर्ष 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18.9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार है। दुनिया में अनुमानतः 17 प्रतिशत भोजन हर वर्ष कचरे में फेंक दिया जाता है जिससे करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। इसमें से लगभग 57 करोड़ टन अकेले घरों द्वारा कचरे में फेंका गया भोजन होता है। खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार दुनिया का लगभग 14 प्रतिशत फसल कटाई के बाद और दुकानों तक पहुंचने के पहले नष्ट हो जाता है,जो लगभग 400 अरब डॉलर का है। ऐसा माना जाता है कि भोजन बर्बादी का संबंध अमीर या विकसित देशों से ज्यादा है,परंतु संयुक्त राष्ट्र संघ के सर्वेक्षण ने इसे गलत प्रमाणित कर दिया है। विकसित देशों के मुकाबले पश्चिम एशिया और अफ्रीकी देशों में सालाना प्रति व्यक्ति खाने की बर्बादी ज्यादा होती है। एक ओर अफ्रीका के कई देश भुखमरी का सामना कर रहे हैं,वहीं दूसरी तरफ नाइजीरिया जैसे देश भी हैं,जहां हर व्यक्ति वर्ष में लगभग 189 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। रूस में सबसे कम भोजन बर्बाद किया जाता है, वहां प्रति व्यक्ति करीब 33 किलोग्राम भोजन को हर वर्ष कचरे में फेंका जाता है यानि यहां भोजन के सदुपयोग के प्रति संवेदनशीलता अपनाई जाती है।

खाद्य पदार्थों का अपव्यय या बर्बादी दो तरह की होती है। पहला जो खेतों में फसलों की कटाई से खुदरा दुकानदारों तक पहुंचने के बीच होने वाले खाद्य पदार्थों की हानि को "फूड लॉस" या भोजन का नुकसान कहते हैं। दूसरे खुदरा दुकानदारों से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के मध्य में जो भोजन की हानि होती है,उसे भोजन की बर्बादी या "फूड वेस्टेज" कहा जाता है। भोजन के अपव्यय या बर्बादी का सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में दस प्रतिशत तक हिस्सा सड़े-गले और खराब भोजन का होता है,जो तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। सड़े गले खाद्य पदार्थ से हानिकारक व प्रदूषणकारी मीथेन गैस का उत्पादन होता है। साथ ही फसलों की पोषण गुणवत्ता भी कम होती है और फूड चेन भी प्रभावित होता है। भोजन की बर्बादी से इसके उत्पादन में लगने वाले पानी,परिवहन के लिए ऊर्जा और भूमि जैसे सभी संसाधनों का भी नुकसान होता है।

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनवरी 2015 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने भी शादी-विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची रोकने के आदेश दिया था। पाकिस्तान में यह कानून है कि शादी या अन्य समारोहों में एक से ज्यादा मुख्य व्यंजन नहीं परोसा जा सकता है। इस कानून के उल्लंघन पर एक महीने की सजा और 50 हजार से दो लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। भारत में भी वैवाहिक समारोहों में फिजूलखर्ची व धन की बर्बादी को रोकने के लिए एक कानून बनाने का विचार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार समिति ने दिया था। इसमें विवाहों में मेहमानों की संख्या नियंत्रित करने से लेकर कई अन्य बातें भी शामिल थीं,मगर इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। इधर हाल में बिहार से कांग्रेसी सांसद रंजीता रंजन ने शादियों में खाने की बर्बादी को रोकने के साथ-साथ विवाह के पंजीकरण को कानूनन अनिवार्य बनाने वाला एक निजी विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद भाजपा सांसद गोपाल चिन्नया शेट्टी और कांग्रेसी सांसद जसबीर सिंह गिल ने भी शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित करने,खर्च सीमित करने आदि से संबंधित विधेयक पेश किया है। हालांकि देश में प्रदर्शन और फिजूलखर्च पर प्रतिबंध की दृष्टि से विवाह समारोह अधिनियम 2006 तो मौजूद है, लेकिन इसका सख्ती से अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

विश्वभर में होने वाली भोजन की बर्बादी और अपव्यय को रोकने के लिए विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन,अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एकजुट होकर एक परियोजना शुरू की है। आजकल मारवाड़ी समाज में फिजुलखर्ची,वैभव प्रदर्शन एवं दिखावे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं भोजन के व्यंजनों को सीमित करने के लिए आंदोलन चल रहे हैं। वैवाहिक समारोहों के अतिरिक्त मृत्यु पश्चात आयोजित किए जाने वाले सामूहिक भोजों के विरुद्ध भी अनेक जातीय समाजों द्वारा प्रचार-प्रसार एवं आह्वान किया जा रहा है। भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दिसंबर 2017 में 'सेव फूड, शेयर फूड, ज्वाय फूड' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया था जिसका उद्देश्य भोजन की बर्बादी को रोकने और उसे जरूरतमंदों से इसको साझा करने को लेकर जागरूकता फैलाना था। प्राधिकरण ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों और कारोबारों में भोजन की बर्बादी रोकने और भोजन दान करने को प्रोत्साहित करने के लिए नियम बना दिए। इसके लिए अलग-अलग खाद्य वितरण एजेंसियों और दूसरे स्टैक होल्डरों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2018 में केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया "ईट राइट इंडिया मूवमेंट" भोजन की बर्बादी रोकने और जरूरतमंदों तक पौष्टिक खाना पहुंचाने की दिशा में एक अच्छी पहल है।

## प्रसंगवश

# स्वार्थ की बलि चढ़ती झील

प्रकृति की अनुपम नैसर्गिक छटा से भरपूर नैनीताल जनपद का भीमताल नगर पर्वतीय सभ्यता व संस्कृति का केंद्र बिंदु होने के साथ ही पर्वत श्रृंखलाओं के मनोहारी दृश्यों के बीच सौंदर्य बिखेरती टापू वाली झील के लिए प्रसिद्ध है। 1370 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह झील नैनीताल की झील से बड़ी है,लेकिन मानवीय हस्तक्षेप, पर्यावरण प्रदूषण और अनियंत्रित व अंधाधुंध विकास तथा कंक्रीट के बढ़ते जंगल के कारण अपनी पहचान खोते हुए तेजी से सिमट रही है।

भीमताल झील की लंबाई लगभग 1677 मीटर तथा चौड़ाई 454 मीटर है। निरंतर गंदगी और गाद जमा होने से झील की गहराई घटती जा रही है। 1871 में झील की गहराई 39 मीटर आंकी गई थी,जो 1975 में घटकर 27 मीटर तथा 1985 में 20 मीटर तक पहुंच गई। वर्तमान में झीलों की औसत गहराई 20 मीटर से घटकर लगभग 12 मीटर ही रह गई है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गर्मियां आते ही झील का स्वरूप बदल जाता है। यदि आप इस समय भीमताल जाएं तो आप देखेंगे की झील के मल्लीताल वाले क्षेत्र में झील का पानी सुखकर एक बड़े मैदान का रूप ले चुका है। एक सुंदर झील की गोद में यह सुखा-उजाड़ मैदान एक बदनुमा दाग की तरह नजर आता है,जो हर साल गर्मियां शुरू होते ही उभर आता है,लेकिन ऐसा न हो इसके प्रयास सरकारी स्तर पर कभी होते नजर नहीं आते।

देख-रेख के अभाव और उपेक्षा के कारण यह झील जवानी में ही बुढ़ापे के दिन देख रही है। भीमताल क्षेत्र को प्रकृति ने सौंदर्य की अमूल्य धरोहर मुक्त हस्त से प्रदान की है, लेकिन इसके बावजूद यह क्षेत्र एक सफल पर्यटक स्थल के रूप में नहीं उभर सका है। कभी भीमताल इलेक्ट्रॉनिक घाटी के रूप में प्रसिद्ध था। यहां कई छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां खोली गई थीं जिनका मलबा सीधे झील में जाता था। उस दौर में यह झील सबसे ज्यादा प्रदूषित हुई। अधिकांश फैक्ट्रियां तो अब बंद हो चुकी हैं,लेकिन झील के दोनों और की पहाड़ियां अब कंक्रीट के जंगल में तब्दील होने लगी हैं। झील में लगातार जा रहे मलबे से न केवल इसके प्राकृतिक क्षेत्रफल में कमी आई है,बल्कि बढ़ते प्रदूषण से इसके पानी में भी ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आंकी गई है। फैलते हुए किनारों और सिकुड़ते हुए जल विस्तार को दर्शाती इस झील की जल ग्रहण क्षमता में कमी का एक मुख्य कारण झील के दक्षिण पूर्व किनारे पर अंग्रेजों द्वारा बनाए गए विशाल मेहराबदार तटबंधों के खुलने से भी जुड़ा है। सन् 1895 में अंग्रेजों द्वारा पास किए गए आदेशों के तहत आज भी इन तटबंधों से हल्द्वानी व भावर क्षेत्र को सिंचाई और पेयजल हेतु पानी दिया जाता है। झील में जल स्तर के कम होने का यह भी एक कारण है। इसी का परिणाम है कि पर्यटक मौसम के समय यह झील पश्चिम उत्तर किनारे पर जल विहीन होकर गायों की चरागाह में तब्दील हो जाती है।

इसके अलावा झील से लगी पहाड़ियों पर निरंतर बड़े-बड़े होटल, रिजॉर्ट,कॉटेज और मकान बनाने का जो बेरोकटोक सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है और बरसात में इस कथित विकास का,जो मलबा झील में जा रहा है, उसके कारण भी झील के कई प्राकृतिक स्रोत सूख गए हैं। कुछ साल पहले कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े वैज्ञानिकों द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार भीमताल झील से जुड़े सतर प्रतिशत पानी के चश्मे या तो सूख गए हैं या फिर सूखने के कगार पर हैं।

अपने वर्षों के इतिहास में लोगों ने इस झील से बहुत कुछ पाया है। चाहे वह जीविकोपार्जन का साधन हो अथवा मनोरंजन का परंतु प्रगति, विकास, असुरक्षा, अपेक्षा व आधुनिकीकरण के नाम पर इस झील ने बहुत कुछ खोया है। विकास के नाम पर इस घाटी के पर्यावरण संतुलन से खेलने वाले दिमाग पता नहीं क्यों तिल-तिल मरती इस झील को देखकर भी विचलित नहीं होते। अपने नैसर्गिक सौंदर्य और टापू के लिए प्रसिद्ध इस झील के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां देखी जा सकती हैं।

झील के चारों ओर अनियोजित विकास हो रहा है। पहाड़ खोदने से उपजा मलबा,बरसात का गंदा पानी,नालियां सब झील में ही समा रही है। अपने स्वरूप को जिस तेजी से इस झील ने खोया है,वह इसका दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। झील को देखकर इसके प्रारंभिक अद्भुत रूप और आज उसके चेहरे पर व्याप्त झुर्रियों की पीड़ा को साफ महसूस किया जा सकता है। खेद का विषय है कि जो झील लाखों साल से पारिस्थितिक भूगर्भिक हलचलों के मध्य भी सुरक्षित बनी रही,उसे हमने तीन दशक से भी कम समय में संकट की कगार पर पहुंचा दिया है।

# मजहब और अयुक्तिवाद



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक।**

सभी मजहबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद (तर्कहीनता) का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत कीमत चुकाकर, कई विद्वानों और वैज्ञानिकों को चौराहों पर जिंदा जलाकर,पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हजार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद,इस चीज को समझा और पुनर्जागरण, धर्मसुधार तथा ज्ञानोदय की आग से तपकर औद्योगिक क्रांति तक की यात्रा की। उन्होंने शायद यह भी समझ लिया हो कि सारे संगठित मजहब और संप्रदाय दरअसल सत्ता-संगठन हैं और सामूहिक ताकत बनाए रखने और बढ़ाने के काम आते हैं। अगर ईश्वर है तो व्यक्ति से उसका सीधा संबंध है-उसकी अंतरात्मा से होकर। उसे किसी मजहबी व्यवस्था का गुलाम बनने की कोई जरूरत नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने आर्थिक और भौतिक शक्ति से सत्ता प्राप्त करने और उसे बनाए रखने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मजहब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं,जो पिछड़े देशों में मजहब के प्रचार के काम में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज को सबसे स्पष्ट तरीके से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक किस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक किस्म का। जैसे हमारे यहां हिंदुत्व के प्रति 'राजनीतिक किस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। माने अब तक। भविष्य को कौन जानता है,ज्योतिषियों और दलीय राजनीति का खेल खेलने वालों के सिवा? अमेरिकी प्रवास में एक अमेरिकी सज्जन से वार्तालाप के दौरान किसी संदर्भ में मैंने अज्ञानवश पूछ लिया-आप कैथलिक हैं या प्रोटेस्टैंट? उन्होंने मेरी ओर ध्यान से देखा। फिर जैसे मेरे प्रश्न की निरर्थकता को नजरअंदाज करते हुए सपाट स्वर में बोले,मैं चर्च नहीं जाता।

अपने प्रश्न की अप्रासंगिकता के एहसास से मैं थोड़ा असहज हो उठा,जो शायद वे नहीं चाहते थे-उस समय वे मेरे मेजबान थे। असहजता को दूर करने के लिए उन्होंने कहा- यहां के अधिकांश लोग चर्च नहीं जाते। मेरी सहजता थोड़ी लौटी और बात इतर मुद्दे पर सरक सकी,जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी या नास्तिक वगैरह मानते हैं। कभी-कभी अजीब नासमझी की बात कर बैठते हैं। कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मजहबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मजहब के अयुक्तिवाद को दूसरे मजहब के अयुक्तिवाद से ज्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को गलत बताने लगते हैं। अरे भाई,जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो,रहती तो है,किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है,जो ज्यादा बड़ा झूठ बोलकर लोगों से उसे सही मनवा लेने की कला में अधिक प्रवीण होता है। सीधी बात है। विवेकवाद के आधार पर किसी मजहब को सही या गलत ठहराने का क्या तुक? जो जैसा है,वैसा है।

विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है,उसमें भी तो बहुत कुछ मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना होता है- इस बारे में फिलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से,निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा,बता दूंगा,जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है,वह आगे ज्ञात हो भी सकता है। नहीं भी हो सकता,लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से रहा जा सकता है।

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अतः विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

## सोशल फोरम

# शक्ति की स्रोत मां

मां धरती पर सबसे अधिक प्रयोग किया जाने वाला शब्द है। होश संभालने पर सबसे पहले देखा चेहरा मां का ही याद आता है। स्कूल छोड़ने भी मां ही जाती थी और लेने भी, बहनें भी साथ होती थीं। याद है काली मिर्च वाले पराठे के साथ आम या नींबू के आचार की एक फांक रखकर रुमाल में बांधती और फिर भीतर से कलई की हुई पीतल की डिब्बिया में रख बस्ते में ठूंस देती। पिताजी नौकरी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते थे। घर-बाहर और हम भाई-बहनों को मां ही संभालती थी। याद आता है आलमबाग की चंदर नगर मार्केट के दुमंजिले पर घर, वेजिटेबल ग्राउंड की रामलीला रात दो-ढाई बजे तक चलती थी। लौटकर घर आता तो घुप्प अंधकार होता। नीचे से आवाज देता-माताजी। अंधेरे की अभ्यस्त मां,मैं आई कहते हुए दौड़ी चली आती। कॉपी-किताब चाहिए या कैंडी आइसक्रीम चूसनी है या फिर सिनेमा देखना है। मां ही काम आती। गलती करने पर पिताजी के कुफ्र से मां ही बचाती। एक अखबार में लेख छपा। सात रुपए मिले थे। कलम से पहली कमाई। मां के चरणों में ही रखी थी। मां ने सिर्फ चवन्नी रख बाकी पैसे मुझे दे दिए थे। शादी के बाद जब मैंने मां के चरणों में अपना वेतन रखा था मां ने भारी मन से कहा था- अब मुझे इसकी जरूरत नहीं। इसे और तुझे संभालने वाली आ गई है। मां की यादों की बड़ी लंबी फेहरिस्त है। बताने बैठूं तो महाग्रंथ तैयार हो जाए। मां का जिस्म बहुत भारी था। जब कभी उनकी तबियत खराब होती तो मैं मजाक करता था-माता जी आपको उठाने के लिए क्रेन मंगानी पड़ेगी,लेकिन जिंदगी के अंतिम छह साल तक खूब सेवा कराई मां ने, सूखकर कांटा हो गई थीं। उनकी खराब अवस्था को जो भी देखता यही कहता था-भगवान से प्रार्थना कर कि मां को मुक्ति दे,लेकिन मैं जब भी भगवान की मूर्ति के सामने खड़ा हुआ तो मुंह से यही निकला - मुझे ताकत दे मां की खूब सेवा करूं। टूटने न पाऊं, लेकिन भगवान ने मेरी नहीं सुनी। मैंने भगवान को मानना ही छोड़ दिया। सच कह रहा हूं, पूरे दिल से - मेरे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले पाया,पत्नी भी नहीं। आज भी जब कभी तकलीफ में होता हूं तो पिता से पहले मां को ही याद करता हूं। शक्ति की स्त्रोत हैं वो।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

–फेसबुल वॉल से

# बड़ों की छोटी बीवियां



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

**जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे। अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंत :पुर में भिजवाया– नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।।**

विवाह संबंधों में सामान्यतया पत्नी थोड़ा कम उम्र की ही उचित मानी जाती है। हालांकि इसके अपवाद भी हैं। कहीं बड़ी और कहीं ज्यादा छोटी बीवियां होती रही हैं। साधारण लोगों का तो कोई इतिहास संरक्षित नहीं रहता, किंतु जब ऐसा बड़ों के बारे में हो तो वह रिकार्ड पर आ जाता है। बात करते हैं पतियों से अधिक छोटी पत्नियों की। ऐसी पत्नियां पतियों को अधिक आकर्षित कर ले जाती हैं, कई बार उनके सामान्य कामकाज में बाधा भी पड़ती देखी गई है। भगवान राम और सीता की उम्र में कहीं सात और कहीं नौ साल का अंतर उल्लिखित है। वाल्मीकि के अनुसार विवाह के समय सीता 6 साल की और राम 13 के थे। तुलसीदास ने वन गमन के समय जो दोहा लिखा है, उसके अनुसार तत्समय "वरस अठारह की सिया, सत्ताइस के राम" थे।

यह अंतर नौ साल का है, जो भी हो सीता कम उम्र और अतीव सुंदरी थीं। चूंकि राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे, अतः वे उनकी कमसिनी और रूप में लिप्त तो नहीं थे, पर अति अनुरागमय अवश्य थे। उनके हरण पर राम गजराज से कहते हैं कि 'हे गजराज! तुम्हारी शुण्ड के समान जिसकी जंघाएं हैं, क्या तुमने ऐसी मेरी प्रिया को देखा है?" यही नहीं लंका से वापस मिलने पर भी वे क्षुब्ध तो हुए, किंतु उनके रूप का भान उन्हें भरपूर था। उन्होंने वाल्मीकि के अनुसार, यहां तक कहा कि "तुम इतनी सुंदर हो कि रावण अपने को रोक नहीं पाया होगा!"

श्रीकृष्ण की पत्नी-संख्या तो बहुत बड़ी है, किंतु छोटी और सौन्दर्यशालिनी सत्यभामा की चाहत के लिए वे इन्द्र से लड़े और वहां से पारिजात लेकर पृथ्वी पर आए। यद्यपि सत्यभामा का यह दुराग्रह ही था कि जिसके घर मेहमानी में जाए, उसकी कोई चीज पसंद करके ले चलने का हठ करें। महाभारत की नायिका द्रौपदी अर्जुन से 12 वर्ष और युधिष्ठिर से 14 वर्ष छोटी थीं। रूप का आलम यह कि स्नानागार में उनके खुले सौंदर्य एवं अंग सौष्ठव को देखकर स्नान की सहायिकाओं के मन में पुरुष भाव जागृत हो जाता था। कौरव सभा में अपमानित होने पर उन्होंने अपना वेणी संहार किया जिसकी परिणति तत्कालीन विश्व युद्ध में हुई। जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे।

अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंतः पुर में भिजवाया-नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।। स्पष्ट है कि रानी का यौवन भी तब पूर्ण विकसित नहीं था। खैर! कविता का प्रभाव पड़ा और उन्होंने राजकाज संभाल लिया। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एन टी रामाराव ने काफी कम उम्र की लक्ष्मी पार्वती से शादी की, जो उनके राजनीतिक पतन का कारण बनी। "नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा"।

# और कितनी महंगाई की मार

बात 2012 की है। अन्ना आंदोलन खत्म होने के बाद यूपीए-2 सरकार के खिलाफ लगातार असंतोष बढ़ रहा था। महंगाई, बेरोजगार भ्रष्टाचार को लेकर जन मानस में रोष दिखाई दे रहा था। गैस के दामों के बढ़ने से सिलेंडर लेकर सड़क पर उतर जाना,बहुत हुई महंगाई की मार,अबकी बार... जैसे नारों से पेट्रोल पंपों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे बड़े-बड़े होल्डिंग और पोस्टर्स आकर्षण का केंद्र थे, लेकिन इस चुनाव में शायद यह मुद्दे गौड़ हो गए जाति-धर्म और मंदिर-मस्जिद की लड़ाई में शायद जनता को इनका ध्यान ही नहीं रहा।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हालांकि विपक्ष शिद्दत से इन मुद्दों को उठा भी रहा है,परंतु हाल के दिनों में अखबारों में महंगाई और बेरोजगारी पर खबरे जरूर आए दिन छप रही हैं। आम आदमी की जेब पर महंगाई की मार बढ़ रही है। प्याज टमाटर, आलू, अंडे, दालों, उपयोगी दवाओं और घरेलू समान के दाम बढ़ने से आम आदमी इस मार को सह नहीं पा रहा है। महंगाई की मार और उधारी बढ़ने से दो समय का भोजन मुश्किल हो गया है। सीनियर सिटीजन को ट्रेन सफर में मिलने वाली छूट बंद हो जाने और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम लगातार बढ़ने से डबल मार पड़ रही है। चुनाव के दौरान एक चर्चा में कुछ लोग बता रहे थे कि अगर चीजों के दाम बढ़ रहे हैं तो सैलरी भी तो बढ़ी है।

ऐसे अविवेकपूर्ण सवाल पूछने वालों को शायद नहीं मालूम की केवल संगठित क्षेत्र में काम करने वालों और बड़े औद्योगिक घरानों के कुछ लोगों को ही वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिला है। शेष 70 प्रतिशत जो असंगठित क्षेत्र में है विशेष कर दुकानों, अस्पतालों में काम करने वालों, मांझा, पतंग बनाने वाले कारीगरों, रेहड़ी लगाने वालों, रिक्शा ऑटो रिक्शा चलाने वालों, खेत मजदूरों, ठेका, संविदा और दैनिक आधार पर मजदूरी करने वालों पर इस भीषण महंगाई का कितना असर होता है इसकी जानकारी भी ली जानी चाहिए।

# हरी-भरी अमेठी मेरे पिता की देन : प्रियंका


अमेठी के ठेंगहा में आयोजित जनसभा में प्रियंका गांधी का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता अमेठी

- पिता नहीं रहे, लेकिन मां ने रिश्तों को निभाया
- झूठ फैलाती हैं स्मृति इरानी, मीडिया में जो दिख रहा वह सच्चाई नहीं

**अमृत विचार:** बचपन में जब अमेठी आती थी तो यहां की जमीनें सफेद दिखती थीं तो पिता ने बताया कि यहां की मिट्टी में नमक है। जिससे यहां की जमीन ऊसर है। आज देखिए अमेठी की जमीन हरी- भरी दिखती है। यह ऐसे ही अपने आप नहीं हुआ। पिता ने ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए योजना बनाई। तब जाकर यहां की जमीन उपजाऊ हुई है।

यह बात कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाधी ने अमेठी के ठेंगहा महादेवन में आयोजित जनसभा में कहीं। प्रिंयका ने कहा कि इंडी गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा जानते है कि यहाँ की समस्या क्या है। आप सब के बीच रहकर घुले-मिले है। अमेठी और गांधी परिवार का प्रेम और श्रद्धा का रिश्ता है। पिता नहीं रहे, लेकिन मां ने उस रिस्ते को निभाया बड़े-बड़े उद्योग लगवाए। माता जी के बाद भाई आये और विकास की बड़ी कोशिशें की। यहाँ पर फूड पार्क खोलने जा रहे थे भाजपा ने बन्द करा दिया। अगर फूडपार्क खुल जाता तो आज किसानों की स्थिति ऐसी न होती जैसी है।

उन्होंने कहा मैंने अपने खुद आंखों से देखा है यहां की जनता को प्रधानमंत्री को डांटते। भाजपा अत्याचारियों को बचाने का काम करती है किसान परेशान हैं। आवारा पशु उनके फसल को चौपट कर रहे हैं। किसान हर चीज पर टैक्स दे रहा है कांग्रेस सरकार बनी तो किसानी और खेती की सामान टैक्स मुक्त होंगे। नौजवान बेरोजगार खड़े हैं देश में 70 लाख पद खाली पड़े हैं।सरकार की नीयत सही होती तो नीतियां भी सही होतीं। पिताजी की नीयत सही थी यहां आते थे और श्रद्धा से विकास करते थे।

# कैसरगंज: ब्राह्मण-कुर्मियों का रुख होगा निर्णायक

**पयागपुर में ब्राह्मण तो कैसरगंज में ब्राह्मणों और कुर्मियों को साधने में लगी भाजपा** | **पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी तो कैसरगंज में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा पर बड़ी जिम्मेदारी** | **सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्रा दोनों विस क्षेत्रों में दे रहे भाजपा को चुनौती**

चुनाव डेस्क, लखनऊ


करण भूषण सिंह


भगतराम मिश्रा

- भाजपा किसी भी स्थिति में सीट को हाथ से गंवाना नहीं चाहती
- लगातार इस सीट पर कमल खिलाते रहे हैं सांसद बृजभूषण शरण सिंह

**अमृत विचार :** देश में सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में से एक कैसरगंज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचार करके राजनैतिक माहौल को गर्म कर दिया है। भाजपा किसी भी स्थित में इस सीट को हाथ से गवाना नहीं चाहती, वहीं सपा हर हाल में इस सीट को अपने पाले में लाना चाहती है। यहां पर वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह हैं, जो लगातार इस सीट पर कमल खिलाते रहे हैं। अब उनका बेटा करण भूषण सिंह मैदान में है। विश्लेषकों के मुताबिक भाजपा के लिए ब्राह्मण और कुर्मी साधना बहुत जरूरी है, वह भी तब, जब समाजवादी पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतार रखा हो।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिसमें तरबगंज, कटरा बाजार, करनैलगंज, कैसरगंज और पयागपुर आते हैं। कैसरगंज क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य क्षेत्र है, जबकि बाकी चारों विधानसभा क्षेत्र ब्राह्मण बाहुल्य हैं। वैसे तो सांसद बृजभूषण सिंह का प्रभाव सभी वर्गों में बताया जा रहा है, लेकिन सपा द्वारा ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के कारण दो विधानसभा सीटों पयागपुर और कैसरगंज में ब्राह्मणों का रुझान कम होने की आशंका है। भाजपा यह मानकर चल रही है कि तरबगंज, करनैलगंज और कटरा बाजार के ब्राह्मण भाजपा को ही वोट करेंगे। लेकिन, पयागपुर और कैसरगंज में भाजपा को चुनौती मिल सकती है। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव जनसभा करने के लिए ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र पयागपुर को चुना। पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी भी ब्राह्मण समाज से हैं। यहां ब्राह्मणों की आबादी 60 हजार के करीब बताई जा रही है। सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्रा पयागपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी है। भगतराम सर्वसुलभ नेता के रूप में भी चर्चित है। ऐसे में ब्राह्मणों के अलावा अन्य वर्गों का झुकाव उनकी तरफ होना स्वाभाविक भी है। आने वाले दिनों में भाजपा पयागपुर और कैसरगंज में बड़े ब्राह्मण नेताओं को प्रचार में उतार सकती है।

उधर, सांसद बृजभूषण शरण सिंह की ब्राह्मणों में अच्छी पहुंच बताई जा रही है। काफी संख्या में कुर्मी समाज के लोग उनसे व्यक्तिगत रूप से जुड़े हैं। इससे उन्हें फायदा मिल सकता है। कैसरगंज में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा और उनके बेटे गौरव वर्मा को कुर्मियों को साधने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। चूंकि मुकुट बिहारी वर्मा जनपद के बड़े और सर्वमान्य नेता माने जाते हैं, इसलिए उनका इस्तेमाल भाजपा आसपास के सभी संसदीय क्षेत्रों में भी कर रही है।

### आ सकते हैं जेपी नड्डा

कैसरगंज सीट पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा करके जनता से वोट मांग चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई को बलरामपुर पहुंचकर श्रावस्ती और कैसरगंज दोनों साधेंगे। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कैसरगंज सीट पर प्रचार करने की सूचना आर रही है। स्थानीय भाजपा नेताओं का कहना है कि जेपी नड्डा के आने की सूचना मिल रही है। हालांकि अभी तक पार्टी लाइन से कोई प्रोटोकॉल नहीं आया है।

**60** हजार के करीब बताई जा रही है पयागपुर के ब्राह्मणों की आबादी

### अपनी ढपली अपना राग


इलेक्टोरल बांड से साबित हुआ कि बसपा को छोड़ सभी दलों ने धन्नासेठों से पैसा लिया। हमारी पार्टी केवल कार्यकर्ताओं से थोड़ा पैसा लेती है।
– मायावती


देश की जनता ने परिवारवाद, गुण्डागर्दी, अपराधीकरण व तुष्टीकरण की राजनीति को नकार कर भाजपा को आशीर्वाद दे दिया है।
–भूपेन्द्र चौधरी


विरोधी कह रहा है रुपया बांटकर चुनाव जीतेंगे, रूपया कहीं गाड़ी में दिखे तो लपककर छीन लो, मुझे बताओ मैं भी आ जाऊंगा।
–ओपी राजभर


इंडिया गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता लोकतंत्र को बचाने को तानाशाही भाजपा से लड़ रहे हैं, उनकें देशहित के उद्देश्य को और मजबूत करें।
–अविनाश पांडेय

## आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**अमृत विचार, लखनऊः** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त कर लिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की ओर से 4716 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 27,45,476 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिनमें से 25,11,561 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अलावा पुलिस विभाग के जरिये 9335 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9432 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 530 बम बरामद कर सीज किये गये हैं। अवैध शस्त्र बनाने वाले 4262 स्थलों पर छापे में 178 स्थलों को सीज किया गया है।

# उप चुनाव : पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा व इंडी गठबंधन में मुकाबला

**40** वर्षों तक कांग्रेस का रहा है कब्जा वापसी के लिए कर रही संघर्ष | **1991** से बरकरार है भाजपा की जीत का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुकेश सिंह चौहान के लिए भाजपा का दबदबा खत्म करना बड़ी चुनौती
- पूर्वी विधानसभा सीट पर 1951 में कांग्रेस के चंद्रभानु गुप्ता चुने गए थे विधायक


ओपी श्रीवास्तव


मुकेश सिंह चौहान


आलोक कुशवाहा

**अमृत विचारः** पूर्वी विधान सभा के उपचुनाव में अबकी बार कांटे की टक्कर देखने को मिल रही हैं। एक ओर जहां भाजपा से ओपी श्रीवास्तव मैदान में है तो वहीं इंडी गठबंधन के कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ताल ठोके हुए हैं। मुकेश सिंह चौहान के लिए भाजपा के 30 वर्षों से अधिक जीत के किले को भेदने की चुनौती हैं। मुकाबला रोचक इसलिए भी हो जाता है क्योंकि दोनो प्रत्याशी नए है। वहीं बसपा प्रत्याशी आलोक कुशवाहा ने भी अपने तेवर दिखाए है। हांलाकि मुकाबला भाजपा और इंडी गठबंधन का ही है। लेकिन कब क्या हो ये कौन जानता है।

कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान जनता के बीच जाकर काम के नाम पर वोट मांग रहे है जो वह पार्षद रहते हुए करवाएं है। मुकेश सिंह चौहान 2012 में ईस्माइलगंज वार्ड एक से पार्षद रहे है। 2017 में इनकी पत्नी पार्षद हुई और 2022 में फिर मुकेश सिंह चौहान पार्षद चुने गए। 2001 में कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के बाद भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में जिम्मेदारी संभाली।

2009 में राहुल गांधी के आंतरिक चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए लखनऊ की लोकसभा उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। इसके बाद शहर के अध्यक्ष का दायित्व मिला और वर्तमान में प्रदेश महासचिव के पद पर कांग्रेस कमेटी में काम कर रहे हैं।

जानकारों का भी कहना है कि इस बार उपचुनाव में जीतना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा। क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी जो कि पार्षद का चुनाव जीतने व जिताने का अनुभव रखते है और कांग्रेस में सक्रिय पद पर भी है। मुकेश सिंह चौहान का जनता के बीच भी अच्छी पैठ होने से कमतर आंकना भाजपा के लिए मुश्किल भरा सौदा हो सकता हैं।



ओपी श्रीवास्तव वर्तमान समय में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य होने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि विभाग के प्रदेश संयोजक भी हैं। ओपी श्रीवास्तव क्षेत्रीय अवध क्षेत्र में कोषाध्यक्ष पद की भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

पूर्वी विधानसभा सीट पर 1951 में कांग्रेस के चंद्रभानु गुप्ता विधायक चुने गए थे। तब से लेकर 1991 तक कांग्रेस समेत अन्य दलों के विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे। करीब 40 साल बाद 1991 में पहली बार कमल खिला था। जिसमें भगवती प्रसाद शुक्ला ने जीत दर्ज की थी। तब से लेकर अभी तक इस सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार है।

### लखनऊ लोकसभा मतदाता




### इलेक्शन बायस्कोप


राजधानी लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में उनके प्रचार में जुटे उत्साही कार्यकर्ता शहरभर में अपने नेता को विजयी बनाने की अपील लोगों से कर रहे हैं। इसी क्रम में हुसैनगंज स्थित हिवेट रोड पर कैमरे में कैद हुए कुछ उत्साही भाजपा कार्यकर्ता। –अमृत विचार

## 7वें चरण के चुनाव के लिए अनुप्रिया पटेल समेत 71 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** । प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार को 71 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए तीन नामांकन हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में एक, गोरखपुर में चार, कुशीनगर में पांच, देवरिया में आठ, बांसगांव (अजा) में दो, घोसी में आठ, सलेमपुर में दो, बलिया में छह, गाजीपुर में छह, चंदौली में आठ, वाराणसी में सात, मिर्जापुर में 10, राबर्ट्सगंज (अजा) सीट पर चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए अब तक कुल 183 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अभय समाज पार्टी से बृजेश ने नामांकन किया। गोरखपुर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से जितेन्द्र, भारतीय सर्वजन पार्टी से श्रवण व निर्दलीय प्रत्याशियों में अशोक व सुधांशु ने नामांकन किया। कुशीनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण चौहान, देवरिया सीट से बहुजन समाज पार्टी से संदेश, बांसगांव (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से रामसमुझ, मिर्जापुर सीट से अपना दल (सोनेलाल) से अनुप्रिया पटेल व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र ने नामांकन किया। राबर्ट्सगंज (अजा) सीट से समाजवादी पार्टी से छोटेलाल ने नामांकन किया। इसके अलावा सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से रवि सिंह, समाजवादी पार्टी से विजय सिंह व कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से दिनेश कुमार ने नामांकन किया।

# वर्षों से बंद चीनी मिल किसान मतदाताओं के लिए बड़ा मुद्दा

**नेताओं पर भगीरथ प्रयास न करने का आरोप** | **बीते चुनाव पर चुनाव, लेकिन मतदाताओं के हाथ सिर्फ लगे वादे**

विवेक शुक्ला, रामनगर/बाराबंकी

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध महादेव की धरती रामनगर की तराई बेल्ट में वर्षों से बंद पड़ी बुढ़वल चीनी मिल हर चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरता रहा है। तमाम सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन बुढ़वल चीनी मिल को शुरू कराने के नाम पर जनता के हाथ सिर्फ वादे लगे। इस लोकसभा चुनाव में एक बार फिर बुढ़वल चीनी मिल का मुद्दा रामनगर व यहां की तराई बेल्ट के किसान मतदाताओं ने उठाया है। विगत वित्तीय वर्ष में अनपूरक बजट पास किए जाने की घोषणा के बावजूद मिल का ना चलना इस क्षेत्र में भाजपा के गले की फांस बना हुआ है। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में भी यह मुद्दा भाजपा के मुसीबत खड़ी कर सकता है।

1930 में कानपुर के एक व्यवसायी द्वारा बुढ़वल शुगर मिल की स्थापना की गई थी। मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 50 हजार कुंतल और चीनी उत्पादन 5 हजार कुंतल थी। मिल से लगभग एक हजार लोगों को रोजगार भी मिला था। रामनगर क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों को इसका सीधा लाभ मिलता था।


बंद पड़ी बुढ़वल चीनी मिल। अमृत विचार

1990 में सपा सरकार बनने पर चीनी मिल के विस्तारीकरण के नाम पर कई दर्जन किसानों की लगभग 85 एकड़ भूमि शासन द्वारा अधिग्रहित कर ली गई। मौजूदा मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने बुढ़वल आकर मिल के विस्तारीकरण व की घोषणा की जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। मिल कई वर्षों तक मुनाफे में रही, लेकिन चीनी निगम में अधिग्रहित होने के चलते वर्ष 2007 से मिल फायदे के बजाय घाटे की तरफ जाने लगी। नतीजा यह रहा की साल 2013 में यहां ताला लग गया। जिसके चलते क्षेत्र के हजारों लोग बेरोजगार हो गए व गन्ना किसानों को भी भारी नुकसान हुआ।

उसके बाद 2017 के विधानसभा चुनाव की जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्याशी जीतने व सरकार बनते ही चीनी मिल का संचालन होगा। प्रत्याशी भी जीता और सरकार भी बनी, लेकिन कार्यकाल पूर्ण हो जाने के बाद भी मिल चालू नहीं हुई।

2022 के विधानसभा चुनाव की जनसभा में भी सीएम योगी ने दोबारा मिल को चालू करवाने का वादा यहां की जनता से किया। फिर सरकार बनी और अनपूरक बजट में चीनी मिल चालू करने के लिए 50 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की गई। कुछ दिनों के बाद प्रशासन द्वारा मिल के विस्तारीकरण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के चारों ओर खंभे व तार लगाकर जमीन सुरक्षित की गई। यह देख लोगों में फिर खुशी की लहर दौड़ी। लोगों ने माना मिल अब हर हाल में चलेगी। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद जब कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो क्षेत्रीय लोगों ने जनसूचना के द्वारा विभागीय अधिकारियों से बजट के बारे में जानकारी की। तब पता चला कि मिल चलाने के लिए कोई भी बजट नहीं मिला है।

लोगों का कहना है कि जब बस्ती की बंद पड़ी मुंडेरवा चीनी मिल व छाता मथुरा की बंद चीनी मिल प्रदेश सरकार द्वारा चालू कर दी गई है। तो अब तक यहां की क्यों नहीं।

ग्राम बिछलखा निवासी रमाशंकर का कहना है कि बुढ़वल चीनी मिल क्षेत्र में एक बार फिर बड़ा चुनावी मुद्दा बनकर खड़ा हुआ है। तमाम वादों के बाद भी आज तक मिल शुरू नहीं हुई है। ऐसे में हम लोग सरकार की बात और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर विश्वास कैसे करें।


रमाशंकर

चचरी निवासी रविंद्र का कहना है कि पहले हम लोग गन्ने की फसल पैदाकर अच्छी कमाई करते थे। जबसे मिल बंद हुई। क्षेत्र के किसानों में मायूसी छाई है। तमाम सरकारें आईं और वादा करके चली गईं, लेकिन मिल आज तक बंद पड़ी है।


रविंद्र

हेतमापुर सुंदर नगर निवासी ओमकार राजपूत और सूरतगंज के मनीष गुप्ता का कहना है कि अगर सरयू नदी पर पुल बन जाए तो बहराइच की कई किलोमीटर दूरी कम हो सकती है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने सैकड़ों बार मांग की लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला।


ओमकार राजपूत


मनीष गुप्ता


भवानी शंकर

वहीं बिछलखा निवासी भवानी शंकर का कहना है कि क्षेत्र में मिल बड़ा चुनावी मुद्दा है। यदि मिल शुरू हो जाए तो लोगों को रोजगार मिलेगा। क्योंकि सालों से मिल बंद होने के चलते यहां के गन्ना किसानों को काफी समस्याएं हो रही हैं।

### सरयू नदी पर पुल निर्माण भी बना चुनावी मुद्दा

हेतमापुर गांव के पास सरयू नदी पर पुल निर्माण किए जाने का आश्वासन भी चुनावी मुद्दा बना है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर इस पुल का निर्माण हो जाये तो उन्हें कई किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़े। इसके अलावा आवागमन भी आसान हो जाए। इसे लेकर नेताओं ने जनता से वादे तो बहुत किये लेकिन धरातल पर उतारने का उनका भागीरथ प्रयास अधूरा रहा। इस बात को लेकर स्थानीय स्तर पर आम मतदाताओं में सत्ता पक्ष के प्रति नाराजगी साफ देखी जा रही है। इस नाराजगी का असर लोकसभा चुनाव में कितना पड़ेगा। यह तो समय ही बताएगा। लेकिन एक बात तय है कि इस चुनाव में नेताओं की वादाखिलाफी के चलते यहां के लोगों में आक्रोश है।

## चुनावी चक्कर

**पहले मतदान फिर किया अंतिम संस्कार :**
पहले किया मतदान फिर पत्नी का अंतिम संस्कार लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र से संवेदनाओं को छूने वाली एक खबर आयी। हुआ यह कि दिबियापुर के संजय नगर निवासी 84 वर्षीय बुजुर्ग रामलखन की पत्नी सरोज कुमारी (78) का रविवार की शाम मृत्यु हो गई थी। परिजनों एवं रिश्तेदारों के एकत्र न होने के कारण शाम को सरोज कुमारी का अंतिम संस्कार नहीं हो सका तो सोमवार की सुबह अंतिम संस्कार किए जाने की बात तय हुई। सुबह जब घर पर सभी शोकाकुल परिजन बैठे थे तभी रामलखन ने उन्हें बताया कि वह वोट डालने जाएंगे। हालांकि, रिश्तेदारों ने पत्नी की अंत्येष्टि करने के बाद वोट डालने को लेकिन रामलखन अपनी जिद पर डटे रहे। इसके बाद उन्होंने दिबियापुर के प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बाद में क्षेत्र के मुक्तिधाम पहुंचकर पत्नी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया। इस स्थिति में भी उनके मतदान करने का कारण पूछने पर रामलखन ने बताया कि पत्नी के निधन के कारण एक वोट कम तो हो गया लेकिन वह अन्य वोट कम नहीं होने देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने पहले मतदान किया, इसके बाद पत्नी का अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के बाद उन्होंने अपनी बेटी को भी वोट डालने के लिए भेजा। मतदान के प्रति रामलखन की जागरुगता को जिसने भी सुना वह उनकी तारीफ किए बिना नहीं रहा। जब अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली तो वह भी रामलखन के जज्बे को सलाम किया और कहा कि अगर उनकी तरह सब हो जाएं तो शत-प्रतिशत मतदान से कोई नहीं रोक सकता।

# पंजाब में इस बार पांच दलों में उलझे मतदाता देख रहे प्रत्याशी का चेहरा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं और आम आदमी पार्टी की सरकार है। अंतिम चरण में यहां पहली जून को मतदान कराया जाएगा। इस बार राज्य में कोई दलीय गठबंधन चुनाव मैदान में नहीं है। इस कारण यहां का चुनाव पहले से अलग है। सीधे या त्रिकोणीय की जगह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर चतुकोष्णीय और कम से कम चार सीटों बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर नजर आ रही है। शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का नाता क्या टूटा, बसपा ने भी अकाली दल से समझौता तोड़ लिया। अब कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह राज्य में चारों पार्टियों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। इस माहौल में मतदाताओं के सामने प्रत्याशियों के चेहरे सबसे बड़ा फैक्टर बन गए हैं। लेकिन ये चेहरे भी बड़ी संख्या में इधर से उधर हो गए हैं। राज्य के इतिहास में संभवतः पहली बार लोकसभा चुनाव से पहले इतनी संख्या में नेताओं का दल बदल देखने को मिला है। इससे हालत यह है कि कई सीटों पर आमने-सामने वही पुराने चेहरे हैं, लेकिन दल बदल गए हैं। ऐसे में शिरेमणि अकाली दल जहां इस बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है, वहीं आम आदमी पार्टी लोकसभा में अपने नंबर बढ़ाने की कवायद में जुटी है, जबकि कांग्रेस 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने खोए आधार को पुनः पाकर पहले की तरह राज्य से ज्यादा से ज्यादा लोकसभी सीटें जीतने की उम्मीद लगा रही है। लेकिन यह काम आसान नहीं है, क्योंकि वर्ष 2019 के चुनाव में पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी और कैप्टन अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने राज्य की 13 में से आठ सीटे जीत ली थीं। लेकिन अब कांग्रेस के साथ न तो कैप्टन हैं और न उनकी पत्नी। तमाम अन्य कांग्रेस नेता भी हाथ का साथ छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। कुछ ऐसा ही हाल राज्य की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का भी है। उसके भी कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

## कांग्रेस, आप, अकाली दल और बसपा के सामने चुनौतियों का पहाड़

- लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर पार्टी का प्रदर्शन सुधारने की बड़ी चुनौती है, तो संकट आम आदमी पार्टी के सामने भी है, मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। पार्टी ने राघव चड्ढा, डॉ. संदीप पाठक, हरभजन सिंह समेत सात लोगों को पंजाब से राज्य सभा में भेजा था, लेकिन इनमें से पाठक को छोड़कर बाकी सांसदों का लोकसभा चुनाव के समय कोई अता-पता नहीं है। नेताओं की कमी के कारण ही आप को अपने सात मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारना पड़ा है। इस हाल में पार्टी की सबसे बड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, जो अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद राज्य में अपने चुनाव प्रचार से पार्टी को संबल प्रदान कर सकते हैं। लेकिन जिन गारंटियों का वादा कर आम आदमी पार्टी राज्य की सत्ता में आई थी, उनमें से अधिकांश अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। किसानों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को एक हजार रुपये हर माह देने और पुरानी पेंशन का वादा पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि मुफ्त बिजली का वादा पार्टी ने सबसे पहले पूरा करके दिखाया है। उधर, अकाली दल प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद पहली बार चुनाव मैदान में है। ऐसे में सुखबीर सिंह बादल के सामने पार्टी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी है, वह भी ऐसे समय में जब पार्टी विधानसभा चुनाव में मात्र तीन सीट पर सिमट चुकी है। राज्य की चौथी पार्टी बसपा ने अकाली दल के साथ मिलकर पिछला लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन गठबंधन फेल रहा था। पंजाब बसपा के संस्थापक कांशीराम की जन्मभूमि है। राज्य में दलित आबादी करीब 30 फीसदी है। लेकिन दलित मतदाता अकाली दल और कांग्रेस के बीच भी बंट हुए हैं। ऐसे में सिकुड़ते जनाधार के बीच अपना वोट बैंक बढ़ाकर प्रदर्शन सुधारने की चुनौती से बसपा को जूझना है।




**1998**
से बसपा का 30 फीसदी दलित अबादी के बाद भी खाता खाली

**117**
विधायकों में 10 फीसदी से ज्यादा आप-कांग्रेस से उतरे मैदान में

**2019 का जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 55,23,066 |
| अकाली दल | 02 | 37,78,574 |
| भाजपा | 02 | 13,25,445 |
| आप | 01 | 10,15,773 |

**2014 का जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| अकालीदल | 4 | 36,36,148 |
| आप | 4 | 33,73,062 |
| कांग्रेस | 3 | 45,75,879 |
| भाजपा | 2 | 12,09,004 |



### आरक्षित सीटों पर बसपा बचा पाएगी अपना वोट बैंक

पंजाब में चतुष्कोणीय मुकाबलों को बहुजन समाज पार्टी अपने लिए मुफीद मान रही है। दरअसल राज्य की आरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा का आधार हर चुनाव में नजर आता रहा है। जालंधर, होशियारपुर ऐसी सीटें हैं, जहां बसपा हमेशा चुनावी मुकाबले में रहती हैं। फिरोजपुर में भी बसपा का वोट बैंक है। इसलिए आरक्षित सीटों पर बसपा की ताकत को कम करके आंकना दूसरे दलों के लिए भूल हो सकती है। जानकार राज्य में बसपा का वोट प्रतिशत लगभग भाजपा के जितना ही आठ से दस प्रतिशत के बीच मानते हैं।

## अमृतसर सीट बहुकोणीय मुकाबले में बचा पाएगी कांग्रेस

- कांग्रेस के सामने अमृतसर लोकसभा सीट बचाने की चुनौती है। पार्टी की तरफ से दो बार के सांसद गुरजीत सिंह औजला फिर मैदान में हैं। भाजपा यहां बाहरी उम्मीदवार ही उतारती रही है। नवजोत सिंह सिद्धू, अरुण जेटली, आईएएस हरदीप पुरी के बाद इस बार भाजपा ने आईएफएस तरनजीत सिंह संधू को उमीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी से राज्य के कबीना मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और अकाली दल बादल से पूर्व कबीना मंत्री अनिल जोशी जोर लगा रहे हैं। अकाली दल अमृतसर ने सांसद सिमरनजीत सिंह मान के बेटे ईमान सिंह मान पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी तरनजीत अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। कांग्रेस सांसद औजला के सामने एक मौजूदा मंत्री, दूसरे पूर्व मंत्री और ब्यूरोक्रेट के चुनाव लड़ने से यहां मुकाबला कड़ा है।

## लुधियाना में अपने ही सांसद का मुकाबला कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष

- लुधियाना लोकसभा सीट इस बार हॉट बन गई है। यहां कांग्रेस छोड़कर आए सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। बिट्टू का मुकाबला कांग्रेस से पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग कर रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल ने यहां पूर्व विधायक रणजीत सिंह तो आम आदमी पार्टी ने लुधियाना सेंट्रल सीट के विधायक अशोक पराशर पप्पी पर दांव लगाया है। चतुष्कोणीय मुकाबले में बिट्टू यहां फंसे नजर आ रहे हैं। लुधियाना कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर कांग्रेस को पूर्व सीएम बेंअंत सिंह की शहादत का लाभ मिलता रहा है, लेकिन उनके पौत्र रवनीत सिंह बिट्टू के पार्टी छोड़ने से झटका लगा है।




## साथियों के साथ छोड़ने से संकट में दिख रही कांग्रेस

- भाजपा के पाले में कांग्रेस के दो वर्तमान सांसद परनीत कौर, रवनीत सिंह बिट्टू और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू चले गए थे। तीनों को भाजपा चुनाव मैदान में उतार चुकी है। शिरोमणि अकाली दल के दिग्गज नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्रवधू परमपाल कौर सिद्धू बठिंडा से भाजपा प्रत्याशी हैं, जबकि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वर्तमान विधायक राज कुमार चब्बेवाल और पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने अकाली दल के पवन टीनू को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक व मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने वाले दलबीर सिंह गोल्डी भी आप में शामिल हो चुके हैं। उधर, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के सांसद रहे डॉ. धर्मवीर गांधी को पटियाला से प्रत्याशी बनाया है। शिरोमणि अकाली दल ने कांग्रेस के मोहिंदर सिंह केपी को उम्मीदवार बनाया है। जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतारने से नाराज पूर्व सांसद संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर भाजपा में शामिल हो चुकी हैं।

## नेताओं के दल-बदल से भाजपा को उम्मीद, आधी से ज्यादा सीटों पर अबकी बार खिलेगा कमल

- पंजाब में इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अजीब है। राज्य के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि एक पार्टी किसी प्रत्याशी को टिकट दे, और वह दूसरी पार्टी में चला जाए। मौजूदा विधायक इस्तीफा देकर दूसरी पार्टी का प्रत्याशी बन जाए। तीन बार के सांसद रवनीत बिट्टू तो चार बार सांसद रहीं परनीत कौर कांग्रेस छोड़कर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी ने अपने सांसद सुशील रिंकू को टिकट दी, लेकिन वह भी टिकट ठुकराकर कमल खिलाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार बन गए। नेताओं के इस दलबदल से राज्य में कमजोर खिलाड़ी समझी जाने वाली भाजपा इस बार मजबूत प्रतिद्वंदी बनकर उभर चुकी है। पार्टी दूसरे दलों से आए नेताओं की बदौलत इस बार के लोकसभा चुनाव में करिश्माई प्रदर्शन करने की उम्मीद लगाए बैठी है।

## अकालियों से रिश्ता टूटने पर भाजपा ने कांग्रेस की जमीन पर खड़ा किया वोट बैंक

- पंजाब में अकाली दल ने तीन कृषि कानूनों के सवाल पर भाजपा से करीब ढाई दशक पुराना गठबंधन तोड़ लिया था। इस गठबंधन में रहकर भाजपा को लोकसभा की कुछ सीटें मिल जाती थीं। ऐसे में अकालियों के अलग होने पर भाजपा ने चुनावी जीत के लिए नए रास्ते तलाशे। उसने कांग्रेस के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, उनकी पत्नी सांसद परनीत कौर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़, कांग्रेस नेता संतोख चौधरी की पत्नी करमजीत कौर, कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। माना जा रहा हि कि इस कवायद से भाजपा ने राज्य में हिंदुओं की पार्टी होने की छवि से भी काफी हद तक छुटकारा पा लिया है।

## पटियाला में रोचक हुई चुनावी जंग

- पटियाला लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। इस सीट पर भाजपा ने इस बार कांग्रेस छोड़कर आईं कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर को अपना प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस ने पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी, आम आदमी पार्टी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह और अकाली दल ने एनके शर्मा पर दांव लगाया है। बसपा से जगजीत छड़बड़ चुनाव मैदान में हैं। यहां चतुष्कोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है।

## फतेहगढ़ साहिब में भाजपा ने दिलचस्प बनाया चुनाव

- फतेहगढ़ साहिब सीट लोकसभा आरक्षित सीट पर कांग्रेस से मौजूदा सांसद डॉ. अमर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पंजाब राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष गेजा राज वाल्मीकि, आप प्रत्याशी पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी और शिरोमणि अकाली दल के बिक्रमजीत सिंह से है। पिछली बार डॉ. अमर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी को लगभग एक लाखमतों से हराया था। 2014 में यहां आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीता था।

## जालंधर में पूर्व सीएम चन्नी के सामने अपनों की ही चुनौती

- जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस छोड़ने के बाद मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू इस बार भाजपा के टिकट पर ताल ठोंक रहे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर उनके मुकाबले में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। शिरोमणि अकाली दल ने यहां कांग्रेस के पूर्व सांसद और कद्दावर नेता मोहिंदर सिंह केपी और आप से पूर्व विधायक पवन टीनू यहां प्रत्याशी हैं। यहां साल 2023 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन हो गया था, इसके बाद हुए उप चुनाव में आम आदमी पार्टी से उतरे सुशील कुमार सिंह रिंकू ने कांग्रेस प्रत्याशी को 58 हजार मतों से हरा दिया था। जलंधर में दलित मतदाता करीब 40 फीसदी हैं, और जीत-हार तय करते रहे हैं।

## खडूर साहिब में अमृतपाल की चुनौती से मुश्किल में अकाली दल

- खडूर साहिब लोकसभा सीट जेल में बंद 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह द्वारा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा फैसला करने के बाद चर्चा में है। यह अकाली दल का गढ़ माना जाता है। राणा गुरजीत सिंह अपने बेटे के लिए कांग्रेस से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने यहां कुलबीर सिंह जीरा को मैदान में उतारा है। खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के लालजीत सिंह भुल्लर, भाजपा के मंजीत सिंह मन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। यहां चुनाव अकाली दल बना अमृतपाल और कांग्रेस बनाम आप माना जा रहा है। उधर, आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट पर कांग्रेस के विजय इंदर सिंगला, आम आदमी पार्टी के मालविंदर सिंह कंग, शिरोमणि अकाली दल के प्रेम सिंह चंदू माजरा के बीच मुकाबला हो रहा है।

## गुरदासपुर में आखिरकार भाजपा ने कर ली फिल्मी सितारों से तौबा

- गुरदासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने इस बार फिल्म अभिनेताओं से किनारा करते हुए स्थानीय नेता दिनेश सिंब बब्बू पर दांव लगाया है। बब्बू सुजानपुर से तीन बार विधायक और विधानसभा में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। दिवंगत अभिनेता व भाजपा के पूर्व सांसद विनोद खन्ना की पत्नी कविता खन्ना भी यहां से दावेदारी कर रही थीं। भाजपा को यहां मौजूदा सांसद सनी देओल की निष्क्रियता भारी पड़ सकती है। कांग्रेस ने भी इस सीट पर बड़े चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को उतारा है। रंधावा की क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। आम आदमी पार्टी ने अमनशेर सिंह कालसी को उम्मीदवार बनाया है। युवा नेता कालसी बटाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल से दलजीत सिंह चीमा चुनाव लड़ रहे हैं।

## दलित राजनीति के गढ़ में इस बार दिख रही कांटे की टक्कर

- दलित राजनीति का गढ़ कही जाने वाली होशियारपुर लोकसभा सीट से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और बसपा के संस्थापक कांशीराम सांसद रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती भी यहां से चुनाव लड़ चुकी हैं। बीते 10 वर्षों से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। होशियारपुर से कांग्रेस ने इस बार युवा महिला नेता यामिनी गोमर को मैदान में उतारा है। वह 2014 में चुनाव लड़ चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ने राजकुमार चब्बेवाल पर दांव लगाया है। चब्बेवाल पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़े थे और नजदीकी मुकाबले में हार गए थे। भाजपा से होशियारपुर के मौजूदा सांसद सोमप्रकाश जो केंद्रीय मंत्री हैं, की पत्नी अनिता सोम प्रकाश यहां चुनाव लड़ रही हैं। उनके सामने संगठन को एक रखने की चुनौती है।

## संगरूर में दांव पर लगी है मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा

- संगरूर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल सिंह खैरा और आम आदमी पार्टी के मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और भाजपा से अरविंद खन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल से पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंदा मैदान में हैं। बसपा ने मक्खन सिंह और अकाली दल अमृतसर ने मौजूदा सांसद सिमरनजीत सिंह पर एक बार फिर से दांव खेला है। इस सीट पर मुकाबला बहुकोणीय नजर आने से मतदाता उलझन में हैं। आम आदमी पार्टी संगरूर सीट को मुख्यमंत्री भगवंत मान का गढ़ मानती है, वह दो बार यहां से सांसद रह चुके हैं। लेकिन आप के लिए चुनौती यह है कि विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

## फरीदकोट में सूफी गायक और कॉमेडियन के बीच फंसी कांग्रेस

- फरीदकोट में दिल्ली की उत्तर पश्चिम सीट से सांसद हंस राज हंस को भाजपा ने मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी से उनके सामने कॉमेडियन व फिल्म अभिनेता कर्मजीत अनमोल को उतारा है। इस सीट पर अकाली दल से तीन बार के विधायक राजविंदर सिंह उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद मो. सद्दीक के स्थान पर अमरजीत कौर पर दांव लगाया है। इस सीट पर भी बहुकोणीय कड़ा संघर्ष नजर आ रहा है। यहां किसानों के मुद्दे ज्यादा हावी दिख रह हैं। सुफी गायक अपने गानों से लोगों को रिझा रहे हैं।



- आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने पत्नी एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के साथ अपनी पुत्री एवं पाटिलपुत्र से उम्मीदवार मीसा भारती के नामांकन जुलूस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संविधान बचाने के लिए वोट मांगा। कहा कि मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो न आरक्षण बचेगा और न ही संविधान। भाजपा संविधान बदलना चाहती है।

# हरसिमरत इस बार बचा पाएंगी बठिंडा में अकाली दल का गढ़

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** शिरोमणि अकाली दल का गढ़ पंजाब की बठिंडा लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होगा। शिअद की हरसिमरत कौर बादल इस सीट से तीन बार की सांसद हैं, पार्टी ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है। उनके सामने आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू और कांग्रेस ने चार बार के विधायक जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू पर भरोसा जताया है। हरसिमरत के सामने खड़े उम्मीदवारों का यह पहला लोकसभा चुनाव है, जबकि हरसिमरत चौथी बार मैदान में हैं। । उनके लिए शिअद के गढ़ को बचाना साख का सवाल बना हुआ है। 2022 के विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी खुड्डियां पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को हराकर विधानसभा पहुंचे थे। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर ने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 21,772 मत के अंतर से मात दी थी। इस बार वडिंग अब बठिंडा की जगह लुधियाना से चुनाव लड़ रहे हैं। हरसिमरत 2009 में पहली बार राजनीति में उतरी थीं और बठिंडा से सांसद बनी थीं। चार बार के विधायक कांग्रेस प्रत्याशी जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू ने शिअद छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।



- कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने का काम कांग्रेस और उसके सहयोगी दल कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला और कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी।

# धर्म दर्शन

## सृजन के देवता ब्रह्मा

ब्रह्म शब्द से ही ब्रह्मा शब्द बना है। ब्राह्मण शब्द,ब्रह्मराक्षस शब्द और ब्रह्मपुत्र नद और हरियाणा का ब्रह्मसरोवर आदि भी ब्रह्म शब्द से जुड़े हैं। ब्रह्मा को विधाता अथवा सृजन का देवता माना जाता है। उसके चार मुख बतलाए जाते हैं और इन चारों मुखों की एक कहानी यह भी है कि ब्रह्मा शतरूपा को निहारते रहते थे। एक बार वह इनकी परिक्रमा कर रही थी,उसे चारो ओर से देखने के लिए इन्होंने चार मुख धारण कर लिए।



किसी कथा में इनके पांच मुखों का वर्णन है जिसमें से एक मुख रुद्र देवता ने तोड़ दिया था। बहुत सी कथाओं में एक यह भी कथा है कि इन्होंने चार मुखों से चार वेदों का गायन किया था।अंगिरस,पुलस्त्य,मरीचि,अत्रि,दक्ष ,भृगु,वशिष्ठ आदि इसके मानसपुत्र माने गए हैं। सावित्री की ओर रति-भाव से आकृष्ट होने के कारण ब्रह्मा को अपूज्य माना गया है। ब्रह्मा और शिव के उपासकों के संघर्ष की भी अनेक कथाएं कही-सुनी जाती हैं। उपनिषदों में वे ब्रह्मविद्या के आचार्य हैं। अजमेर में पुष्कर में ब्रह्मा का मंदिर है।

तीर्थराज पुष्कर में एक पहाड़ी के ऊपर ब्रह्मा की पत्नी सावित्री का मंदिर बना हुआ है। इसमें अकेली सावित्री को मूर्ति है,ब्रह्मा की नहीं। दूर पहाड़ी पर सावित्री अकेली क्यों बैठी हैं,इसे लेकर बड़ी प्रसिद्ध अनुश्रुति चली आ रही है। एक बार ब्रह्मा ने तीर्थराज पुष्कर में यज्ञ रचा। यज्ञ में आहुति देने का समय निकट आ गया,पर सावित्री अपने घर में श्रृंगार करने में लगी हुई थी। बार-बार सावित्री को बुलावा भेजा गया। उनका श्रृंगार ही समाप्त ही नहीं हो रहा था। लगा कि अब यज्ञ का शुभ मुहूर्त ही टल जाएगा,ब्रह्मा चिंतित हो उठे। उधर से उन्हें एक गूजर स्त्री जाती दिखी। ब्रह्मा ने उस गुजरिया स्त्री के साथ गठजोड़ा बांधकर यज्ञ में आहुति देते अपने साथ बैठने की विनती की। गूजरी ने स्वीकार कर लिया। जब सावित्री आई तो ब्रह्मा के वामांग में एक स्त्री को देखकर क्रोधित हो गई। रूठ कर वहां से चली गई और पास की एक पहाड़ी पर अकेली जाकर रहने लगी। इसीलिए वहां रूठी हुई सावित्री का मंदिर बना हुआ है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्रीमद्भागवत में वैदिकदेवता इन्द्र के पराभव की तरह ही वैदिक देवता ब्रह्मा के मोह का प्रसंग है। ब्रह्मा ने वन में गोचारण कर रहे श्रीकृष्ण के ग्वाल-बाल और गाय-बछड़ों को चुरा लिया था। बाद में उसे अपनी भूल का अहसास हुआ और इन्द्र की तरह ही उसने श्रीकृष्ण की वंदना की।

अनेक दैत्यों-दानवों को ब्रह्मा ने अजेय होने का वरदान दिया था। वे ब्रह्मा के उपासक थे। सरस्वती ब्रह्मा की मानस कन्या मानी जाती है ।

कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा का नाभिकमल तीर्थ है,पिहोवा में प्राचीन ब्रह्मा मंदिर तथा ब्रह्म योनी तीर्थ है,चौमुहां गांव में ब्रह्मा का मंदिर है और कानपुर के पास भी एक ब्रह्म का मंदिर बतलाया जाता है। ब्रह्मा के संदर्भ को लेकर शत-सहस्र कथाएं पुराणों में हैं,किंतु ब्रह्मा को पूज्य नहीं माना गया।

## वैशाख महीने में जलदान का महत्व

शास्त्रों में तो हर माह और तिथियों की महत्ता वर्णित है। इसके पीछे ऋषियों-मुनियों का मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला से अवगत कराना प्रमुख उद्देश्य था। लोग हर दिन और हर पल सदाचार का पालन करें ताकि समाज में प्रेम, सौहार्द्र का भाव रहे। इसी क्रम में गर्मी के इस मौसम में अशक्त और असहाय लोगों की मदद और भूख-प्यास से पीड़ित लोगों खासकर समाज के वे सदाचारी लोग जो लोकहित के लिए शास्त्र आदि के अध्ययन में लगे रहते हैं, उन्हें जलकुंभ, गर्मी से बचाव के लिए वस्त्र, शीतल हवाओं के लिए पंखा, जूता-चप्पल, खाद्य-पदार्थ आदि देने का विधान बनाया। समाज में जो लोग सामर्थ्यवान हैं वे अपने से नीचे का जीवन जीने वाले लोगों की मदद जब करेंगे तो वक्त-जरूरत पर इन लोगों की मदद प्राप्त कर सकेंगे। इस स्थिति में पूरा गांव या इलाका कुटुंब बन जाएगा और भाईचारा का वातावरण बनेगा। गांव या इलाके में किसी पर दैवी, प्राकृतिक या जंगली हिंसक जीव-जंतुओं से कोई विपत्ति आती है तो उसका मुकाबला सामूहिक भावना से पूरा इलाका करने में लग जाएगा।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इसी के मद्देनजर विभिन्न पुराणों में व्रत-उपवास के साथ दान का विधान किया गया। स्कंदपुराण के वैष्णवखंड में वैशाख माह की श्रेष्ठता के लिए 13 अध्यायों में राजा कीर्तिमान को वशिष्ठ के उपदेश,नारद का अपने सभासदों के उपदेश तथा ऋषि श्रुतदेव का जनक से संवाद का उल्लेख अत्यंत रोचक ढंग से वर्णित है। इसमें विभिन्न तिथियों में नदी-सरोवर में स्नान, भगवान विष्णु का पूजन तथा ग्रीष्म से बचाव की वस्तुओं के दान की बात कही गई। इस माह की महत्ता के संदर्भ में स्कंद पुराण में कहा गया है कि 'न माधवसमो मासो न कृतेन युगं समम्, न च वेदसमम् शास्त्रं न तीर्थं गंगया समम्'। वैशाख माह में सूर्योदय में नदी-सरोवर स्नान करने से भगवान मधुसूदन प्रसन्न होते है। इस महीने में प्याऊ लगाना, छाते, जूते, सत्तू, चटाई का दान सामाजिक समरसता की दृष्टि से भी जरूरी है। इसके अलावा भगवान शंकर के मंदिर पर जलधारा (जलहरी) की व्यवस्था भी सूक्ष्म जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक बताया गया है। ये जीव-जंतु पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं।

अतः श्रद्धालुजन इन तिथियों में आध्यात्मिक विधानों का पालन कर समाज में भाईचारा का संदेश देते हुए ग्रीष्म ऋतु की जटिलताओं से मुकाबला करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर अपनी तैयारी भी करें, क्योंकि इन तौर-तरीकों में ब्रह्म-मुहूर्त में स्नान पहली अनिवार्यता है। यह मुहूर्त स्वास्थ्य की दृष्टि से अति लाभप्रद है। मेडिकल साइंस के साथ देश के कोने-कोने में एक लोकोक्ति प्रचलित है कि 'जो सोवत है सो खोवत है,जो जागत है सो पावत है'। इस लोकोक्ति में 'सो' का आशय 'सौ' से है। यानि सौ प्रतिशत खोना या 'सौ' प्रतिशत पाना इसका आशय लेना चाहिए। पूरे विश्व के चिकित्सक तक अब यही कहने लगे है कि ब्रह्म-मुहूर्त में शरीर के हार्मोन्स स्वास्थ्य के अनुकूल शरीर को बनाते हैं।

## कल्याणकारी अग्निदेव

सब पदार्थों को प्रकाशित करने वाले तेजस्वी सूर्यदेव इस लोक में सहज दर्शनीय हैं तथा विभिन्न प्रकार से धन-ऐश्वर्य को बढ़ाते हुए शोभायमान होते हैं। उसी प्रकार ये अग्निदेव श्रेष्ठ शक्ति-संपन्न, अमृत स्वरूप, दुःखनाशक आयुष्य के संवर्धक हैं। वरणीय, त्रिकालदर्शी सवितादेव उषा काल के बाद विशेष प्रकाश बिखेरते हैं जिससे सभी पदार्थ अपने स्वस्थ स्वरूपों को धारण करते हैं। मनुष्यों के साथ सभी प्राणियों को कल्याणकारी मार्ग में प्रयुक्त करते हैं। हे अग्ने! आप आकाश में मेघों के मध्य विद्युत के रूप में चमकते एवं गर्जना करते हुए पृथ्वी को गुंजायमान करते हैं। प्राण पर्जन्य के रूप में वृक्ष-वनस्पतियों को अंकुरित करते हैं। शीघ्र उत्पन्न और प्रज्वलित होकर सभी को प्रकाशित करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे वरुणदेव! आप तीनों ताप रूपी बंधन से हमें मुक्त करें। आधिदैविक, आधि भौतिक और आध्यात्मिक पाश हमसे दूर हों तथा मध्य एवं नीचे के बंधन हमसे अलग करें। हे सूर्यपुत्र! पापों से रहित होकर आपके कर्मफल-सिद्धांत में अनुशासित हम दयनीय स्थिति में न रहें। सबमें चैतन्य स्वरूप, पवित्रता में विद्यमान रहने वाले, अंतरिक्ष में वायु के रूप में, यज्ञवेदी में देवताओं के वाहक, सबके पूज्य, प्राणाग्नि के रूप में सभी मनुष्यों में, आकाश में विद्युत रूप में स्थित, जल में बड़वानल रूप में, भूमि में ज्वालामुखी फूटने के रूप में,पत्थरों में चिंगारी रूप से उत्पन्न होने वाले ऐसे सर्वव्यापक अग्निदेव की महिमा प्रशंसनीय है। आपके जो सूर्य, अग्नि और बड़वा तीन तेज हैं, उन्हें हम जानते हैं। आपका जो मंत्र-स्थित गुप्त नाम है, उसके भी हम ज्ञाता हैं और आपके विद्युत रूप में चमकने वाले जलस्रोत से उत्पन्न स्थान को भी हम जानते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमान को श्रेष्ठ यज्ञकर्म में प्रतिष्ठित करें। उपासक यजमान सूर्यदेव एवं आपके प्रीति पात्र हों तथा पुत्र पौत्रादि सभी संतानों के सुख से समृद्ध हों। हे ऋत्विजों! आप समिधाओं द्वारा अग्निदेव को प्रसन्न करें। अतिथि रूप अग्निदेव को घृत आहुतियों से प्रदीप्त करें तथा इस प्रदीप्त अग्नि में हवन सामग्री की आहुतियां प्रदान करें। हे भस्मरूप अग्निदेव! आप जल में बड़वाग्नि रूप में स्थित हैं। शमी आदि औषधियों में विद्यमान रहते हैं और अरणि मंथन से बार-बार आप प्रकट होते हैं। आप अपनी सामर्थ्य शक्ति के साथ यज्ञ स्थल पर पुनः पधारें। इच्छायुक्त इंद्रदेव ने सहस्त्रों के उपयोग में आने योग्य आनंददायक और तृप्तिप्रद सोमरस को जिस माध्यम से उदर में धारण किया, वह माध्यम, ये अग्निदेव ही हैं।

## मानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता

अनेक पुराणों एवं परवर्ती साहित्य में देवों के प्रति अनन्य भक्ति या सम्मान के कारण ही उनके विरोधी असुरों को घृणित और निंदनीयमान,'असुर'(दैत्य,दानव,राक्षस) शब्द दुष्टात्मा, आततायी, परपीड़क, दस्यु, आदि का सूचक/प्रतीक बन गया। यही नहीं भूत, प्रेत, पिशाच आदि हीन कोटि के समूह इनके साथ जुड़ गए। निशाचर, निश्चर, रजनीचर, नरभक्षक, श्मशानवासी, दैत्य, दैतेय, दनुज, सुरारि, इन्द्रारि, देवारि, शुक्रशिष्य, देवरिपु आदि शब्द असुर के बहुप्रयुक्त पर्याय बन गए। स्पष्ट है कि श्रीहरि विष्णु के सोलह कलाओं के पूर्णावतार भगवान श्रीकृष्ण ने पार्थ अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र के लिए सुग्राह्यमार्ग दर्शन का निर्देश दिया है। विषय का प्रारंभ वह निम्नलिखित श्लोक से करते हैं: "द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च। दैवो विस्तरशः प्रोक्त आसुरं पार्थ मे श्रृणु।।"



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

अर्थात् इस लोक में देव गुण संपन्न एवं राक्षस गुण संपन्न दो प्रकार के मनुष्य रहते हैं। असुर गुण संपन्न लोगों के विषय में आगे कहता हूं। बाद के परवर्ती श्लोकों मे भगवान, असुर मनुष्य के लक्षणों एवं दुर्गुणों का विस्तृत उल्लेख करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आसुरी स्वभाव वाले ईर्ष्यालु, क्रूर तथा मनुष्यों में अधम होता हैं। ऐसे अधम मनुष्यों को मैं संसार रूपी सागर में निरंतर गिराता रहता हूं। हे कुंतीपुत्र! आसुरी योनि को प्राप्त हुए मूर्ख मनुष्य अनेक जन्मों तक आसुरी योनि को ही प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मुझे न प्राप्त होकर अत्यंत अधमगति (निम्नतम योनि) को ही प्राप्त होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के देव और असुर संबंधी मंतव्यों के प्रकाश में गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ववर्ती असुर और परवर्ती देव, दैत्य, दानव, राक्षस, नाग, गंधर्व, किन्नर, नाग, गरुड़, वानर, मानव आदि सभी विभिन्न मनुक प्रजाति समूह के ही उच्चतम-उच्चतर समाज के लोग थे। उनके दिव्य तेज, अति मानवीय गुणों और क्रिया कलापों के अतिरंजित आलंकारिक वर्णन ने कभी उनके स्वरूप को अतिमानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता प्रदान किया तो कभी भयावनी विरूपता। वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही हनुमान जी द्वारा अपने शयनकक्ष में दिखा, निद्रारत अति रूपवान तेजधारी अति आकर्षक देहयष्टिधारी पौलस्त्य रावण को, भयावह 'दशानन' बना दिया गया। बंदर को मनुष्य के मूल पूर्वज होने का श्रेय देने तथा विकासवाद के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय लेने वाले 18 वीं-उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यह भूल जाते हैं कि भारतीय मनीषी हजारों वर्षों पूर्व इस सिद्धांत की वास्तविकता से परिचित थे। श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों में इसकी जानकारी होने का सुस्पष्ट संकेत मिलता है।

## प्रदेश

# तलाकशुदा पुत्री मृतक पर आश्रित होने की स्थिति में अनुकंपा नियुक्ति की हकदार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक तलाकशुदा पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति देने के मामले में कहा कि कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु की तिथि पर अगर तथ्यों द्वारा यह सिद्ध किया जाता है कि एक विवाहित पुत्री उस पर निर्भर है या अगर उसे अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है तो मृतक की विधवा और उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल विवाहित पुत्री द्वारा की जा सकती है, ऐसे दावे पर विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि तलाकशुदा पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति की मांग करते समय अधिकारियों के समक्ष तलाक के तथ्य और पिता की मृत्यु से पहले उन पर निर्भरता साबित करनी होगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने अख्तरी खातून की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि याची खुद को पारिवारिक पेंशन की हकदार सिद्ध करने में असफल रही, साथ ही उसने मृतक के परिवार की देखभाल के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। अतः इस आधार पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसका दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी नोट किया कि याची ने अपने हलफनामे में खुद को अपने दिवंगत पिता की बेटी कहने के बजाय खुद को उस पति की पत्नी के रूप में दर्शाया, जिसे कथित तौर पर उसने तलाक दे दिया है। इस प्रकार हस्ताक्षरित और शपथयुक्त दस्तावेज होने के कारण इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है।



दरअसल, याची के पिता पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में बतौर सेंट्रीफ्यूगल मैकेनिक बस्ती में कार्यरत थे। शरीयत कानून के अनुसार, याची का तलाक जनवरी 2008 को हो गया था, लेकिन उसने सक्षम क्षेत्राधिकार वाली कोर्ट से तलाक की डिक्री प्राप्त नहीं की। पिता की मृत्यु के बाद उसने एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अनुकंपा नियुक्ति तथा सेवानिवृत्ति बकाए के लिए अभ्यावेदन दिया।

सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियम, 1974 के नियम 2(सी)(iii) के तहत उसने अनुकंपा नियुक्ति का दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की, जिस पर कोर्ट ने कहा कि तलाकशुदा पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति का हकदार उस स्थिति में माना जा सकता है, जब वह कर्मचारी की मृत्यु से पहले उस पर अपनी निर्भरता सिद्ध कर सके।

### प्रत्यक्ष आरोपों के अभाव में दहेज हत्यारोपी सास को किया रिहा

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज हत्या मामले में विशिष्ट आरोपों के अभाव में मृतका की सास को रिहा करते हुए कहा कि वह पीड़िता की मृत्यु से पहले ही परिवार से अलग हो गई थी, जो दहेज की कथित मांगों में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी को नहीं दर्शाता है। हालांकि कोर्ट ने मृतका के पति की सजा को बरकरार रखते हुए आईपीसी की धारा 304-बी के तहत ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई, आजीवन कारावास की सजा को संशोधित कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अज़हर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने आईपीसी की धारा 304-बी, 498-ए और 201 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषसिद्धियों के खिलाफ वेदराम और दो अन्य की अपीलों पर विचार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि मृतका की अप्राकृतिक मृत्यु शादी के सात साल के भीतर हुई थी और अभियोजन पक्ष के गवाहों का कहना था कि दहेज की मांग के लिए उसे लगातार परेशान किया जा रहा था।

### अफजाल अंसारी की अपील पर अगली सुनवाई 20 को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को फिलहाल कोई राहत न देते हुए गाजीपुर की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई चार साल की सजा के खिलाफ दाखिल उनकी अपील पर करीब दो घंटे की सुनवाई के बाद अगली तारीख 20 मई को सुनिश्चित की है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुबह 10 बजे से लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अफजाल अंसारी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। गौरतलब है कि गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में अंसारी बंधुओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था, जिस पर गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है। कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय ने अंसारी की सजा बढ़ाने की अपील की है। राज्य सरकार की तरफ से भी ऐसे ही आग्रह के साथ एक और अपील दाखिल की गई है। कोर्ट इन सभी मुकदमों में एक साथ सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंसारी की सजा स्थगित करते हुए हाईकोर्ट को उनकी अपील पर 30 जून 2024 तक निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

## वर्ग पहेली-69

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान, सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।




### वर्ग पहेली -68 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | ■ | ■ | ■ | 2 जा |
| 3 म | ■ | ड़ि | ■ | 4 ना | दे | य |
| य | ■ | य | ■ | का | ■ | ज़ |
| 5 मं | ग | ल | का | म | ना | ■ |
| त | ■ | प | ■ | या | ■ | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | 6 ब | टु | आ |
| 7 म | ग | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | 5 | | 2 | 3 | | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |

### सुडोकू -147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 मई 04.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 13.05 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** – आज जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। कानूनी मामले आपके पक्ष में हो सकते हैं। अपने से बड़ों के आग्रह और सलाह की अवहेलना न करें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर अवश्य करें।

**वृष** – आज आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा। कारोबार में बड़ा धन लगा सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। शाम के समय किसी भी तरह के वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**मिथुन** – आज परिवार को पर्याप्त समय दें वरना परिजन नाराज हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। फाइनेंस से जुड़ी गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको व्यवसाय को लेकर अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता को अपनाएं।

**सिंह** – आज साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। धन से जुड़े मामलों में थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** – आज आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ दूसरी किसी नई विधा को सीखने का प्रयास कर सकते हैं। किसी मित्र के बारे में सनसनीखेज खबर सुनने को मिल सकती है। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**तुला** – आज पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे। योजनाओं के अनुसार काम पूरे होने से प्रसन्न रहेंगे। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आप नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी सलाह से किसी व्यक्ति का रुका हुआ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। ननिहाल पक्ष में कुछ परेशानियां हो सकती है। गूढ़ विद्याओं में रुचि लेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करना लाभकारी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**धनु** – आज महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे गलत आदतों की तरफ प्रवृत्त न हों इसका ध्यान रखें। ज्योतिष और आध्यात्म की तरफ रुचि जागृत होगी। घर में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंध मजबूत होंगे।

**कुंभ** – आज यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। यदि जॉब इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। माइग्रेन के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। साहित्य से जुड़े लोगों का सम्मान बढ़ेगा। घर में किसी उत्सव को लेकर तैयारी हो सकती है।

**मीन** – आज रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी की निंदा करने से आपका ही अपमान हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में लें। व्यापार को शुरू करने में मित्र आपको सहयोग करेंगे। घर के कार्यों में आप व्यस्त रहने का प्रयास करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इलाका – सुबह : 10.37
कातिलों के कातिल – रात : 07.00

&pictures
एंटरटेनमेंट – सुबह : 10.52
स्क्वाड – रात : 08.00

मोर्टल कॉम्बेट – सुबह : 10.39
ज़ॉम्बीलैंड – रात : 07.48

ZEE CINEMA
जीते हैं शान से – सुबह : 09.20
सागर – शाम : 06.45

colors CINEPLEX
मेरा कर्तव्य माय ड्यूटी – सुबह : 09.04
आवारा पागल दीवाना – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति– हमें तो अपनों ने लुटा गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती ही वहां डूबी जहां पानी कम था।
पत्नी– तुम तो थे ही गधे... तुम्हारी अक्ल में कहां दम था वहां किश्ती लेकर ही क्यों गए, जहां पानी कम था।

मरीज–डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है। खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर– सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर:** शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
**चन्दौसी:** शिवालिक- 995 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 950

## सर्राफा

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 83,100 |
| चांदी तैयार | 83,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर (पक्की) | 821 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,600 |

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल :** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूँगफली का दाना 11000-12000, अलसी 5310-5510

# 2004 से 14 के बीच 3.2 गुना बढ़ा विदेशी कर्ज

## राहुल गांधी की खटा-खट योजनाओं पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोलीं- राष्ट्रमंडल खेल, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन घोटालों से सरकारी खजाने को हुआ नुकसान

भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है?

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। उन्होंने कहा, कई बार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किये बिना निरपेक्ष या पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है। जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं। मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और वास्तविकता से कोसों दूर है।

सीतारमण ने कहा, क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किये गये ऊंचे-ऊंचे वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे?'' उन्होंने कहा कि आखिर राहुल गांधी 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत को पूरा करने के लिए कितनी कल्याणकारी योजनाएं बंद करेंगे?

पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो पार्टी देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये डालेगी। उन्होंने कहा, क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाये या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराये बिना कैसे काम करेंगी? वित्त मंत्री के अनुसार भाजपा सरकार का राजकोषीय प्रबंधन संप्रग की तुलना में काफी बेहतर है। यह स्थिति तब है जब कोविड-19 महामारी का सामना करने के लिए राहत प्रयासों को लेकर काफी संसाधन का उपयोग किया गया था।

### संप्रग शासन में 44.5 गुना बढ़ी उधारी

सीतारमण ने कहा कि संप्रग शासन के दौरान केंद्र की शुद्ध बाजार उधारी 4.5 गुना बढ़ गई थी। कोविड-19 महामारी के बावजूद हमारी सरकार के तहत यह 2.6 गुना बढ़ी। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार के मजबूत वित्तीय प्रबंधन को बताता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के तहत वास्तविक घाटा बजटीय घाटे से कहीं अधिक था। उन्होंने कहा कि वास्तव में संप्रग सरकार ने उच्च राजकोषीय घाटे को छिपाने के लिए आंकड़े छिपाये। अगर ऐसा नहीं होता तो 2008-09 में राजकोषीय घाटा आधिकारिक आंकड़ा 6.1 प्रतिशत के बजाय 7.9 प्रतिशत होता। सीतारमण ने कहा कि संप्रग के शासन के दौरान राष्ट्रमंडल खेल, एंट्रिक्स-देवास, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन में गड़बड़ी जैसे घोटालों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ, हमने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के क्रियान्वयन के कारण, काला-बजारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3.5 लाख करोड़ रुपये बचाए हैं।

# बाजार भाव अधिक होने से सरकारी गेहूं खरीद सुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- दो माह में पीसीएफ के 31 क्रय केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

**अमृत विचार :** जिले में बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी गेहूं खरीद की प्रक्रिया काफी सुस्त है। बाजार में समर्थन मूल्य से ज्यादा मिलने से केंद्रों पर गेहूं की आवक ही नहीं हो रही है। इससे दो माह में पीसीएफ के 31 केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो सकी है।

मार्च में गेहूं खरीद के लिए सबसे अधिक 31 क्रय केंद्र पीसीएफ ने खोले थे। कुल 16,300 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन, अब तक केवल 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो पाई है। क्योंकि क्रय केंद्रों पर किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिला रहा है। जबकि बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये प्रति कुंतल में गेहूं खरीद रहे हैं। दाम ज्यादा होने के साथ नमी, गुणवत्ता, साफ गेहूं जैसे मानक लागू नहीं किए गए हैं। इसलिए किसानों को बाजार में ही गेहूं बेचने में ज्यादा फायदा है। वहीं, व्यापारी गांवों में किसानों से सीधा संपर्क कर गेहूं उठा रहे हैं। इससे किसानों का भाड़ा और ढुलाई आदि खर्च बच जा रहे हैं। वहीं आशंका यह भी है कि व्यापारी अधिक दाम देकर गेहूं डंप भी कर रहे हैं।

# बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे में सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी



- टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट

शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसक्स करीब 112 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। निफ्टी में भी तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में अंतिम दौर की लिवाली से बाजार लाभ में रहा।

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान य 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में लिवाली से यह नुकसान से उबर गया। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

## भारत-ईरान में टर्मिनल के दीर्घकालिक परिचालन पर समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और ईरान ने चाबहार स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में किसी बंदरगाह का प्रबंधन लेगा। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है।

# एफटीए भागीदारों से भारत का आयात 38% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में 17वें स्थान पर

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा, भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था। ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिण पूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है।

## ऑनलाइन भुगतान संबंधी आरबीआई के लाइसेंस को जोमैटो ने छोड़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी जोमैटो पेमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने आरबीआई से मिले प्राधिकरण प्रमाणपत्र को स्वेच्छा से छोड़ने का फैसला किया है। यह प्रमाणपत्र ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने से संबंधित है। जोमैटो ने शेयर बाजार को बताया कि हम खुद को भुगतान क्षेत्र में काबिज मंचों के मुकाबले कोई उल्लेखनीय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हासिल करते हुए नहीं देखते हैं। इसलिए भुगतान क्षेत्र में हमें व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य व्यवसाय की उम्मीद नहीं है।

## राष्ट्रीय

# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी तो हम पहना देंगे : मोदी

## प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेताओं को बताया कायर, बोले- कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता देश

हाजीपुर/मुजफ्फरपुर, एजेंसी



- फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने तंज कसा

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा और उसके नेताओं को कायर बताया जो पाकिस्तान की परमाणु शक्ति से डरे हुए हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार की चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता।

फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने कहा कि ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखायी देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, हम पहना देंगे। उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस दावे के जवाब में टिप्पणी की थी कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। मोदी ने तंज कसते हुए कहा, कोई मुंबई हमले में पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है, कोई सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठा रहा है, ये वामपंथ वाले भारत के परमाणु हथियारों को ही खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ ही किसी से सुपारी ले ली है। ऐसे स्वार्थी लोग राष्ट्र रक्षा के लिए कडे. फैसले ले सकते हैं क्या। ऐसे दल भारत को मजबूत बना सकते हैं क्या।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और बिहार के लोगों ने दशकों तक नक्सलवाद सहा है। अपराध और नक्सलवाद के कारण बिहार में उद्योग, धंधे सब चौपट हो गए। जंगलराज की जिंदगी भयानक, डरावनी थी। राजद के जंगलराज ने बिहार को कई दशक पीछे धकेल दिया था। ये राजग की सरकार है, जो बिहार में कानून व्यवस्था को पटरी पर लाई है, अब नक्सलवाद प्रभावित जिले भी तेजी से कम हो रहे हैं।

इससे पहले हाजीपुर में चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचारियों को खोज करके सजा देने का है। ये जो टीवी पर आप नोटों के पहाड़ देखते हैं। ये राजनेताओं के यहां से पकड़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल में सिर्फ 35 लाख रुपये जब्त किये थे। जब से हमने सत्ता संभाली है, ईडी ने 2,200 करोड़ की वसूली की है जिसे ले जाने के लिए 70 छोटे ट्रकों की आवश्यकता होगी। इन लोगों ने नौकरी के बदले जमीन लिखवाकर दिल्ली और देश में जायदाद बनाई है।

### अगर इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे : खरगे



**हजारीबाग।** संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जीतते हैं तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। झारखंड के हजारीबाग में चुनावी रैली में खरगे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि साहस है तो वह अडाणी और अंबानी को गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने दावा किया कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं और लोग भी खतरे में हैं। यदि आपके पास मौलिक अधिकार नहीं रहेंगे तो आप गुलाम बन जाएंगे। यदि इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। खरगे ने कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए 'इंडिया' के घटक दलों के सभी नेताओं को रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया सत्ता में मोदी की वापसी असंभव है।

# बंगाल की महिलाओं के आत्मसम्मान व गरिमा से खिलवाड़ न करें मोदी : ममता

बोंगांव (पश्चिम बंगाल), एजेंसी



- बनर्जी ने कहा- हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश नहीं है

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि वह अत्याचारों के बारे में झूठे दावे करके राज्य की महिलाओं के आत्म-सम्मान और गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें। बोंगांव में चुनावी सभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि मोदी को यह ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखालि में कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगा है। हालांकि, सामने आए कथित वीडियो में, संदेशखालि के भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया था कि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदू अधिकारी के इशारे पर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था और इस पूरी साजिश में उनका हाथ था। अन्य वीडियो में पहले बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए और थाने जाने के लिए मजबूर किया। बनर्जी ने कहा कि हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश नहीं है।

### 13 मई को ही वामपंथियों से मुक्त हुआ था बंगाल

कोलकाता। ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल आज के ही दिन यानी 13 मई, 2011 को वामपंथियों के अत्याचार से मुक्त हुआ था। बनर्जी ने एक्स पर लिखा, आज 13 साल बाद, लोग दिल्ली के अन्य दमनकारियों को हराने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर कतार में खड़े हुए हैं। इतिहास खुद को दोहराएगा।

## एक नजर

### कोटा से एक और नीट अभ्यर्थी लापता

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक और नीट अभ्यर्थी लापता हो गया है। करीब हफ्ता भर पहले नीट की तैयारी कर रहा अन्य छात्र भी लापता हुआ था। पुलिस के अनुसार बिहार के अमन सिंह दो साल से यहां रहा था। वह 11-12 मई की रात स्वर्ण विहार कॉलोनी में पेइंग गेस्ट (पीजी) छोड़कर चला गया। सिंह ने एक नोट छोड़ा है, जिसमें उसने कहा है कि वह नीट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। उसने चंबल नदी स्थित कोटा बैराज के पास उसकी तलाश को कहा। पुलिस को वहां उसका कोई सुराग नहीं मिला।

### बिश्नोई-गोदारा गिरोह के पांच शूटर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम एसटीएफ ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़े पांच शूटरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन विदेशी समेत पांच स्वचालित पिस्तौल और 55 कारतूस मिले हैं। दिनेश उर्फ दीनू, जगदीश उर्फ जग्गू, विष्णु, सागर और प्रदीप को कोर्ट ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### सिक्किम : 12 छात्राओं से छेड़छाड़ में शिक्षक गिरफ्तार

**गंगटोक।** सिक्किम के सोरेंग जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षक को 12 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 8 मई को छात्राओं से मिली जानकारी पर स्कूल प्राधिकारियों ने 10 मई को दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि छात्राओं से शिक्षक लंबे समय से उनके साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

# ईवीएम-वीवीपैट से जुड़े फैसले की समीक्षा का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी



- उच्चतम न्यायालय में दायर की गई पुनरीक्षण याचिका
- कोर्ट ने मतदान में इस्तेमाल हो रहे उपकरणों को बताया था सुरक्षित

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर 26 अप्रैल के उस फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें मत पत्रों से मतदान कराने की प्रणाली फिर से अपनाने और ईवीएम के जरिये डाले गए सभी मतों का मिलान वीवीपैट से करने का निर्देश जारी करने की मांग सर्वोच्च अदालत द्वारा खारिज कर दी गई थी। पुनरीक्षण याचिका अधिवक्ता नेहा राठी के मार्फत अरूण कुमार अग्रवाल ने दायर की है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने 26 अप्रैल को, ईवीएम में हेरफेर के संदेह को बेबुनियाद करार दिया था और मत पत्रों से चुनाव कराने की पुरानी प्रणाली फिर से अपनाने का आग्रह खारिज कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि मतदान के लिए उपयोग में लाये जा रहे उपकरण सुरक्षित हैं और इसने बूथ पर कब्जा किये जाने और फर्जी मतदान की समस्या खत्म कर दी। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत के फैसले ने चुनाव नतीजों में दूसरे और तीसरे स्थानों पर रहे असफल उम्मीदवारों को भी कुछ राहत दी तथा उन्हें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम में लगी माइक्रो-कंट्रोलर चिप के सत्यापन का अनुरोध करने की अनुमति दी। हालांकि, इसके लिए उन्हें निर्वाचन आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा और शुल्क का भुगतान करना होगा। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि एक मई से, चुनाव चिह्न को लोड करने वाली इकाइयों को सील किया जाना चाहिए और एक कंटेनर में सुरक्षित रखा जाए तथा चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों की अवधि के लिए ईवीएम के साथ स्ट्रॉन्ग रूम में उनका भंडारण किया जाए। अपने इस फैसले के साथ, शीर्ष अदालत ने वे जनहित याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें मत पत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली फिर से अपनाने के लिए निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया गया था।

# विशेष अदालत ने एचडी रेवन्ना को दी जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अपहरण के आरोपी होलेनरसीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को जमानत दे दी। कथित अपहरण से जुड़ा उनके बेटे एवं हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़ा है।

कोर्ट ने चार मई से गिरफ्तार विधायक को राहत देते हुए पांच लाख की राशि पर जमानत दी है। इसी अदालत ने पहले अपहरण मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जांच के बाद एसआईटी ने नौ मई को कोर्ट को बताया कि प्रज्ज्वल के यौन उत्पीड़न का शिकार हुई महिला को रेवन्ना के इशारे पर अगवा किया गया था।

### प्रज्ज्वल और उसके पिता पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की महिला ने प्रज्ज्वल और एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। अज्ञात महिला ने दावा किया कि हासन सांसद ने पांच साल पहले बेंगलुरु में अपने आवास पर उसकी मां से बलात्कार किया था। उन्होंने एसआईटी को घटना का विवरण दिया है, जिसमें दावा किया कि उसे 2020-21 में वीडियो कॉल के दौरान कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया था। महिला ने कहा कि वह मुझे फोन करता था और अपने कपड़े उतारने के लिए कहता था। वह मेरी मां के मोबाइल पर फोन करता था और मुझे वीडियो कॉल का जवाब देने के लिए मजबूर करता था।

## स्टिंग वीडियो : भाजपा नेता की अर्जी पर सुनवाई स्थगित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि से भाजपा नेता गंगाधर कोयल द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

कोयल ने इलाके में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रसारित कथित स्टिंग वीडियो की जांच सीबीआई को सौंपने की गुहार लगाई है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा कि कोयल की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की जाएगी। भाजपा नेता ने याचिका में दावा किया है कि प्रौद्योगिकी की मदद से वीडियो में उनकी आवाज से मिलती-जुलती आवाज डाली गई है और उन्हें बदनाम करने के लिए इसे प्रसारित किया जा रहा है।

# सीबीआई को लिखा पत्र, संदेशखालि की पीड़िताओं के लिए मांगी सुरक्षा

**संदेशखालि (प. बंगाल)।** भाजपा नेता प्रियंका टिबरेवाल ने संदेशखालि में टीएमसी नेताओं द्वारा किए यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने का सीबीआई से आग्रह किया है। भाजपा की प्रदेश इकाई सचिव टिबरेवाल ने संकटग्रस्त इलाके में भाजपा के प्रदर्शन के मद्देनजर केंद्रीय एजेंसी को पत्र लिखा है। टिबरेवाल ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें वापस लेने के लिए पीड़िताओं को धमकी दी गई, लेकिन पुलिस मदद को आगे नहीं आई। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को पीड़िताओं के बयान दर्ज करने का निर्देश दिया था और कहा था कि राज्य पुलिस इलाके के संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाये।

# सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 17 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- धन शोधन के मामले में तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं पूर्व मुख्यमंत्री

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 17 मई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ इस मामले को गर्मी की छुट्टियों के दौरान या जुलाई में विचार के लिए सूचीबद्ध करना चाहती थी, लेकिन सिब्बल ने सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

शीर्ष अदालत ने सोरेन को अपनी गिरफ्तारी और मामले में हुई देरी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा था, जिससे 2024 के आम चुनावों के दौरान सोरेन के अधिकार प्रभावित हुए। सिब्बल ने दलील के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को एक जून तक दी गई अंतरिम जमानत और याचिका की अग्रिम प्रति ईडी के अधिवक्ता को छह मई को पहुंचा दिए जाने का हवाला दिया।

## तेजस्वी सूर्य ने राहुल की खुली बहस की चुनौती स्वीकारी

**नई दिल्ली।** भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की खुली बहस की चुनौती स्वीकार कर अपने संगठन के उपाध्यक्ष एवं रायबरेली के नौजवान को इस बहस के लिए नामित किया है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्य ने गांधी को सोमवार को पत्र लिखकर सूचित किया कि भाजपा को उनकी खुली बहस की चुनौती स्वीकार है और वह युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश को बहस में पार्टी की ओर से भाग लेने के लिए नामित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभिनव अनुसूचित जाति के अंतर्गत पासी समुदाय के शिक्षित नेता हैं, जिनकी संख्या रायबरेली संसदीय क्षेत्र में में 30 प्रतिशत है। वह वर्तमान में दिल्ली विवि के रामजस कालेज में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक हैं। तेजस्वी सूर्य ने कहा कि वह इस बहस के लिए उपयुक्त मंच के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि यह एक राजनीतिक वंशज और एक आम युवा के बीच समृद्ध बहस होगी, जिसने जीवन में कठिन डगर तय की है।

## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

लखनऊ सुपरजाइंटस

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# प्ले ऑफ की दौड़ में आगे जाने की कोशिश में लखनऊ और दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।

सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या



टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। राहुल अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है।

# औसत नहीं, प्रभाव के आधार पर चुने जाएंगे खिलाड़ी: मिलर

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि जिनके पास अधिकतम प्रभाव डालने की क्षमता है, उनके लिए टी20 क्रिकेट में औसत धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा और स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा।



पिछले कुछ वर्षों में मिलर ने टाइटंस और अपनी राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभाई है। मिलर ने कहा मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है, लेकिन टी20 में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना मुश्किल है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या के कारण। जब मध्य क्रम की बात आती है तो यह स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज का खेल पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है, उस बारे में होता है।

# आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर नतीजे देने की क्षमता दिखाई

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है। दस दिन पहले अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर चल रही आरसीबी ने जोरदार वापसी की और उसके पास नॉक आउट में जगह बनाने का भी मौका है। मूडी ने से कहा एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई।

### आक्रामक नीति से मिल रही है जीत: डुप्लेसी



**बेंगलुरु।** आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि नई आक्रामक नीति के कारण उनकी टीम को लगातार पांच मैचों में जीत मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को रविवार रात हुये मुकाबले में 47 रनों से हराने के बाद आरसीबी के कप्तान डुप्लेसी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और हमें गर्व है कि हमने एक साथ प्रदर्शन किया।

## खेल डायरी



### जय शाह और रोहित ने किया नई जर्सी का अनावरण

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिन जय शाह और कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के लिए टीम की नई जर्सी का अनावरण किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नई जर्सी का अनावरण किया। भारत के आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास ने पहले एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम की जर्सी का खुलासा किया। बीसीसीआई ने लिखा अब हमारी टीम का नए रंगों में स्वागत करने का समय आ गया है। रोहित शर्मा, जय शाह और आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास टीम की टी-20 जर्सी पेश करते हुए।

### स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के बीच से हटे चोटिल रमित टंडन

**काहिरा।** भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा। अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ टंडन का यह पहला मैच था।

### टी-20 विश्व कप में नीदरलैंड की कप्तानी करेंगे स्कॉट एडवर्ड्स

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। रॉयल डच क्रिकेट संघ ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है।

### निकहत, मीनाक्षी, अनामिका ने की विजयी शुरुआत



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन (52 किग्रा) ने सोमवार को यहां एलोर्डा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट के शुरुआती दिन कजाकिस्तान की राखिम्बेर्डी झानसाया पर 5-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मीनाक्षी (48 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) ने भी अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। मीनाक्षी ने कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया, वहीं अनामिका ने पहले दौर में झुमाबायेवा अराइलीम को हराया। सोनिया (54 किग्रा) को हालांकि चीन की चांग युआन के खिलाफ 0-5 की हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में इश्मीत सिंह (75 किग्रा) को कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मेट ने 5-0 से हराया। शिव थापा (63 .5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को चुनौती पेश करेंगे।

# आईपीएल से हटे लियाम, इंग्लैंड लौटे बटलर, जैक्स और टॉपली

## पाकिस्तान श्रृंखला और टी-20 विश्व कप के लिए वापस जाएंगे बाकी खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। लिविंगस्टोन के अलावा जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), विल जैक्स और रीस टॉपली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) ने भी 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टीम में शामिल होने के लिए आईपीएल छोड़ दिया है।

पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा। पंजाब किंग्स के प्रशंसकों को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद। टीम और निजी तौर पर निराशाजनक सत्र लेकिन हमेशा की तरह मैंने आईपीएल में हर मिनट खेलने का लुत्फ उठाया। स्वदेश लौटने के कारण लिविंगस्टोन



राजस्थान रॉयल्स (15 मई) और सनराइजर्स हैदराबाद (19 मई) के खिलाफ पंजाब किंग्स के अंतिम दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लिविंगस्टोन की चोट गंभीर नहीं है लेकिन सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही घरेलू टी20 श्रृंखला से पहले उन्हें उपचार के लिए अधिक समय देने का फैसला किया है।

पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के बाद गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज रवाना होगी जहां वह बारबडोस के ब्रिजटाउन में चार जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में खेल रहे इंग्लैंड की विश्व कप टीम में शामिल मोईन अली (चेन्नई सुपरकिंग्स), सैम कुरेन, जॉनी बेयरस्टो (दोनों पंजाब किंग्स) और फिल सॉल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) जल्द ही स्वदेश लौट जाएंगे।

### गोयनका के भड़ास पर बोले क्लूसनर, दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच की ठोस बातचीत थी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने टीम मालिक संजीव गोयनका के कप्तान केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास उतारने के मामले को तूल नहीं देते हुए कहा कि यह दो क्रिकेटप्रेमियों की आपस की बातचीत थी। पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ की शर्मनाक हार के बाद गोयनका को सार्वजनिक तौर पर राहुल पर भड़ास उतारते हुए देखा गया था। राहुल के लखनऊ का कप्तान बने रहने को लेकर भी अनिश्चितता जताई जा रही है लेकिन क्लूसनर ने कहा कि इस विषय पर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच इस बात की बातचीत में कोई समस्या नहीं है। हमें ठोस बातचीत पसंद है। इसी से टीमों का प्रदर्शन बेहतर होता है। हमारे लिये यह बड़ी बात नहीं है।



# बारिश में धुला मुकाबला, गुजरात टाइटंस प्ले आफ की दौड़ से बाहर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच सोमवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 63वां मैच को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। इसी के साथ गुजरात टाइटंस प्लेऑफ से हुई बाहर हो गई है। लगातार हो रही बारिश और आंधी के कारण मैच नहीं हो सका।

केकेआर पहले ही प्लेऑफ्स के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। बारिश के कारण मैच रद्द होने से दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांटा दिया गया। मैच के रद्द होने से गुजरात के लिए प्लेऑफ्स के दरवाजे बंद हो गए है। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को भी फायदा मिल सकता है। राजस्थान की टीम को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल सकता है। ऐसा तभी होगा जब पंजाब और केकेआर के खिलाफ टीम अपने मुकाबले जीत लेती है। तब उसके 20 अंक हो जाएंगे। वहीं हैदराबाद को भी फायदा मिलेगा और टीम 14 अंक पर पहुंच जाएगी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.482 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | 0 | -0.769 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

# इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे



**रोम।** नोवाक जोकोविच इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए। शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था। जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरुआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गए थे।

# सीधे फेड कप फाइनल्स में खेलेंगे चोपड़ा और जेना



**भुवनेश्वर।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे।

# सात्विक-चिराग करेंगे थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई

बैंकॉक, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी आज से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों के सामने थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की



जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया

**डबलिन।** पाकिस्तान ने पहले टी-20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। आयरलैंड ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने सात विकेट पर 193 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के लिए रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने 140 रन की साझेदारी कर मैच जीत लिया। इससे पहले मैच के दौरान शाहीन अफरीदी जब ड्रेसिंग रूम से मैदान की तरफ जा रहे थे, तब अफगान फैन ने उनको लेकर अपशब्द कहा। अफरीदी ने मामला सिक्योरिटी को बताया और फैन को मैदान से बाहर निकाला गया। वीडियो में सुरक्षा अधिकारी को फैन को बाहर निकलाते हुए देखा जा सकता है।

# एटलेटिको ने सेल्टा को हराया चैंपियंस लीग में पहुंचने के करीब



मैड्रिड, एजेंसी

एटलेटिको मैड्रिड यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था। एटलेटिको की यह लगातार तीसरी जीत है और टीम तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सीलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया को 3-2 से हराया और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई।

# आभा ने महिला शॉट पुट में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**भुवनेश्वर।** आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन 18.41 मीटर की दूरी के साथ महिलाओं के गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रही आभा इस प्रतियोगिता से पहले मनप्रीत कौर के साथ 18.06 मीटर की संयुक्त रिकॉर्ड धारक थीं।

उन्होंने हालांकि यहां के कलिंगा स्टेडियम में पांचवें प्रयास में 18.41 मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। उनका प्रयास ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर 18.80 मीटर से काफी कम था। ओलंपिक क्वालीफाई का समय 30 जून को खत्म हो रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

# गदर मचाने को तैयार जूनियर एनटीआर



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अब बॉलीवुड में भी गदर मचाने के लिये तैयार हैं। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के बाद जूनियर एनटीआर शोहरत की बुलंदियों पर है। जहां साउथ में वह फिल्म देवरा पार्ट 1 में नजर आएंगे, वहीं हिंदी में फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आयेंगे। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर ने अब अपने काम को संभालने के लिए एक टॉप एजेंसी हायर की है। यह एजेंसी उनके ऐड्स का काम तो देखेगी ही साथ ही उनके हिंदी प्रोजेक्ट्स का काम भी देखेगी। जूनियर एनटीआर हिंदी सिनेमा में अपने करिअर को और आगे ले जाना चाहते हैं। वॉर 2 के जरिए जूनियर एनटीआर पहली बार किसी हिंदी फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट 1 को लेकर भी चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन कोराटाला शिवा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह फिल्म दो पार्ट में बनेगी।

# वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपने बेटे आर्यन की वेबसीरीज स्टारडम में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर निर्देशक फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। आर्यन 'स्टारडम' नाम की एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टारडम की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी एडिटिंग का काम शुरू होने वाला है।कहा जा रहा है कि शाहरुख भी स्टारडम में खास किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री में जिस तरह की जिंदगी होती है, शाहरूख का किरदार स्टारडम में वैसा हीं है। कहा जा रहा है कि वेब सीरीज स्टारडम में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, करण जौहर, बॉबी देओल जैसे सितारों के भी कैमियो रोल में नजर में आ सकते हैं। इसके साथ ही शाहरूख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में भी नजर आएंगे।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# जापान ने राफा पर इजरायली हमले का जताया विरोध

टोक्यो, एजेंसी

जापान ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में पूर्ण पैमाने पर इजरायली सैन्य अभियान का विरोध और तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। जापानी कैबिनेट प्रमुख योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि हम राफा में संपूर्ण सैन्य गतिविधियों पर आपत्ति जता रहे हैं।

मानवीय उद्देश्यों के लिए स्थायी स्थिति बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हम तत्काल युद्धविराम की मांग कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि युद्धविराम होगा और लंबे समय तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा, टोक्यो ने इजरायली अधिकारियों के सामने राफा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है और यहूदी देश से बहुत धैर्यपूर्वक और सक्रिय तरीके से राजनयिक गतिविधियां शुरू करने का आग्रह किया है। इजरायली सेना ने पिछले हफ्ते राफा के पूर्वी हिस्सों में एक सैन्य अभियान शुरू किया और मिस्र के साथ राफा क्रॉसिंग के गाजा हिस्से पर नियंत्रण कर लिया।



इजराइली टैंक गाजा पट्टी के पास गोला दागता हुआ। ● अमृत विचार

## मुंबई हवाईअड्डे पर 13.56 करोड़ का सोना जब्त, 11 गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13.56 करोड़ रुपये मूल्य का 22.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार और रविवार के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह कीमती धातु यात्रियों द्वारा मलाशय, अंतःवस्त्रों, उनके शरीर में और एक कार्डबोर्ड शीट में छिपाकर लाई गई थी। एक मामले में सोने के आभूषण एक यात्री ने उस बुर्के में छिपाए थे जिसे उसने पहना था।

# जितना पाक का मिलिट्री बजट, उससे ज्यादा भारत दुनिया को बेच देता है स्मार्टफोन

स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेड इन इंडिया स्मार्टफोन के मामले में भारत लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिससे पड़ोसी देश पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन को जोरदार झटका लगा है। जहां पाकिस्तान में आर्थिक हालात खराब हैं, वही भारत ने रिकॉर्ड नंबर में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट करके चीन की हालात पस्त कर दी है। रिपोर्ट की मानें, तो भारत ने वित्त वर्ष 2023 में 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट किया है, जो पाकिस्तान के मिलिट्री बजट से ज्यादा है। पाकिस्तान का साल 2023 में मिलिट्री बजट 8 बिलियन डॉलर रहा है। इतना ही नहीं, भारत में हर साल करीब 44 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन किया जाता है, जो पाकिस्तान के रक्षा खर्च से कहीं ज्यादा है।

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईफोन बनाने वाला देश

ऐपल ने वित्त वर्ष 2025 में एक साल करोड़ रुपये के मोबाइल एक्सपोर्ट करके चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। ऐसा माना जा रहा कि साल 2026 तक भारत में आईफोन प्रोडक्शन 26 फीसद हो सकता है, जो अभी 14 से 15 फीसद है। ऐपल का भारत में कुल प्रोडक्शन करीब 14 बिलियन डॉलर (1.2 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है।

### चीन को पीछे छोड़ देगा भारत

चीन दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग देश है, लेकिन अब भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चर बन गया है। एक्सपर्ट की मानें, तो आने वाले दिनों में चीन में मोबाइल मैन्युफैक्चिरिंग में गिरावट देखने को मिलेगी, जबकि भारत में इजाफा होगा।



### ऐपल ने भारत में बनाया नया रिकॉर्ड

ऐपल ने मोबाइल एक्सपोर्ट के मामले में नया रिकॉर्ड बना लिया है। वित्त वर्ष 2025 में ऐपल ने 1.1 बिलियन डॉलर (9 हजार करोड़ रुपये) के मेड इन इंडिया आईफोन का एक्सपोर्ट किया है। यह आंकड़ा एक साल पहले 580 मिलियन डॉलर था। मतलब ऐपल ने भारत से एक्सपोर्ट होने वाले आईफोन में पिछले एक साल में दोगुना का उछाल दर्ज किया है।

## एक नजर

### भारत-अमेरिका के संबंध नयी ऊंचाइयों पर पहुंच रहे

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजूदत के तौर पर एक साल पूरे होने के अवसर पर एरिक गार्सेटी ने कहा है कि अमेरिका और भारत के संबंध नयी ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। भारत में अपने कार्यकाल के संबंध में सोशल मीडिया मंच एक्स पर लगभग चार मिनट का एक वीडियो सोमवार को साझा किया और लिखा बेहतरीन सफर रहा-कूटनीति के साथ ही गहरी होती दोस्ती की यात्रा। लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर गार्सेटी के नाम की 15 मार्च 2023 को भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की गई थी।

### पाक के उप प्रधानमंत्री डार बीजिंग दौरे पर पहुंचे

**बीजिंग।** पाकिस्तान के नवनियुक्त उपप्रधानमंत्री इसहाक डार चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह चीन के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे और दोनों देश द्विपक्षीय रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे डार की आगवानी महानिदेशक राजदूत वांग फू कांग और चीन में पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी ने की। इस दौरान चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना पर भी चर्चा होगी।

### अमेरिका में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, 15 घायल

**अलबामा।** अमेरिका के अलबामा में एक कार्यक्रम के दौरान गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी और 15 घायल हो गये। बाल्डविन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि स्टॉकटन समुदाय में शनिवार की रात की कार्यक्रम शुरू होने से पहले तक शांतिपूर्ण माहौल था लेकिन कार्यक्रम समाप्ति के बाद एक व्यक्ति ने भीड़ पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में 18 लोगों को गोलियां लगी जिसमें तीन की मौके पर ही मौत हो गयी।

### कुवैत में 13 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन

**कुवैत सिटी।** कुवैत में 13 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया गया है। सरकारी कुवैत समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक गत अप्रैल में कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने पूर्व कुवैती तेल मंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया और उन्हें नयी सरकार के लिए उम्मीदवारों का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, अमीर ने अब अल-अहमद अल-सबा के नेतृत्व में एक नयी कैबिनेट के गठन का आदेश दिया, जिसमें 13 मंत्री शामिल हैं।

## धूल भरी आंधी और बारिश का कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# मुंबई में गिरी अवैध होर्डिंग 9 की मौत, 60 लोग घायल

मुंबई, एजेंसी

● कम दृश्यता के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन एक घंटे तक बाधित

मुंबई के घाटकोपर इलाके में धूल भरी आंधी और बारिश के दौरान एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट से भी अधिक लंबी अवैध होर्डिंग गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई और 60 लोग घायल हो गए। एक अन्य घटना में वडाला इलाके में तेज हवाओं के दौरान निर्माणाधीन मेटल पार्किंग टावर सड़क पर गिर गया, जिससे तीन घायल हो गए।

कम दृश्यता के कारण सोमवार शाम को मुंबई हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन करीब एक घंटे तक बाधित रहा और उपनगरीय ट्रेनों के संचालन में विलंब हुआ। मुंबई हवाई अड्डे के संचालक ने एक बयान में कहा कि 15 विमानों का गंतव्य बदलना पड़ा और विमानों का परिचालन करीब एक घंटे के बाद फिर से बहाल हुआ।

खराब मौसम, धूल भरी आंधी और कम दृश्यता के कारण, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने लगभग 66 मिनट के लिए विमानों के परिचालन को अस्थायी रूप से रोक दिया था। शाम पांच बजकर तीन मिनट पर विमानों का परिचालन फिर से शुरू हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देर शाम घाटकोपर में होर्डिंग गिरने की घटना के बाद घटनास्थल का दौरा किया। नगर निकाय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम उस स्थान पर पहुंच गई है जहां होर्डिंग गिरी थी और तलाश एवं बचाव अभियान चल रहा है।



मलवे के नीचे दबी कारें। ● एजेंसी

### 40 फुट से अधिक आकार की होर्डिंग लगाने की अनुमति नहीं : बीएमसी

मुंबई पुलिस ने शाम को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया शाम लगभग 16 :30 बजे, अचानक तूफान और भारी बारिश के कारण विनाशकारी घटना हुई। बीएमसी अधिकारियों के मुताबिक होर्डिंग का आकार 120 गुना 120 फुट था 40 गुना 40 फुट से अधिक आकार की होर्डिंग लगाने की अनुमति नहीं है।

## तनावपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए 23 अरब का पैकेज जारी

● पीओके में पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। जिसके चलते देश की सरकार को क्षेत्र में बढ़ती अशांति को खत्म करने के लिए तत्काल 23 अरब रुपये आवंटित करने पड़े। विवादित क्षेत्र में सोमवार को भी पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें जारी रहीं।

बता दें कि दो दिन पूर्व एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों व क्षेत्रीय सरकार के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद, क्षेत्र के लिए तत्काल 23 अरब रुपये प्रदान करने को सोमवार को मंजूरी दी।

पीएमओ ने एक बयान में कहा कि अप्रत्याशित विरोध और इसकी संवेदनशीलता से चिंतित प्रधानमंत्री शरीफ ने सोमवार को यहां एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक, स्थानीय मंत्री और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने भाग लिया। बैठक में संघीय मंत्रियों और गठबंधन दलों के नेताओं ने भी हिस्सा लिया, बैठक में स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

# प्रचण्ड सरकार को झटका, नेपाल के उप प्रधानमंत्री ने सौंपा इस्तीफा

काठमांडू, एजेंसी

● उपेंद्र यादव ने कहा - मुझे सरकार के साथ सहयोग जारी रखना अनुचित लगा

नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी पार्टी सरकार से अलग हो गई। जिससे प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को झटका लगा है। यादव के साथ ही वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दीपक कार्की ने भी अपना त्याग पत्र दे दिया है। वह भी यादव की पार्टी से ही आते हैं।



यादव जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-नेपाल) के प्रमुख हैं और इस पार्टी में हफ्ते भर पहले विभाजन हो गया था। वरिष्ठ नेता अशोक राय ने जनता समाजवादी पार्टी नाम से नया दल बना लिया है। निर्वाचन आयोग ने नई पार्टी को मान्यता दे दी है।

यादव ने कहा कि मैंने सोमवार सुबह अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री प्रचंड को सौंप दिया। वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, मुझे सरकार के साथ अपना सहयोग जारी रखना अनुचित लगता है। जेएसपी-नेपाल के प्रतिनिधि सभा में कुल 12 सदस्य थे। अब प्रतिनिधि सभा में पार्टी का संख्याबल घटकर पांच रह गया है, क्योंकि राय और छह अन्य सांसद और केंद्रीय समिति के 30 सदस्य नई पार्टी में शामिल हो गए हैं। गठबंधन सरकार के पास अब भी बहुमत है। जिसमें सीपीएन-यूएमएल के पास प्रतिनिधि सभा में 77, सीपीएन (माओवादी केंद्र) के पास 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के पास 21, नवगठित जनता समाजवादी पार्टी के पास सात और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के पास 10 सीट हैं।

### नेपाल के राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ने इस्तीफा दिया

**काठमांडू।** नेपाल के रष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार चिरंजीवी ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपये के नये नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। चिरंजीवी ने सोमवार को कहा कि मैंने एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के नाते टिप्पणियां की थीं, लेकिन कुछ मीडिया संस्थानों ने राष्ट्रपति पद की सम्मानित संस्था को विवाद में शामिल करने की कोशिश करते हुए मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। नये नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे क्षेत्र शामिल किये गए हैं।



# चीन के मुद्दे पर देश को गुमराह कर रही कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

● नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराना गलत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस चीन पर टिप्पणी करते समय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराती है, और ऐसे दिखाती है कि उसका कोई दोष नहीं है। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीनी अतिक्रमण को लेकर जयशंकर ने कहा कि चीन ने 1958 और 1962 में भारतीय जमीन पर कब्जा किया था और कुछ पर तो 1958 से पहले कब्जा किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा कि अपने ही बलों का मनोबल गिराना बहुत ही दुखद बात है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जब आप कहते रहते हैं कि चीन ने जमीन ले ली तो वह जमीन तो 1962 में ही चली गई थी। मैं देखता हूं कि देश को गुमराह करने की कोशिशें की जा रही हैं।

चीन और भारत के संबंधों में असहजता देखी जा रही है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी की घटना के बाद रिश्तों में गतिरोध आया जब चीनी और भारतीय सैनिक आपस में भिड़ गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए। तब से भारत-चीन संबंध असामान्य स्थिति में हैं और दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को तैनात किया है।



### निज्जर मामले में ऐसा कुछ मिला नहीं जो काम का हो

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा चौथी गिरफ्तारी किए जाने को लेकर सोमवार को कहा कि भारत को कभी ऐसा कुछ नहीं मिला जो उसकी जांच एजेंसियों के लिए विशिष्ट या काम का हो। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा के पास किसी भी हिंसा से संबंधित कोई ऐसा साक्ष्य या जानकारी है जो भारत में जांच के लिए प्रासंगिक है तो नई दिल्ली जांच के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रक्रिया के तहत जब विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया जाता है तो उनके मूल देश की सरकार या दूतावास को सूचित किया जाता है।

## जर्मनी में टेस्ला संयंत्र का विरोध करने वाले 23 लोग गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी के पूर्वी प्रांत ब्रैंडेनबर्ग की पुलिस ने नवनिर्मित टेस्ला संयंत्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक पांच मामलों में आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तारियां की गईं हैं। पुलिस और न्यायिक प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद सभी लोगों को रिहा कर दिया गया।

बयान में कहा गया कि यहां 8 से 12 मई तक कथित रूप से टेस्ला संयंत्र के खिलाफ हजारों लोगों ने कुल 18 विरोध प्रदर्शन किये, जिसमें 27 पुलिस अधिकारी घायल हो गये। बर्लिन के पास टेस्ला गीगाफैक्ट्री में बिजली के खंभे पर पांच मार्च को संदिग्ध आगजनी के हमले के बाद बिजली बाधित हो गई और उत्पादन रुक गया।

## पैराग्लाइडिंग



मनाली व लाहौल घूमने गए पर्यटकों ने ठंडे मौसम का खूब लुत्फ उठाया। एक पर्यटक मनाली के सोलंग वैली में पैराग्लाइडिंग करता हुआ। ● एजेंसी

# मालदीव की फिर मदद बॉण्ड की अवधि बढ़ाई

माले, एजेंसी

● पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाया

भारत ने सद्भावना दिखाते हुए मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाकर द्विपीय देश को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने का निर्णय लिया है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड की मियाद एक और वर्ष के लिए बढ़ा दी है।

मालदीव के राष्ट्रपति और चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के छह महीने पहले पदभार संभालने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बावजूद भारत सरकार ने यह निर्णय लिया। एसबीआई सरकारी स्तर पर इन सरकारी बॉण्ड का ग्राहक बनता है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार से बजटीय समर्थन हासिल करने के मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया। मालदीव सरकार ने सोमवार को भारत को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

विदेश मंत्री मूसा जमीर ने ट्वीट किया कि मैं पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। यह सद्भावना का एक सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता का प्रतीक है।

शोध | मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने किया खुलासा

# भारी बर्फबारी व बारिश बन सकती है भूकंप का कारण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पृथ्वी के गर्भ में टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने व दबाव से ही नहीं, बल्कि भारी बर्फबारी व बारिश भी विनाशकारी भूकंप का कारण हो सकती है। जापान के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों के ताजा शोध में इस जानकारी का खुलासा हुआ है।

ज्ञात है कि 1 जनवरी, 2024 को जापान के नोटो प्रायद्वीप पर आए भूकंप के बाद यह शोध किया गया। दरअसल 2020 के अंत में जापान के नोटो प्रायद्वीप पर एक के बाद एक भूकंप आना शुरू हो गया था। जिनका कारण जानने के लिए जलवायु को आधार बनाया गया। शोध में भूकंप और भारी बर्फबारी व बारिश की अवधि के बीच परस्पर संबंध पाया गया है। दरअसल बर्फ और बारिश से उपसतह चट्टान की दरारों में दबाव बढ़ जाता है, जो निरंतर भूकंप के निर्माण में योगदान देता है। सामान्य तौर पर माना जाता है कि भूकंप तब आते हैं जब पृथ्वी की सतह के नीचे हलचल होती है, जो टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने व भ्रंश के कारण घटित होते हैं। मगर नए शोध से पता चला है कि कई अन्य कारणों से भी भूकंप उत्पन्न हो सकते हैं। शोध में पिछले कुछ वर्षों में जापान में आए भूकंपों पर केंद्रित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार जापान के नोटो प्रायद्वीप के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में क्रस्टल भूकंपों का निरंतर आना आश्चर्यजनक है। यह क्षेत्र प्रशांत और फिलीपीन प्लेटों की प्लेट सीमाओं से बहुत दूर है। इस क्षेत्र में प्रति दिन सैकड़ों भूकंप आते है। जापान के द्वीपों में अंतर्देशीय क्रस्टल भूकंप मुख्य रूप से अपेक्षाकृत उथली गहराई पर होते हैं और भूकंप लगभग 15 किमी की गहराई पर शुरू होते हैं। शोधकर्ताओं ने 8 मई को साइंस एडवांसेज में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया है।



जापान से सटा समुद्री क्षेत्र।

### अन्य क्षेत्रों में भी प्रभाव डाल सकती है बर्फबारी व वर्षा

**नैनीताल।** शोधकर्ता वैज्ञानिक विलियम फ्रैंक के अनुसार इस शोध से पता चलता है कि पृथ्वी के अन्य हिस्सों में भारी बर्फबारी व बारिश भूकंपीय प्रभाव डाल सकती है। पर्यावरणीय घटनाएं भूमिगत तनाव की स्थिति को प्रभावित करती है। लिहाजा जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरी है।

### अन्य क्षेत्रों में भी प्रभाव डाल सकती है बर्फबारी व वर्षा

**नैनीताल।** शोधकर्ता वैज्ञानिक विलियम फ्रैंक के अनुसार इस शोध से पता चलता है कि पृथ्वी के अन्य हिस्सों में भारी बर्फबारी व बारिश भूकंपीय प्रभाव डाल सकती है। पर्यावरणीय घटनाएं भूमिगत तनाव की स्थिति को प्रभावित करती हैं। लिहाजा जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरी है।

# पूर्व जज ने पुलिस पर लगाया अनावश्यक कार्रवाई का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

● गंगोपाध्याय ने उच्च न्यायालय का किया रुख

पूर्व न्यायाधीश एवं पश्चिम बंगाल की तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पुलिस पर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर अनावश्यक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

गंगोपाध्याय जब अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे, उस समय एक प्रदर्शन के संबंध में उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का यह मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में इस मामले का जिक्र किया गया और उन्होंने निर्देश दिया कि याचिका पर सुनवाई मंगलवार को की जाएगी। गंगोपाध्याय के वकील राजदीप मजूमदार ने पुलिस पर दुर्भावनापूर्ण और अनावश्यक कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है।

गंगोपाध्याय 4 मई को जब अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे तब तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध किसी शिक्षक संगठन से जुड़े होने का दावा करने वाले कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जाने की कथित घटना सामने आई थी। गंगोपाध्याय के वकील ने दावा किया कि कुछ लोगों ने पूर्व मेदिनीपुर जिलाधिकारी कार्यालय के पास आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों का विरोध किया। मजूमदार ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश जिलाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे और उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है।